




संस्थापकः शहीद शिरोमणि लाला जगतनारायण जी, अमर शहीद रमेश चन्द्र जी एवं कलम के योद्धा अश्विनी कुमार जी

# पंजाब केसरी

युवा भारत युवा अखबार

PunjabKesari.com PunjabKesari.com @punjabkesaricom

गुरुवार 9 मई, 2024 ◆ दिल्ली ◆ तदनुसार 27 बैशाख 2081 LD ****

Punjab Kesari, Delhi
वर्ष : 41 / अंक : 129
मूल्य ₹ 4.50
16 नेपाली रुपए/हवाई जहाज से ₹ 10.00
पृष्ठ संख्या 12
Ph. : 011-30712200, 45212200


# अंबानी-अडाणी से कितना माल मिला?

## शहजादा बताए कि वह अब चुप क्यों है : पीएम मोदी का राहुल गांधी पर तीखा प्रहार

**पंजाब केसरी/हैदराबाद**





प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को आरोप लगाया कि पिछले पांच सालों से सुबह उठते ही 'अंबानी और अडाणी के नाम की माला जपने वाले कांग्रेस के शहजादे' ने उनसे 'कितना माल उठाया' है जो लोकसभा चुनाव घोषित होते ही उन्होंने उन्हें 'गाली देना' बंद कर दिया।उन्होंने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल का नाम लिए बगैर 'दाल में कुछ काला' होने की आशंका जताई कि कोई न कोई 'चोरी का माल टेम्पो भर-भर के 'आपने पाया है' और उन्हें देश को इसका जवाब देना पड़ेगा।

हैदराबाद से करीब 150 किलोमीटर दूर वेमुलावाड़ा में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने यह दावा भी किया कि देश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के बाद कांग्रेस और उसके 'इंडी' गठबंधन के घटक दलों का तीसरा 'फ्यूज' उड़ गया है। पीएम ने कहा कि मेरा देश मेरे देशवासियों का उनकी त्वचा के रंग के आधार पर अपमान बर्दाश्त नहीं करेगा और मोदी भी इसे कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे।' राहुल गांधी पर वार करते हुए मोदी ने कहा कि मैं आज एक गंभीर सवाल पूछना चाहता हूं...मुझे आज बहुत गुस्सा आ रहा है, अगर कोई मुझे गाली देता है तो मैं सह सकता हूं लेकिन 'शहजादा' के इस दार्शनिक ने इतनी बड़ी गाली दी है कि मैं गुस्से से भर गया हूं। उन्होंने सवाल किया कि क्या त्वचा के रंग से तय होगी देश के लोगों की क्षमता?

> ‘ त्वचा के रंग के आधार पर देश अपमान नहीं सहेगा, सुबह-शाम राहुल एक ही माला जपते थे, अब अम्बानी-अडानी को गाली देना बंद कर दिया ’

उन्होंने कहा कि मतदान के चार चरण शेष हैं और जनता के आशीर्वाद से भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) जीत की ओर बढ़ रहा है। मोदी ने कहा, ''आपने देखा होगा। कि कांग्रेस के शहजादे (राहुल गांधी की ओर इशारा करते हुए) पिछले पांच साल से सुबह उठते ही माला जपना शुरु करते थे। लेकिन जब से उनका राफेल वाला मामला ग्राउंडड हो गया तब से एक नई माला जपना शुरु किया। पांच साल से एक ही माला जपते थे। पांच उद्योगपति... फिर धीरे-धीरे कहने लगे... अंबानी, अडाणी... पांच साल से... लेकिन जब से चुनाव घोषित हुआ है इन्होंने अंबानी अडाणी को गाली देना बंद कर दिया।'' उन्होंने कहा, ''जरा ये शहजादे घोषित करे कि इस चुनाव में अंबानी अडाणी से कितना माल उठाया है? काले धन के कितने बोरे भर के रुपये मारे हैं? क्या टेम्पो भर के नोट कांग्रेस के लिए पहुंचे हैं क्या? क्या सौदा हुआ है कि आपने रातों-रात अंबानी, अडाणी को गाली देना बंद कर दिया? जरूर दाल में कुछ काला है। पांच साल तक अंबानी, अडाणी को गाली दी और रातों रात गालियां बंद हो गई।

### जाति, धर्म, रंग के आधार पर भारत को बांट रही कांग्रेस



**हमीरपुर :** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी के मेंटर द्वारा भारतीयों को चीनी, अफ्रीकन, अरब और अंग्रेज कहना बेहद शर्मनाक और अपमानजनक है। इससे एक बार फिर स्पष्ट होता है की कांग्रेस ने कभी पूरे भारत को एक नहीं माना बल्कि हमेशा टुकड़ों में देखा है। (पढ़ें पृष्ठ-3 पर)

## विवाद के बाद पित्रौदा का कांग्रेस से इस्तीफा



ओवरसिस कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने विवादित बयान देने पर मचे बवाल के बाद कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया। कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने एक इंटरव्यू के दौरान भारत में विविधता और लोकतंत्र के बारे में बात करते हुए कहा कि भारत में पूर्व के लोग चीनी जैसे लगते हैं तो दक्षिण में लोग अफ्रीकी लगते हैं। उन्होंने कहा कि हम दुनिया में लोकतंत्र का एक शानदार उदाहरण हैं। हम भारत जैसे विविधतापूर्ण देश को एक साथ रख सकते हैं, जहां पूर्व में लोग चीनी जैसे दिखते हैं, पश्चिम में लोग अरब जैसे दिखते हैं, उत्तर में लोग शायद श्वेत जैसे दिखते हैं और दक्षिण में लोग अफ्रीका जैसे दिखते हैं। कांग्रेस के महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा,सैम पित्रोदा द्वारा भारत की विविधताओं को जो उपमाएं दी गई हैं, वह अत्यंत गलत व अस्वीकार्य हैं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस इन उपमाओं से अपने-आप को पूर्ण रूप से अलग करती है। विरासत कर सम्बन्धी उनके बयान पर भी सियासी तूफान खड़ा हुआ था तब भी कांग्रेस ने उनके बयान से पल्ला झाड़ लिया था।

## राहुल का पलटवार : अडानी-अम्बानी ने 'टैम्पो' में पैसा भेजा है तो जांच कराएं

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चुनौती दी कि वह इस बात की जांच सीबीआई या ईडी से कराएं कि क्या उद्योगपति अडाणी और अंबानी ने उनकी पार्टी को ''टेम्पो से पैसा भेजा'' है। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी की उस टिप्पणी पर पलटवार किया, जिसमें मोदी ने एक चुनावी रैली में कांग्रेस नेता पर हमला करते हुए कहा था कि उन्होंने (राहुल) अपने हमलों में अडाणी और अंबानी का नाम लेना क्यों बंद कर दिया है और क्या उन्हें इसके बदले में इन उद्योगपतियों से पैसा मिला है। राहुल गांधी ने आक्रामक तेवरों के बीच एक वीडियो भी जारी करके पीएम पर तंज कसे और कहा पूरा देश जानता है कि भाजपा भ्रष्टाचार में लिप्त है और भ्रष्टाचार के स्टैम्पों का ड्राइवर और खलासी कौन है। राहुल गांधी ने कहा- सरकारी एजेंसियों से ही जांच कराइए सब कुछ सामने आ जाएगा। राहुल गांधी ने सवाल किया कि टैम्पो में पैसे को लेकर क्या यह आपका व्यक्तिगत अनुभव है। इसे लेकर ईडी और सीबीआई से जांच करवा ही लेनी चाहिए। **(पढ़ें पृष्ठ-2 पर)**

### पीएम बेकार की बातों पर फुलटॉस खेलते हैं



**कांग्रेस** महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बेकार की बातों पर फुलटॉस खेलते हैं। कांग्रेस नेता कहा कि प्रधानमंत्री कभी भी काम की बातों पर फुलटॉस नहीं खेलतें। प्रियंका ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री को चैलेंज करती हूं की वह रोजगार, महंगाई और महिला अत्याचार के मुद्दे पर फुलटॉस खेलें। फिर मैं मानूगीं की कोई खेला। बतातें चलें कि कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा नस्लीय बयान पर प्रधानमंत्री ने कांग्रेस और राहुल गांधी को कटघरे में खड़ा किया है। **(पढ़ें पृष्ठ-3 पर)**

## सैनी सरकार गिराने के लिए कांग्रेस को समर्थन देने को तैयार जेजेपी

**पंजाब केसरी/चंडीगढ़**

- हरियाणा की भाजपा सरकार अल्पमत में है



जननायक जनता पार्टी (जजपा) के नेता दुष्यंत चौटाला ने बुधवार को कहा कि अगर विपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा राज्य की नायब सैनी सरकार को गिराने का प्रयास करते हैं तो उनकी पार्टी इस कदम का समर्थन करने पर पूरी तरह विचार करेगी। पूर्व उप मुख्यमंत्री चौटाला का यह बयान तीन निर्दलीय विधायकों द्वारा सैनी सरकार से समर्थन वापस लेने के एक दिन बाद आया। भाजपा सरकार को दो अन्य निर्दलीय विधायकों का समर्थन प्राप्त है। पार्टी 90 सदस्यीय सदन में बहुमत के आंकड़े से दो अंक पीछे है। चौटाला ने हिसार में संवाददाताओं से कहा, ''मैं विपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा को बताना चाहता हूं कि विधानसभा में मौजूदा संख्या को देखते हुए अगर इस सरकार को लोकसभा चुनाव के दौरान गिराने के लिए कोई कदम उठाया जाता है तो हम इसमें उनका समर्थन करने पर पूरी तरह विचार करेंगे।'' उन्होंने कहा, ''अब कांग्रेस को सोचना है कि वह भाजपा सरकार को गिराने के लिए कदम उठाती है या नहीं।''

### जेजेपी लिखित में दे तो राष्ट्रपति शासन की मांग करेंगे



**जेजेपी** के अध्यक्ष दुष्यंत चौटाला के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि यदि दुष्यंत चौटाला उनके साथ देना ही चाहते हैं तो लिखित में दें। दुष्यंत चौटाला की जननायक जनता पार्टी भाजपा की बी टीम है जब उन्होंने समझौता तोड़ा तभी यह साबित हो गया था। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि जेजेपी के लिखकर देने के बाद ही वह राज्यपाल से मिलेंगे और राज्य में राष्ट्रपति शासन की मांग करेंगे।

## एयर इंडिया के पायलट एक साथ 'बीमार' : उड़ानें रद्द

**पंजाब केसरी/नई दिल्ली**



- 300 कर्मियों ने एक साथ दिया सिकलीव का मैसेज और जिसके चलते 82 उड़ानें रद्द, कम्पनी को माफी भी मांगनी पड़ी

एयर इंडिया एक्सप्रेस ने अपनी 82 से अधिक उड़ान रद्द कर दी हैं और उसकी कई उड़ानों में देरी हुई है क्योंकि टाटा समूह के स्वामित्व वाली विमानन कंपनी में कथित कुप्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन के तौर पर बड़ी संख्या में चालक दल के सदस्यों ने बीमार होने की सूचना दी है। लगभग 300 कर्मियों ने सिकलीव का मैसेज दिया और छुट्टी पर चले गए। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

एयर इंडिया एक्सप्रेस में एआईएक्स कनेक्ट (पूर्ववर्ती एयरएशिया इंडिया) के विलय की प्रक्रिया चल रही है। कंपनी को मार्च के अंतिम सप्ताह में शुरू हुई ग्रीष्मकालीन अवधि में रोजाना 360 उड़ानों का परिचालन करना है। एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक प्रवक्ता ने बताया कि कंपनी चालक दल के सदस्यों द्वारा बीमार होने की सूचना देने के संबंध में कारणों का पता लगाने के लिए उनसे बातचीत कर रही है। कंपनी ने उड़ानें रद्द होने या इनमें देरी के लिए खेद जताया। पिछले कुछ समय से, खासतौर पर विलय की प्रक्रिया शुरू होने के बाद से इसके चालक दल के कुछ सदस्यों में असंतोष व्याप्त है। सूत्रों ने बुधवार को बताया कि एयरलाइन के कथित कुप्रबंधन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के तौर पर चालक दल के 300 से अधिक सदस्यों ने बीमार होने की सूचना दी है। विमान कर्मियों की कमी की वजह से मंगलवार रात से अब तक 80 से अधिक उड़ान रद्द करनी पड़ी हैं और बड़ी संख्या में उड़ानों में देरी हुई है। कोच्चि, कालीकट तथा बेंगलुरू समेत अनेक हवाईअड्डों पर कंपनी का विमान परिचालन अवरुद्ध हो गया है। सूत्रों ने बताया कि घरेलू उड़ानों के साथ ही अंतरराष्ट्रीय विमानों के अचानक से रद्द होने के कारण कुछ हवाईअड्डों पर अफरा-तफरी की स्थिति देखी गई। **(पढ़ें पृष्ठ-4 पर)**

### आरएमएल अस्पताल में घूस कांड, 2 डाक्टरों सहित 9 गिरफ्तार

**(पढ़ें पृष्ठ-7 पर)**

## शाकाहारी थाली महंगी, मांसाहारी सस्ती

**मुंबई,** (पंजाब केसरी): प्याज और टमाटर की बढ़ती कीमतों ने अप्रैल में शाकाहारी थाली की औसत लागत में लगभग 8% की वृद्धि की है। क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिसिस की मासिक 'रोटी चावल दर' रिपोर्ट के अनुसार, दूसरी ओर ब्रॉयलर की कीमत में गिरावट ने मांसाहारी भोजन की कीमत में कमी आई है। रोटी, सब्जियां (प्याज, टमाटर और आलू), चावल, दाल, दही और सलाद को शामिल करने वाली थाली की कीमत अप्रैल में बढ़कर 27.4 रुपये प्रति प्लेट हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 25.4 रुपये प्लेट थी और मार्च, 2024 के 27.3 रुपये की तुलना में मामूली रूप से अधिक है।

## शाह का फर्जी वीडियो बनाने वाला मुख्य आरोपी रेड्डी अरेस्ट

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : गृहमंत्री अमित शाह का फर्जी वीडियो मामले में दिल्ली पुलिस ने कांग्रेस की सोशल मीडिया टीम के राष्ट्रीय समन्वयक अरुण रेड्डी को गिरफ्तार किया है। सूत्रों का कहना है कि पुलिस को संदेह है कि शाह का फर्जी वीडियो बनाने वाला यही मुख्य आरोपी है। पुलिस ने आरोपी को गत तीन मई को पश्चिमी दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। **(पढ़ें पृष्ठ-7 पर)**





पंजाब किंग्स VS रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
धर्मशाला: शाम 7.30 बजे से

**बड़ा कदम** उपलब्ध टीकों की अधिक संख्या को बताया वजह

## एस्ट्राजेनेका ने कोविशील्ड वैक्सीन वापस ली

**पंजाब केसरी/नई दिल्ली**





ब्रिटेन की प्रमुख औषधि निर्माता कंपनी एस्ट्राजेनेका ने दुनियाभर से अपने कोविड-19 रोधी टीके वापस मंगाने शुरू कर दिए हैं।कंपनी ने कुछ दिन पहले यह स्वीकार किया था कि उसके टीकों के कारण खून के थक्के जमने और प्लेटलेट कम होने के मामले सामने आए हैं।एस्ट्राजेनेका ने सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) के साथ मिलकर भारत को कोविशील्ड टीकों की आपूर्ति की थी।

कंपनी ने एक बयान में कहा कि महामारी के बाद से उपलब्ध टीकों की अधिक संख्या को देखते हुए इन्हें वापस मंगाने की प्रक्रिया शुरू की गई है।एस्ट्राजेनेका ने कोविड-19 टीके विकसित करने के लिए ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के साथ साझेदारी की थी। इन टीकों को भारत में कोविशील्ड और यूरोप में 'वैक्सजेवरिया' के नाम से बेचा गया था।

बयान में कहा गया है, "चूंकि कई प्रकार के कोविड -19 टीके विकसित हो चुके हैं, इसलिए उपलब्ध टीकों की संख्या अधिक है। इससे 'वैक्सजेवरिया' की मांग में गिरावट आई है, जिसका उत्पादन या आपूर्ति अब नहीं की जा रही है।"कंपनी ने कहा, "अब हम इस अध्याय को समाप्त करने और कोविड-19 महामारी में महत्वपूर्ण योगदान के लिए एक स्पष्ट मार्ग पर आगे बढ़ने को लेकर नियामकों और हमारे भागीदारों के साथ काम करेंगे।"

**साइड इफेक्ट्स को लेकर उठा था विवाद :** इससे पहले, वैश्विक मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, एस्ट्राजेनेका ने स्वीकार किया था कि उसकी कोविड-19 वैक्सीन के बहुत ही दुर्लभ दुष्प्रभाव हो सकते हैं। इस पर विवाद खड़ा हो गया था। कंपनी ने दुष्प्रभावों का जिक्र किए बिना कहा था, वैश्विक महामारी को समाप्त करने में वैक्सजेवरिया ने जो भूमिका निभाई, उस पर हमें अविश्वसनीय रूप से गर्व है। स्वतंत्र अनुमान के अनुसार टीकों का इस्तेमाल शुरू होने के बाद के पहले वर्ष में 65 लाख से अधिक लोगों की जान बचाई गई और दुनियाभर में तीन अरब से अधिक खुराकों की आपूर्ति की गई।" कंपनी ने कहा, "हमारे प्रयासों को दुनिया भर की सरकारों ने मान्यता दी है और इन्हें व्यापक रूप से वैश्विक महामारी को समाप्त करने का एक महत्वपूर्ण घटक माना जाता है।"

## केजरीवाल की जमानत पर फैसला कल



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): उच्चतम न्यायालय कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत को लेकर 10 मई को अपना आदेश सुनाएगा। गिरफ्तारी के खिलाफ केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई कर रही पीठ की अध्यक्षता करने वाले न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने कहा, "हम शुक्रवार को अंतरिम आदेश (अंतरिम जमानत पर) सुनाएंगे। गिरफ्तारी को चुनौती देने से जुड़े मुख्य मामले पर उस दिन सुनवाई भी होगी।' आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। **(पढ़ें पृष्ठ-2 पर)**

> रिश्ते तोड़ने में क्षण भर लगता है, किन्तु रिश्ते जोड़ने में वर्षों लग जाते हैं।
> -स्वामी विवाकानन्द






आदित्य नारायण चोपड़ा
adityachopra@punjabkesari.com


## शिक्षक भर्ती घोटाला : मानवीय पहलू

**सुप्रीम** कोर्ट ने कलकत्ता हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी है जिसमें उसने पश्चिम बंगाल में 25753 शिक्षकों और गैर शिक्षक स्टाफ की नियुक्ति को रद्द कर दिया था और सीबीआई को घोटाले की जांच करने की अनुमति दे दी थी। कलकत्ता हाईकोर्ट ने यह भी आदेश दिया था कि भर्ती किए गए लोगों से दिया गया वेतन भी वसूला जाए। अब सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को जांच जारी रखने को तो कहा है लेकिन साथ ही यह भी आदेश दिया कि किसी भी अधिकारी या उम्मीदवार के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई न की जाए। शीर्ष अदालत ने यह फैसला मानवीय आधार पर लिया है। उसने कहा है कि सरकारी नौकरियां बेहद कम हैं। अगर नियुक्तियों पर सवाल उठने लगे तो सिस्टम में क्या बचेगा? लोगों का विश्वास ही खत्म हो जाएगा। यह सिस्टेमैटिक फ्रॉड का मामला है। पश्चिम बंगाल में शिक्षक भर्ती घोटाले को लेकर काफी तूफान पहले ही उठ चुका है। वर्ष 2014 में पश्चिम बंगाल के कर्मचारी चयन आयोग ने शिक्षक भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया था। भर्ती प्रक्रिया 2016 में शुरू हुई थी लेकिन आवेदकों ने गड़बड़ी के आरोप लगाते हुए कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका दायर कर दी थी।

आरोप लगाया गया था कि भर्ती प्रक्रिया में धांधली की गई। नम्बर कम होने के बावजूद नौकरियां दी गईं। जबकि नौकरी पाने वाले ज्यादातर लोगों ने टीईटी भी क्लीयर नहीं किया था। 5 साल तक चली सुनवाई के बाद मई 2022 में हाईकोर्ट ने सीबीआई को भर्ती की जांच के आदेश दिए। धीरे-धीरे कई खुलासे होने लगे। भर्ती के लिए 5 से 15 लाख तक की रिश्वत लिए जाने के आरोप भी लगाए गए। ईडी ने इस मामले की जांच मनी लांड्रिंग के एंगल से की तो तत्कालीन ममता सरकार के मंत्री पार्थ चटर्जी और उनकी करीबी अर्पिता मुखर्जी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी से पहले ईडी ने पार्थ चटर्जी के ठिकानों समेत 14 जगहों पर छापेमारी की थी। चटर्जी के ठिकानों पर छापेमारी के दौरान ईडी को अर्पिता मुखर्जी की प्रॉपर्टी के दस्तावेज मिले थे। जब पार्थ चटर्जी से अर्पिता के बारे में पूछा गया तो उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इसके बाद ईडी के रडार पर अर्पिता मुखर्जी आ गईं। जब ईडी ने अर्पिता के फ्लैट पर छापा मारा तो उन्हें वहां से करीब 21 करोड़ रुपए कैश, 60 लाख की विदेशी करेंसी, 20 फोन और अन्य दस्तावेज मिले। अर्पिता एक मॉडल हैं। वे बंगला और ओडिशा फिल्मों में छोटे-मोटे रोल करती रही हैं।

मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी ने पार्थ चटर्जी को मंत्रिमंडल से हटा दिया था। बाद में पार्थ चटर्जी तृणमूल कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। देश के कई राज्यों में ऐसे ही भर्ती घोटाले हो चुके हैं। 2013 में हरियाणा में हुए जेबीटी शिक्षक भर्ती घोटाले में तत्कालीन मुख्यमंत्री इंडियन नैशनल लोकदल के अध्यक्ष ओमप्रकाश चौटाला समेत 55 लोगों को दोषी करार दिया गया था। ओमप्रकाश चौटाला तो अपनी सजा भी पूरी कर चुके हैं। उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह यादव के कार्यकाल में हुई शिक्षक भर्ती प्रक्रिया को मायावती शासन ने अनियमितता का आरोप लगाते हुए रद्द कर दिया था। मध्य प्रदेश में हुए व्यापमं घोटाले को तो खूनी घोटाला करार दिया। इस घोटाले में लिप्त अनेक आरोपियों की या तो संदिग्ध मौत हुई या फिर उन्होंने आत्महत्या कर ली। कई राज्यों में शिक्षकों की भर्ती के अलावा पटवारी भर्ती, व्यापार मंडल भर्ती और कई प्रकार की भर्तियों में घोटाले हुए।

उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री के भाई की नियुक्ति को लेकर भी खूब किरकिरी हुई थी। सरकार में मंत्री और सरकारी विभागों में नियुक्त उच्चाधिकारियों की सांठगांठ से यह लोग अपनी जेबें तो भर लेते हैं मगर इसका खामियाजा उन प्रतिभाशाली युवाओं को भुगतना पड़ता है जो कड़ी मेहनत से तैयारी करते हैं। मगर उनका हक कोई और मार ले जाता है। कई घोटालों में पाया गया कि जिन लोगों ने भर्ती परीक्षा दी ही नहीं उन्हें भी नौकरी दे दी गई। कम अंक पाने वाले भी वरीयता क्रम में सबसे ऊपर पहुंच गए। वैसे तो सरकारी विभागों में खाली पड़े विभागों को लम्बे समय तक भरा ही नहीं जाता। अगर उन्हें भरने की प्रक्रिया शुरू की जाती है तो भर्ती के लिए आयोजित परीक्षा का पर्चा ही लीक हो जाता है। कोई ऐसा राज्य नहीं है जहां सरकारी भर्तियों में रिश्वतखोरी और पक्षपात के मामले उजागर न हुए हों। चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए भी उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं को आवेदन करना पड़ रहा है और एक-दो पदों के लिए हजारों की संख्या में बेरोजगार आवेदन कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल सरकार के शिक्षक घोटाले से राज्य सरकारों को सबक लेने की जरूरत है। इतने घोटालों के बावजूद भी कोई ऐसी व्यवस्था नहीं बनाई गई जो भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी और विश्वसनीय बना सके। नियुक्तियां बिना पर्ची और बिना खर्ची के ही होनी चाहिए तभी सरकारों की साख बनी रहेगी। यद्यपि शीर्ष अदालत ने हजारों कर्मचारियों और उनके परिवारों के भरण-पोषण के मानवीय पहलू को देखते हुए फैसला दिया है लेकिन सवाल यही है कि भर्ती घोटाले रुकेंगे कब?

# नफे राठी हत्याकांड पर सीबीआई एक्शन में




**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली के समीप बहादुरगढ़ में फरवरी में अज्ञात बंदूकधारियों द्वारा की गयी इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) की हरियाणा इकाई के अध्यक्ष नफे सिंह राठी एवं एक पार्टी कार्यकर्ता की हत्या की जांच अपने हाथों में ले ली । अधिकारियों ने यह जानकारी दी।इस हमले में राठी के तीन निजी सुरक्षाकर्मी भी घायल हो गये थे। हमलावरों ने पूर्व विधायक राठी की गाड़ी पर गोलीबारी की थी।अधिकारियों ने बताया कि हरियाणा सरकार की सिफारिश पर सीबीआई ने इस संबंध में फिर से यह मामला दर्ज किया है। उन्होंने कहा कि 26 अप्रैल की एक अधिसूचना के मार्फत केंद्र द्वारा यह मामला सीबीआई के पास भेजी गयी थी।अधिकारियों के मुताबिक सीबीआई ने इस मामले में पूर्व भाजपा विधायक नरेश कौशिक समेत सात आरोपियों को नामजद किया है। अन्य छह आरोपी करमबीर राठी, रमेश राठी, सतीश राठी, गौरव राठी, राहुल एवं कमल हैं।अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में आपराधिक साजिश, हत्या तथा भादसं की अन्य संबंधित धाराओं के तहत आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। अज्ञात हमलावरों ने 25 फरवरी को राठी (67) की गाड़ी पर गोलियां चलायी थीं। इस हमले में राठी और इनेलो के कार्यकर्ता जय किशन की मौत हो गयी थी।

# जंगल की आग इंद्र देवता नहीं बुझा सकते

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- उत्तराखंड के जंगलों में लगी आग आखिरकार कब शांत होगी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) उत्तराखंड के जंगलों में लगी आग के मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जतायी है। अदालत ने कहा है कि हम बारिश या क्लाउड सीडिंग के भरोसे हाथ पर हाथ धरे बैठे नहीं रह सकते हैं। सरकार को कारगर रूप से कुछ करना होगा। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ में सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने आग लगने की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताते हुए इन पर शीघ्र लगाम लगाने के लिए सरकार को आदेश देने को गुहार लगाई। याचिकाकर्ता ने कहा कि दो साल पहले भी एनजीटी में याचिका लगाई थी। लेकिन अब तक सरकार ने उस पर कोई कार्रवाई नहीं की है। इसलिए मुझे यहां आना पड़ा। 350 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं जिनमें 62 लोगों को नामजद किया गया है। 298 अज्ञात लोगों की पहचान को कोशिश जारी है।



### अदालत ने पूछा उत्तराखंड सरकार क्या कर रही है?

जस्टिस गवई ने कहा कि क्या हम इसमें सेंट्रल एंपावर्ड कमिटी को भी शामिल कर सकते हैं? सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड सरकार से कहा कि आपने देखा होगा कि मीडिया मे जंगलों मे आग की कैसी भयावह तस्वीरें आ रही हैं। क्या कर रही है राज्य सरकार? उत्तराखंड के जंगलों को आग को लेकर जस्टिस संदीप मेहता ने कहा कि हम बारिश और क्लाउड सीडिंग के भरोसे बैठे नहीं रह सकते ।सरकार कोआगे बढ़कर शीघ्र ही कारगर उपाय करने होंगे। उत्तराखंड सरकार ने कहा कि अभी दो महीने आग का सीजन रहता है। हर चार साल में जंगल की आग का भीषण दौर आता है।इसके बाद अगले साल कम फिर और कम घटनाएं होती जाती है।चौथे साल ये फिर काफी ज्यादा होती हैं। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में हमें देखना होगा कि केंद्रीय उच्चाधिकार समिति को कैसे शामिल किया जा सकता है।अब कोर्ट 15 मई को अगली सुनवाई करेगा।

# केजरीवाल की जमानत केस में कल फैसला

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): उच्चतम न्यायालय कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत को लेकर 10 मई को अपना आदेश सुनाएगा।

गिरफ्तारी के खिलाफ केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई कर रही पीठ की अध्यक्षता कर रहे वाले न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने कहा, "हम शुक्रवार को अंतरिम आदेश (अंतरिम जमानत पर) सुनाएंगे। गिरफ्तारी को चुनौती देने से जुड़े मुख्य मामले पर उस दिन सुनवाई भी होगी।"

न्यायमूर्ति खन्ना बुधवार को न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी के साथ एक अलग पीठ में बैठे थे। उन्होंने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू की ओर से केजरीवाल की याचिका को सूचीबद्ध किये जाने के मामले में पूछे जाने पर यह टिप्पणी की।



राजू तीन-सदस्यीय उक्त खंडपीठ के समक्ष वस्तु और सेवा कर से संबंधित एक मामले में केंद्र की ओर से पेश हुए थे। उन्होंने केजरीवाल की याचिका को सूचीबद्ध किये जाने को लेकर स्पष्टीकरण मांगा था। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था और फिलहाल वह न्यायिक हिरासत के तहत तिहाड़ जेल में बंद हैं।

# जीएसटी वसूली के लिए केंद्र जबरदस्ती, धमकी का तरीका न अपनाए: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : उच्चतम न्यायालय ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की वसूली के लिए कारोबारियों के खिलाफ तलाशी और जब्ती अभियानों के दौरान 'धमकी और जोर-जबरदस्ती' का इस्तेमाल न करने का केंद्र सरकार को निर्देश देते हुए बुधवार को कहा कि उन्हें स्वेच्छा से बकाया चुकाने के लिए मनाया जाए।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने कहा कि जीएसटी कानून के तहत ऐसा कोई प्रावधान नहीं है जो अधिकारियों को बकाया राशि के भुगतान के लिए बल के इस्तेमाल का अधिकार देता हो। शीर्ष अदालत की यह पीठ जीएसटी अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों का परीक्षण कर रही है। यह स्वैच्छिक होना चाहिए और किसी भी तरह की धमकी या जबरिया कार्रवाई का इस्तेमाल नहीं






किया जाना चाहिए।'' केंद्र की तरफ से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने जीएसटी वसूली के दौरान अतीत में बल प्रयोग होने की आशंका को खारिज न करते हुए कहा कि तलाशी और जब्ती के दौरान ज्यादातर भुगतान स्वैच्छिक ही हुए हैं। उन्होंने जीएसटी अधिनियम पर चली लंबी सुनवाई में कहा, ''वसूली के दोनों तरीकों की संभावना है लेकिन ज्यादातर भुगतान स्वेच्छा से या वकील से परामर्श कर

### क्या कहा पीठ ने

पीठ ने कहा, ''तलाशी और जब्ती के दौरान किसी भी व्यक्ति को कर देनदारी का भुगतान करने के लिए बाध्य करने की इस अधिनियम के तहत कोई शक्ति नहीं है। अपने विभाग से कहें कि भुगतान स्वेच्छा से किया जाना चाहिए और किसी भी बल का इस्तेमाल नहीं होना चाहिए।आपको कथित अपराधी को सोचने-समझने, सलाह लेने और देनदारी पूरी करने के लिए तीन-चार दिन का समय देना होगा।

कुछ दिनों के बाद किए जाते हैं। हां, अतीत में कुछ उदाहरण हो सकते हैं लेकिन यह मानक नहीं है।''

इस पर पीठ ने कहा कि कई याचिकाकर्ताओं ने अधिकारियों पर तलाशी और जब्ती अभियान के दौरान धमकी और जबरदस्ती करने के आरोप लगाए हैं।

# 'लिव इन रिलेशनशिप' भारतीय संस्कृति के लिए कलंक : छ.ग. हाईकोर्ट

**बिलासपुर,** (पंजाब केसरी) छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने 'लिव इन रिलेशनशिप' को भारतीय संस्कृति के लिए कलंक बताते हुए मुस्लिम पिता और हिंदू माता से उत्पन्न बच्चे के संरक्षण का अधिकार पिता को देने से इनकार कर दिया। उच्च न्यायालय के अधिकारियों ने बताया कि न्यायालय में न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी और न्यायमूर्ति संजय एस. अग्रवाल की खंडपीठ ने पहले से विवाहित अब्दुल हमीद सिद्दीकी (43) और 36-वर्षीया एक हिंदू महिला के 'लिव इन रिलेशनशिप' से जन्म लिये एक बच्चे के संरक्षण का अधिकार पिता (सिद्दीकी) को देने से इनकार कर दिया है। खंडपीठ ने कहा है, ''समाज के कुछ वर्गों में 'लिव इन रिलेशनशिप' भारतीय संस्कृति में कलंक के रूप में जारी है। इस तरह का संबंध एक आयातित धारणा है, जो भारतीय रीति की सामान्य अपेक्षाओं के विपरीत है।' अदालत ने कहा है, ''एक विवाहित



व्यक्ति के लिए 'लिव इन रिलेशनशिप' से बाहर आना बहुत आसान है और ऐसे मामलों में उक्त कष्टप्रद 'लिव इन रिलेशनशिप' में धोखा खा चुकी महिला की वेदनीय स्थिति और उक्त रिश्ते से उत्पन्न संतानों के संबंध में अदालत अपनी आंखें बंद नहीं कर सकती है।' उच्च न्यायालय ने दो अलग-अलग धर्मावलंबियों के बीच के ऐसे रिश्ते की पृष्ठभूमि में स्पष्ट किया कि व्यक्तिगत कानून के प्रावधानों को किसी भी अदालत के समक्ष तब तक वैध ठहराने की दलील नहीं दी जा सकती जब तक कि इसे (कानूनी) प्रथा के रूप में पेश और साबित नहीं किया जाता है।

# देश जानता है कि भाजपाई भ्रष्टाचार के टैम्पो ड्राइवर और खलासी कौन है : राहुल

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने पीएम के अंबानी-अडाणी से कितना माल मिलने संबंधी बयान को लेकर जोरदार पलटवार किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए गांधी ने एक वीडियो संदेश में पूछा कि क्या मोदी उद्योगपतियों द्वारा भेजे जा रहे पैसों के बारे में अपने ''व्यक्तिगत अनुभव'' के आधार पर बोल रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने दो उद्योगपतियों को जितने पैसे दिए हैं, कांग्रेस पार्टी विभिन्न योजनाओं के जरिए भारत की जनता को उतना पैसा देगी, जिसका पार्टी ने वादा



किया है। उन्होंने दावा किया कि देश जानता है कि भाजपा के भ्रष्टाचार के टेम्पो का 'ड्राइवर' और 'खलासी' कौन है। गांधी ने वीडियो संदेश में कहा कि मोदी जी, क्या आप थोड़ा डरे हुए हैं? आम तौर पर आप बंद कमरे में अडाणी और अंबानी के बारे में बात करते हैं, लेकिन पहली बार आपने सार्वजनिक रूप से अडाणी और अंबानी के बारे में बात की है। उन्होंने कहा कि तो आप ये भी जानते हैं कि वे टेम्पो में पैसे देते हैं। क्या यह आपका व्यक्तिगत अनुभव है? कांग्रेस नेता ने कहा कि एक काम करिये - सीबीआई (केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो), ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) को उनके पास भेजिये और पूरी जांच करिये।

### मोदी अपने मित्रों पर ही कर रहे हैं हमला



**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को दावा किया कि देश में तीन चरणों के चुनाव के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कुर्सी 'डगमगा रही है' और उन्होंने अपने ही 'मित्रों' पर हमला शुरू कर दिया है। इसके साथ ही उन्होंने जोर दिया कि यह चुनाव परिणामों के 'असली रुझान' को दर्शाता है। खड़गे ने 'एक्स'' पर एक पोस्ट में कहा, ''वक्त बदल रहा है। दोस्त दोस्त ना रहा! तीन चरणों के चुनाव पूरे हो जाने के बाद आज प्रधानमंत्री अपने मित्रों पर ही हमलावर हो गए हैं। इससे पता चल रहा है कि मोदी जी की कुर्सी डगमगा रही है। यही परिणाम के वास्तविक रुझान हैं।"

# आतंकी हमले का सीसीटीवी फुटेज आया सामने...



**जम्मू-कश्मीर,** (पंजाब केसरी): जम्मू कश्मीर के पुंछ में वायु सेना के काफिले पर हुए आतंकी हमले का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। इस घटना में शामिल आतंकियों की तस्वीरें कैमरे में कैद हो गई है। दरअसल, 4 मई को शाम छह बजे के करीब स्टूडेंट कोर्ट इलाके में पीपुल्स एंटी-फासिस्ट फ्रंट के आतंकियों ने घात लगाकर वायु सेना के काफिले पर हमला किया, जिसमें वायु सेना का एक जवान शहीद और चार जवान गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सुरक्षा बलों की ओर से आतंकियों की तलाश को लेकर पिछले पांच दिनों से लगातार सर्च ऑपरेशन जारी है। जंगलों में चप्पे-चप्पे पर छानबीन जारी है, लेकिन, अभी तक हमले में शामिल आतंकियों का कोई सुराग नहीं लग सका है। इसी बीच भारतीय सेना को उन आतंकियों की तस्वीर हाथ लगी है, जिन आतंकियों ने इस हमले को अंजाम दिया था। दरअसल, इलाके में सेना की ओर से लगाए गए सीसीटीवी में इन आतंकियों की तस्वीर कैद हुई है। जिसे भारतीय सेना ने जारी किया है, ताकि स्थानीय जनता को अगर इनके बारे में कोई जानकारी पता लगे तो वह सुरक्षा बलों को साझा कर सकें।

# गुरुग्राम में ईनामी बदमाश से मुठभेड़ में फायरिंग

**गुरुग्राम,** (पंजाब केसरी): हरियाणा पुलिस ने बुधवार को गुरुग्राम-टौरू रोड पर मुठभेड़ के बाद एक 'वांछित अपराधी' को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उनके मुताबिक, हरियाणा के चरखी दादरी जिले के खेरी बूरा गांव का 24 वर्षीय सौरभ उर्फ 'संदू' हत्या और डकैती समेत छह मामलों में वांछित था। अधिकारियों के अनुसार, बार गुर्जर गांव के पास आरोपी ने पुलिस दल पर गोलियां चलाईं, जिसके जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई जो उसके पैर में लगी। उन्होंने बताया कि उसके पास से एक मोटरसाइकिल, एक पिस्तौल और पांच कारतूस जब्त किये गये। सहायक पुलिस आयुक्त (अपराध) वरुण दहिया के मुताबिक, सौरभ की आवाजाही की सूचना मिलने पर सड़क पर एक अवरोधक लगाया गया था और जब पुलिस दल ने उसे रोकने की कोशिश की तो आरोपी ने गोलियां चला दीं।



# नगरपालिकाओं के सदस्यों को मनमाने तरीके से नहीं हटा सकते

- नगरपालिका बिल्कुल जमीनी स्तर के लोकतंत्र की इकाई है
- उच्चतम न्यायालय ने महाराष्ट्र के तत्कालीन शहरी विकास मंत्री के उस फैसले को रद्द कर दिया

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि नगरपालिकाओं के चयनित सदस्यों को लोक सेवकों या उनके राजनीतिक आकाओं की मर्जी से सिर्फ इसलिए नहीं हटाया जा सकता कि तंत्र को उनसे परेशानी हो रही है। शीर्ष अदालत ने कहा कि नगरपालिका बिल्कुल जमीनी स्तर के लोकतंत्र की इकाई है। न्यायमूर्ति सूर्य कांत की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि किसी नगरपालिका के चयनित सदस्य अपने रोजमर्रा के काम में समुचित सम्मान और स्वायत्तता के हकदार हैं। खंडपीठ में न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा भी शामिल थे।

उच्चतम न्यायालय ने महाराष्ट्र के तत्कालीन शहरी विकास मंत्री के उस फैसले को रद्द कर दिया जिसमें उन्होंने नगरपालिकाओं के पार्षदों/पदाधिकारियों को हटा दिया था। उसने कार्रवाई को पक्षपातपूर्ण, अन्यायपूर्ण और अप्रासंगिक अवधारणाओं पर आधारित बताया। एक याचिकाकर्ता पर महाराष्ट्र नगरपालिका परिषद, नगर पंचायत एवं औद्योगिक नगरी अधिनियम, 1965 के प्रावधानों के उल्लंघन और अनुमति से ज्यादा घरों के निर्माण का आरोप लगाया गया था। कलेक्टर की जांच में आरोप सही पाये गये और आरोपी को कारण बताओ नोटिस भेजा गया।

# सचिवालय में मंत्री के पीएस के चैंबर से लाखों बरामद

- ईडी को टेबल के दराज में रुपयों के बंडल मिले
- संजीव लाल टेंडर मैनेज कर कमीशन वसूलता है

**रांची,** (पंजाब केसरी): ईडी ने झारखंड सरकार के मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव कुमार लाल के सचिवालय स्थित चैंबर से भी लाखों रुपए बरामद किए हैं। बुधवार को संजीव कुमार लाल और उनके घरेलू सहायक जहांगीर आलम को रिमांड पर लेने के बाद ईडी की टीम उन्हें लेकर सचिवालय पहुंची। उनकी मौजूदगी में उनके चैंबर की तलाशी ली। उनके टेबल के दराज में रुपयों के बंडल मिले। ईडी की टीम ने दफ्तर के कागजात भी खंगाले हैं। तलाशी के दौरान ईडी के एडिशनल डायरेक्टर कपिल राज भी थोड़ी देर के लिए मौजूद रहे।

बता दें कि इसके पहले सोमवार और मंगलवार को रांची में एक दर्जन से भी ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी में ईडी ने 37.37 करोड़ रुपये बरामद किए हैं। इसमें से जहांगीर आलम के फ्लैट से 32.20 करोड़, संजीव लाल की पत्नी की कंपनी में पार्टनर बिल्डर मुन्ना सिंह के घर से 2.93 करोड़, संजीव लाल के घर से 10.50 लाख और एक कांट्रेक्टर राजीव सिंह के फ्लैट से डेढ़ करोड़ रुपए मिले। ईडी ने संजीव लाल और जहांगीर आलम को रिमांड पर लेने के लिए कोर्ट में जो आवेदन दिया था, उसमें कहा गया है कि झारखंड के ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओ में 15 प्रतिशत की दर से वसूली होती है। संजीव लाल टेंडर मैनेज कर कमीशन वसूलता है और इस रकम का बड़ा हिस्सा बड़े अफसरों और राजनीतिज्ञों तक जाता है। यह तय माना जा रहा है कि कई अन्य अफसर और नेता इस मामले में ईडी के रडार पर आएंगे। मंत्री आलमगीर आलम को भी समन करने की तैयारी चल रही है।

# बंगाल सरकार की याचिका की योग्यता पर फैसला सुरक्षित

- ममता सरकार ने सीबीआई जांच पर दी थी चुनौती

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पश्चिम बंगाल सरकार की उस याचिका की योग्यता पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया जिसमें राज्य सरकार की अनुमति के बिना केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के चुनाव बाद हिंसा के मामलों में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू करने को चुनौती दी गई है।

न्यायमूर्ति बी.आर. गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने संविधान के अनुच्छेद 131 के तहत दायर बंगाल सरकार की याचिका की योग्यता पर केंद्र सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और राज्य सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की दलीलों की सुनवाई पूरी की।

पश्चिम बंगाल सरकार ने अपनी याचिका में दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम 1946 का हवाला दिया और कहा कि केंद्रीय एजेंसी ने जांच शुरू करने और एफआईआर दर्ज करने से पहले राज्य सरकार की अनुमति नहीं ली है, जो इस कानून के तहत जरूरी है। दूसरी तरफ, केंद्र सरकार ने शीर्ष अदालत के समक्ष तर्क दिया कि राज्य सरकार किसी भी मामले में सीबीआई जांच की अनुमति से इनकार करने के लिए निर्देश जारी नहीं कर सकती।

# दीवार गिरी, सात मजदूरों की मौत

**हैदराबाद,** (पंजाब केसरी):ग्रेटर हैदराबाद में भारी बारिश से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश के कारण दीवार ढह गई, जिसके नीचे दबकर चार साल के बच्चे समेत सात प्रवासी मजदूरों की मौत हो गई।पुलिस ने बताया कि यह घटना मंगलवार रात मेडचल मल्काजगिरी जिले के बाचुपल्ली में रेणुका येलम्मा कॉलोनी में एक निर्माणाधीन अपार्टमेंट में हुई। बुधवार सुबह तक चले अभियान में बचावकर्मियों ने मलबे से शव बरामद किए।मृतकों की पहचान तिरुपति राव (20), शंकर (22), राजू (25), राम यादव (34), गीता (32), हिमांशु (4) और खुशी के रूप में हुई।मृतक ओडिशा और छत्तीसगढ़ के निर्माण श्रमिक थे।



# 12 राशियां और आपका दिन



Forecast for 09 May, 2024
By: Dr. Prem Kumar Sharma
(Astrologer, Palmist, Numerologist & Vastu Consultant)
Email: psharma@premastrologer.com,
Url: http://www.premastrologer.com
Contact: Panchkula: +91-172-2562832, 2572874
Delhi: +91-11-47033152/40532026




**मेष ARIES** (21 मार्च- 20 अप्रैल) कोई आपको हेल्दी लाइफस्टाइल के लिए मोटिवेट करेगा।ऑनलाइन पेमेंट ट्रांसफर करते समय सावधान रहें।काम में लापरवाही बरतने से सीनियर्स गुस्सा हो सकते हैं।पार्टनर के सामने थोड़ा मैच्योर बनने की कोशिश करें। **लकी नंबर- 6, लकी कलर- पर्पल**

**वृषभ TAURUS** (21 अप्रैल- 20 मई) छोटी-मोटी स्वास्थ्य समस्या परेशान कर सकती है। जब तक मन ना मानें, किसी बड़ी जगह निवेश ना करें।होम मेकर्स घर पर कुछ बदलाव कर सकते हैं। **लकी नंबर- 8, लकी कलर- नेवी ब्लू**

**मिथुन GEMINI** (21 मई- 21 जून) एक्टिव लाइफस्टाइल से हेल्थ और शेप अच्छी रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होने से खुशी मिलेगी। प्रोपर्टी बेचने वाले लोगों को अच्छा ग्राहक मिलने की उम्मीद है। **लकी नंबर- 22, लकी कलर- गोल्डन**

**कर्क CANCER** (22 जून- 22 जुलाई) फिटनेस प्रोग्राम के अच्छे रिजल्ट आपको देखने को मिलेंगे। कुछ समय से चली आ रही फाइनेंशियल प्रॉब्लम्स दूर होगी। रिश्तों में प्यार और मिठास से रिलेशनशिप में मजबूती आएगी। **लकी नंबर- 9, लकी कलर- रेड**

**सिंह LEO** (23 जुलाई- 23 अगस्त) फिट रहने के लिए रेगुलर वर्कआउट और हेल्दी डाइट लें। शिक्षा संबंधित शंकाएं दूर करने के लिए बड़ों की मदद लें। किसी खास शख्स का ध्यान आकर्षित करने में कामयाबी मिलेगी। **लकी नंबर- 11, लकी कलर- व्हाइट**

**कन्या VIRGO** (24 अगस्त- 23 सितंबर) आकर्षक डील में अच्छा धनलाभ होने की उम्मीद है। आईटी और हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री से जुड़े लोगों के लिए दिन शुभ है। अकेडमिक फ्रंट पर सिचुएशन आपके अनुकूल रहेगी। जीवनसाथी आपके लिए कोई सरप्राइज प्लान कर सकता है। **लकी नंबर- 4, लकी कलर- ग्रे**

**तुला LIBRA** (24 सितंबर- 23 अक्टूबर) अच्छी शेप पाने के प्रयास सफल होते नजर आएंगे। कुछ बड़ी स्कीम में अपना पैसा इन्वेस्ट कर सकते हैं। बिजनेसपर्सन को बड़ा कॉन्ट्रैक्ट मिलने की उम्मीद है। दोस्तों संग लॉन्ग ड्राइव पर जा सकते हैं। पार्टनर के साथ फ्यूचर को लेकर प्लानिंग कर सकते हैं। **लकी नंबर- 7, लकी कलर- पीच**

**वृश्चिक SCORPIO** (24 अक्टूबर-22 नवंबर) खराब आदतों से दूरी बनाने पर हेल्थ अच्छी रहेगी। अच्छी इनकम होने पर खुलकर खर्च करेंगे। ऑफिस में आ रही समस्या को समझदारी से दूर कर देंगे। अचानक किसी खास शख्स से मुलाकात कर अच्छा लगेगा। **लकी नंबर- 22, लकी कलर- क्रीम**

**धनु SAGITTARIUS** (23 नवंबर- 21 दिसंबर) हेल्थ के मामले में आज खुद को खुशनसीब महसूस करेंगे। कोई वस्तु खरीदने का मन करेगा, लेकिन फिजूल खर्च से बचे। कुछ लोग अपने करियर में बदलाव कर सकते हैं। **लकी नंबर- 17, लकी कलर- सैफ्रॉन**

**मकर CAPRICORN** (22 दिसंबर-21 जनवरी) आपकी संपत्ति में नई चीजें शामिल हो सकती है। फिटनेस पर ध्यान देने से स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। पुरानी अटकी पेमेंट बहुत जल्द मिल सकती है। साथी संग प्लान कुछ समय के लिए पोस्टपोंड हो सकते हैं। **लकी नंबर- 6, लकी कलर- डार्क ग्रीन**

**कुंभ AQUARIUS** (22 जनवरी- 19 फरवरी) शिक्षा के क्षेत्र में परिस्थितियां बेहतर होती नजर आएगी। आलस दूर करने के लिए फिटनेस प्रोग्राम जॉइन करें। अच्छी आमदनी से आर्थिक तौर पर संतुष्टि मिलेगी। बिना तैयारी के लंबी यात्रा पर ना निकलें। **लकी नंबर- 4, लकी कलर- मैजेंटा**

**मीन PISCES** (20 फरवरी- 20 मार्च) जल्द खानदानी संपत्ति आपको मिल सकती है। संपर्क बढ़ाने से प्रोफेशनली आपको फायदा होगा। डेली वर्कआउट से आप फिट और एनर्जेटिक रहेंगे। घर पर कोई गुड न्यूज सुनने को मिल सकती है। जीवनसाथी के साथ अपनी फीलिंग्स शेयर कर सकते हैं। **लकी नंबर- 7, लकी कलर- सिल्वर**

# राजस्थान में शिक्षक मोबाइल बैन




- मंत्री ने कहा स्कूल में शिक्षक दिन भर मोबाइल में शेयर मार्केट और न जाने क्या-क्या देखते रहते हैं
- पूजा-नमाज के लिए भी लेनी होगी छुट्टी

**जयपुर,** (पंजाब केसरी): राजस्थान के स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो, इसके लिए शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कई दिशा-निर्देश जारी किए हैं। शिक्षा मंत्री की ओर से जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार स्कूल आवर के दौरान शिक्षक पूजा पाठ करने या फिर नमाज अदा करने के लिए स्कूल छोड़कर नहीं जा सकते। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने शिक्षकों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि स्कूल के समय के दौरान पूजा करने या फिर नमाज पढ़ने के नाम पर कोई भी टीचर स्कूल न छोड़े। अगर किसी को जाना है तो वह छुट्टी लेकर जाए। छुट्टी लेकर जाने वाले शिक्षकों को रजिस्टर में दर्ज करना होगा कि उसने छुट्टी ली है। उन्होंने कहा कि अगर कोई शिक्षक बिना सूचना दिए स्कूल छोड़ कर जाता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ऐसे शिक्षकों को निलंबित या फिर बर्खास्त किया जा सकता है।

स्कूल में ड्यूटी के दौरान शिक्षकों द्वारा मोबाइल फोन के इस्तेमाल करने पर उन्होंने आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि स्कूल में शिक्षक दिन भर मोबाइल में शेयर मार्केट और न जाने क्या-क्या देखते रहते हैं। मोबाइल फोन में शिक्षकों के उलझे रहने से बच्चों की पढ़ाई का नुकसान होता है। मोबाइल एक बीमारी जैसा हो गया है। इसी को ध्यान में रखते हुए हमने फैसला लिया है कि स्कूल में कोई भी शिक्षक मोबाइल लेकर नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर कोई शिक्षक गलती ले फोन लेकर चला जाता है तो वह उसे अपना मोबाइल प्रिंसिपल के पास जमा कराना होगा।

# बेंगलुरु पुलिस ने नड्डा को भेजा सम्मन

**बेंगलुरु,** (पंजाब केसरी): लोकसभा चुनाव के बीच बेंगलुरु पुलिस ने बुधवार को पार्टी की कर्नाटक राज्य इकाई द्वारा एक्स पर पोस्ट किए गए एक विवादास्पद वीडियो को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रमुख जेपी नड्डा और भाजपा के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय को नोटिस जारी किया है।

भाजपा के दोनों नेताओं को सात दिनों के भीतर बेंगलुरु पुलिस के सामने पेश होने के लिए कहा है। बता दें कि दोनों नेताओं को ये नोटिस उस एनिमेटेड क्लिप के संबंध में भेजा गया है जिसे लेकर रविवार को बेंगलुरु के हाई ग्राउंड्स पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कराई गई है। इस क्लिप में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा दलितों, आदिवासियों और अन्य पिछड़े वर्गों की अनदेखी करते हुए मुसलमानों को धन वितरित करने का व्यंग्यपूर्ण वर्णन दिखाया गया था।

# महिला अपहरण में रेवन्ना 14 तक न्यायिक हिरासत में

**बेंगलुरु,**(पंजाब केसरी): अपहरण के आरोपों का सामना कर रहे कर्नाटक के जद (एस) विधायक और पूर्व मंत्री एच.डी. रेवन्ना को बुधवार को यहां एक मजिस्ट्रेट अदालत ने 14 मई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। साथ ही, सत्र अदालत के समक्ष उनकी जमानत याचिका पर बृहस्पतिवार को सुनवाई तय की गई है।चार दिनों की पुलिस हिरासत पूरी होने के बाद, जद (एस) के संरक्षक और पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के बेटे 66 वर्षीय रेवन्ना को अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया।अदालत ने उन्हें 14 मई तक सात दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस के मुताबिक, रेवन्ना को एक महिला के अपहरण के कथित मामले में विशेष जांच दल ने हिरासत में लिया था। महिला के बेटे की शिकायत पर पूर्व मंत्री के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। पुलिस के मुताबिक शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया था कि विधायक के बेटे और सांसद प्रज्वल रेवन्ना ने उसकी मां का यौन उत्पीड़न किया था। महिला को बाद में मुक्त कराया गया।









# 'इंडिया' गठबंधन सत्ता में आया तो राम मंदिर में 'बाबरी' नाम का ताला लगाएगा



**लखीमपुर खीरी/हरदोई ,**(पंजाब केसरी): केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव के बाद यदि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की सरकार बनी तो अयोध्या के राम मंदिर पर 'बाबरी' नाम का ताला लगा दिया जायेगा। शाह ने खीरी सीट से भाजपा उम्मीदवार अजय मिश्रा 'टेनी' के समर्थन में आयोजित एक चुनावी जनसभा में 'इंडिया' गठबंधन के प्रमुख घटक दल समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता राम गोपाल यादव के एक बयान का जिक्र किया और कहा, रामगोपाल यादव राम मंदिर को बेकार बताते हैं। मेरी बात याद रखना। जरा भी गलती की तो ये लोग राम मंदिर पर 'बाबरी' नाम का ताला लगा देंगे। शाह ने कांग्रेस पर राम मंदिर के मुद्दे को 70 साल तक लटकाने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि मोदी जी को जब आपने दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया तो उन्होंने न केवल राम जन्मभूमि से जुड़ा कानूनी विवाद जीता बल्कि भूमि पूजन भी किया और प्राण प्रतिष्ठा करके जय श्री राम कर दिया। प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण विपक्ष के सभी नेताओं को दिया गया लेकिन वह नहीं गए क्योंकि वह अपने वोट बैंक से डरते हैं।

## पाक की गोली का जवाब तोप के गोले से देते हैं

अमित शाह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मतलब पाकिस्तान से चलने वाली हर गोली का जवाब तोप के गोले से देना है। शाह ने कांग्रेस पर पड़ोसी देश के एजेंडा को आगे बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में, यह निर्णय लिया गया है कि चुनाव के बाद प्रधानमंत्री कौन होगा, लेकिन विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन में इस मुद्दे पर फैसला लिया जाना बाकी है। शाह ने कहा कि उनके नेताओं का कहना है कि वे एक-एक कर प्रधानमंत्री बनेंगे।

## राहुल बाबा जरा अपना ट्रैक रिकार्ड देखो

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा, राहुल बाबा कहते हैं कि हम एक झटके में गरीबी मिटा देंगे। राहुल बाबा आप अपना ट्रैक रिकार्ड देखो। आपकी दादी (भूतपूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी) ने एक झटके में आपातकाल लगाया। पिताजी (भूतपूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी) ने एक झटके में 'तीन तलाक' को फिर से लागू कर दिया और आपकी पार्टी ने एक झटके में पिछड़े समाज का आरक्षण छीनने का काम किया है। यह बात सभी पिछड़ा वर्ग के लोगों को समझनी चाहिए।

# तथ्यों के आधार पर नहीं बोल रहे मोदी, अपने भाषणों में कर रहे 'कल्पना' का इस्तेमाल

**रायबरेली,**(पंजाब केसरी): कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने बुधवार को इस बात पर जोर दिया कि देश के लोग बदलाव चाहते हैं और वे 'झूठ' से तंग आ चुके हैं। प्रियंका गांधी ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पिछले कुछ समय से अपने भाषणों में अपनी कल्पना का भरपूर इस्तेमाल कर रहे हैं और वह तथ्यों के आधार पर नहीं बोल रहे हैं। प्रियंका गांधी की यह टिप्पणी प्रधानमंत्री मोदी के इस दावे के एक दिन बाद आई है कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो वह राम मंदिर पर उच्चतम न्यायालय के फैसले को ठीक उसी तरह पलट देगी जिस प्रकार राजीव गांधी सरकार ने शाहबानो मामले में 1985 के ऐतिहासिक फैसले को पार्टी की तुष्टीकरण की राजनीति के तहत पलट दिया था। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने उत्तर प्रदेश के रायबरेली क्षेत्र में प्रचार अभियान के



- प्रियंका बोली जनता चाहती है बदलाव

दौरान पीटीआई-भाषा के साथ एक विशेष साक्षात्कार में प्रधानमंत्री मोदी को बेरोजगारी, महंगाई और किसानों की परेशानी के मुद्दों पर बोलने की चुनौती दी। प्रियंका गांधी के भाई राहुल गांधी रायबरेली लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेरा आकलन है कि लोग बदलाव चाहते हैं। मैं जहां भी जाती हूं, मुझे प्रतीत होता है कि लोग अब झूठ से तंग आ चुके हैं। वे मीडिया और राजनीतिक मंचों पर होने वाली चर्चा के स्तर से आजिज आ गए हैं। लोग चाहते हैं कि उनकी समस्याओं पर चर्चा हो, वे समाधान चाहते हैं, वे जानना चाहते हैं कि सरकार ने बेरोजगारी दूर करने के लिए क्या किया है?,

## राहुल गांधी के बारे में झूठ फैला रही भाजपा

**कांग्रेस** महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बुधवार को आरोप लगाया कि भाजपा की पूरी मशीनरी ही राहुल गांधी के खिलाफ झूठ फैलाने में लगी हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी धर्म, जाति और मंदिर-मस्जिद के बारे में बात करती है लेकिन लोगों से जुड़े वास्तविक मुद्दों के बारे में बात नहीं करती। भाई राहुल गांधी के लिए प्रचार कर रहीं प्रियंका ने कहा कि रायबरेली के लोग नेताओं को अच्छी तरह समझते हैं। रायबरेली के थुलवासा में एक नुक्कड़ सभा में उन्होंने कहा, जब उन्हें इंदिरा जी की कोई नीति पसंद नहीं आई तो उन्होंने उन्हें भी हरा दिया। इंदिरा गुस्सा नहीं हुईं बल्कि आत्ममंथन किया। आपने उन्हें दोबारा चुना। यह रायबरेली के लोगों की खासियत है कि वे नेताओं को समझते हैं। आपको मालूम होगा कि राहुल गांधी ने कितना संघर्ष किया है। वह हमारे देश में एक ऐसे इंसान हैं जिनके बारे में भाजपा की पूरी मशीनरी ने हर तरीके से गलत बातें और झूठ फैलाया।

# अगले 15 वर्षों में भारत से गरीबी हो जाएगी समाप्त : राजनाथ



**भवानीपटना/ओडिशा,**(पंजाब केसरी): रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को दावा किया कि अगले 10-15 वर्षों में भारत से गरीबी पूरी तरह खत्म हो जाएगी और यह 'मोदी की गारंटी' है। सिंह ने यहां कालाहांडी जिला मुख्यालय शहर में भाजपा की 'विजय संकल्प' रैली को संबोधित करते हुए यह बात कही। कहा, पंडित जवाहरलाल नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी और मनमोहन सिंह तक सभी कांग्रेस नेताओं ने गरीबी खत्म करने का वादा किया है, लेकिन वे सभी विफल रहे हैं। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हालांकि गरीबी को खत्म करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मोदी के नौ साल के शासन के दौरान लगभग 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर आने का उल्लेख करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि यह भाजपा का दावा नहीं है, बल्कि नीति आयोग की रिपोर्ट है। किसी भी पिछली सरकार ने ऐसा कभी नहीं किया, जैसा मोदी ने पिछले नौ वर्षों में किया है। अगले पांच वर्षों में भारत में कोई भी परिवार ऐसा नहीं होगा जिसके पास पक्का घर, पाइप से पीने का पानी और रसोई गैस कनेक्शन नहीं होगा। कालाहांडी की स्थिति को याद करते हुए, भाजपा नेता ने कहा कि गैर सरकारी संगठनों के लोग कालाहांडी आ रहे थे और 'गरीबी पर्यटन' पर लेख लिख रहे थे, क्योंकि यह जगह भूख, भूख से मौत और गरीबी के लिए जानी जाती थी। उन्होंने कहा, केंद्र में हालांकि मोदी सरकार के नौ वर्ष के शासन के दौरान चीजों में व्यापक बदलाव आया है। अगर केंद्र गरीब लोगों के लिए एक रुपये भेजता था तो जमीनी स्तर पर लाभार्थी तक केवल 15 पैसे ही पहुंच रहे थे। हालांकि, मोदी के जनधन खाते और बैंक में प्रत्यक्ष अंतरण प्रक्रिया से भ्रष्टाचार खत्म हो गया और लोगों को केंद्र द्वारा भेजा गया पैसा मिल रहा है।



तेलंगाना के वेमुलावाड़ा में बुधवार को श्रीराज राजेश्वर स्वामी मंदिर में पूजा करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी।

## लोकसभा चुनाव 'संविधान मंथन' है

# एक तरफ रक्षक तो दूसरी तरफ भक्षक : अखिलेश



**शाहजहांपुर,**(पंजाब केसरी): समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव संविधान मंथन का चुनाव है जिसमें एक तरफ संविधान के रक्षक हैं तो दूसरी तरफ उसके भक्षक। यादव ने यहां एक चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के अभी तक हुए तीन चरणों में जनता ने सपा और 'इंडिया' गठबंधन को जोरदार समर्थन दिया है। पहले चरण से भाजपा के खिलाफ जो हवा चली थी उसने इस पार्टी को पलट दिया है और जो 'झूठ के शहंशाह' हैं, उनके खिलाफ मतदान कर-करके उनका सफाया करने का काम किया। मौजूदा लोकसभा चुनाव संविधान मंथन का चुनाव है जिसमें एक तरफ संविधान के रक्षक हैं तो दूसरी तरफ उसके भक्षक हैं। यह चुनाव देश के संविधान, लोकतंत्र और गरीबों, वंचितों का आरक्षण बचाने का चुनाव है। यादव ने कहा कि जनता के लिये अब भाजपा से हिसाब करने का वक्त आ गया है। पिछले 10 साल का हिसाब-किताब निकालें तो भाजपा के लोगों की हर बात झूठी निकलेगी।

## होशियारपुर से बसपा उम्मीदवार आप में शामिल



**चंडीगढ़,** ](पंजाब केसरी): होशियारपुर लोकसभा सीट से बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार राकेश सुमन बुधवार को पार्टी छोड़कर आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। वह चंडीगढ़ में सीएम भगवंत मान की मौजूदगी में 'आप' में शामिल हुए। वर्तमान में केंद्रीय मंत्री सोम प्रकाश यहां से प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। भाजपा ने इस सीट से उनकी पत्नी अनीता सोम प्रकाश को मैदान में उतारा है, जबकि कांग्रेस ने यामिनी गोमर को, आप ने कांग्रेस से आए राज कुमार चब्बेवाल को उम्मीदवार बनाया है और शिरोमणि अकाली दल ने पूर्व मंत्री सोहन सिंह टी. को टिकट दिया है।

# हिमाचल में अब तक केवल 3 महिलाएं पहुंची लोकसभा

- इस बार केवल 2 महिलाएं मैदान में

**शिमला,** (पंजाब केसरी): पिछले 72 सालों में हिमाचल प्रदेश से महज तीन महिलाएं ही लोकसभा पहुंच पायी हैं तथा इस बार भी चुनाव मैदान में महज दो महिला प्रत्याशी ही हैं। राज्य में कुल मतदाताओं में से करीब 49 प्रतिशत महिलाएं हैं। अब तक लोकसभा पहुंचने में सफल रहीं तीन प्रत्याशी राजकुमारी अमृत कौर, चंद्रेश कुमारी और प्रतिभा सिंह राजपरिवारों से हैं। इस बार, केवल भाजपा और बसपा ने राज्य में चार लोकसभा सीटों पर एक जून को होने वाले चुनाव के लिए महिलाओं को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा ने अभिनेत्री कंगना रनौत को मंडी से और बसपा ने रेखा रानी को कांगड़ा से चुनाव मैदान में उतारा है। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के प्रमुख रमेश चौहान ने कहा, सामान्य पृष्ठभूमि की महिलाओं द्वारा राजनीति में ऊंचाई पर पहुंचना और अपने लिए एक जगह बना पाना अब भी देश में एक बड़ी चुनौती है तथा हिमाचल प्रदेश कोई अपवाद नहीं है। फिलहाल राज्य में कुल मतदाताओं में से 49 प्रतिशत मतदाता महिला हैं लेकिन प्रतिनिधित्व एक चौथाई भी नहीं है और यह गंभीर चिंता का विषय है। राजनीति विज्ञान का अध्यापन करने वाले कमल मनोहर शर्मा का कहना है कि राज्य में महिलाओं का दर्जा ऊंचा रहा है और महिलाओं के लिए आरक्षण लाये जाने से पहले ही मंडी, किन्नौर और कांगड़ा जिलों में महिला प्रधान निर्वाचित हुई हैं।

## रूपाला ने फिर मांगी क्षत्रिय समाज से माफी



**राजकोट** , (पंजाब केसरी): केंद्रीय मंत्री और राजकोट लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार परषोत्तम रूपाला ने पूर्ववर्ती राजपूत शासकों पर अपनी कथित अपमानजनक टिप्पणी के लिए क्षत्रिय समुदाय से माफी मांगी। इससे पहले भी समुदाय से माफी मांग चुके हैं। उन्होंने इस विवाद को अपने सार्वजनिक जीवन का सबसे कठिन समय बताया। यह माफी गुजरात में लोकसभा चुनाव संपन्न होने के एक दिन बाद आई है। रूपाला ने कहा कि वह अपनी टिप्पणी के कारण अपने सार्वजनिक जीवन के सबसे कठिन समय से गुजरे हैं और उन्होंने क्षत्रियों से उदारता दिखाने और उन्हें माफ करने का आग्रह किया। यह मेरी गलती थी और जो कुछ भी हुआ उसके लिए मैं पूरी तरह से जिम्मेदार था, लेकिन मेरी पूरी पार्टी इस विवाद में फंस गई।

## अनुराग का कांग्रेस पर प्रहार | मोदी सरकार ने बिना जाति धर्म देखे किया सबका विकास

# जाति, धर्म, रंग के आधार पर भारत को बांट रही कांग्रेस

**हमीरपुर,** (पंजाब केसरी): केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी के मेंटर द्वारा भारतीयों को चीनी, अफ्रीकन, अरब और अंग्रेज कहना बेहद शर्मनाक और अपमानजनक है। इससे एक बार फिर स्पष्ट होता है की कांग्रेस ने कभी पूरे भारत को एक नहीं माना बल्कि हमेशा टुकड़ों में देखा है। जाति, क्षेत्र और भाषा के नाम पर बांटने की नाकाम कोशिश के बाद अब कांग्रेस भारतीयों को उनके चमड़ी के रंग के आधार पर बांटना चाह रही है। कभी जातिवाद, कभी क्षेत्रवाद, कभी धार्मिक आधार पर भेद-भाव, कभी उत्तर-दक्षिण में बँटवारा, और अब भारत के निवासियों में रंगभेद आख़िर कांग्रेस भारत को बाँटने की राजनीति क्यों करती है? इन घिनौनी साज़िशों से कांग्रेस क्या हासिल करना चाहती है? धार्मिक आधार पर आरक्षण देश को स्वीकार नहीं है।



श्री अनुराग ठाकुर ने यह बातें आज हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में चुनावी दौरे के बीच मीडिया कर्मियों से वार्तालाप के दौरान कहीं। श्री अनुराग ठाकुर ने आज भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा जी के साथ ज़िला बिलासपुर में विशाल पन्ना प्रमुख सम्मेलन को संबोधित किया। इसके श्री अनुराग ठाकुर घुमारवीं में आयोजित एक स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इसके पश्चात उन्होंने हमीरपुर में 4 जनसभाएं की। श्री अनुराग ठाकुर ने पूछा कि आखिर राहुल गांधी के गाइड सैम पित्रोदा कब तक भारतीयों का यूं ही अपमान करते रहेंगे। कभी आप भारतीयों की संपत्ति हड़प कर अपने वोट बैंक को देने की बात करते हैं तो कभी भारतीयों की तुलना चीनियों और अफ्रीकियों से करते हैं। यह कैसी मानसिकता है?

- धार्मिक आधार पर आरक्षण देश को स्वीकार नहीं

श्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मूल मंत्र के साथ चली है। मोदी जी ने अपने विकास की योजनाओं में कभी नहीं पूछा कि कौन हिंदू है, कौन मुसलमान है, कौन सिख है और कौन ईसाई है। सभी को समान रूप से विकास का लाभ मिला है।

## भाजपा की संविधान बदलने की कोशिश करेंगे नाकाम: तेजस्वी

**रांची,** (पंजाब केसरी): राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने केंद्र में भाजपा की अगुवाई वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार पर संविधान बदलने और एससी, एसटी तथा ओबीसी श्रेणियों का 'आरक्षण छीनने' की कोशिश का आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी पार्टी ऐसे किसी भी प्रयास को नाकाम कर देगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार करने का भी आरोप लगाया।बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री ने छतरपुर में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के नेतृत्व वाला राजग भारत के संविधान को बदलना चाहता है लेकिन मैं वादा करता हूं कि कोई भी हमारे संविधान को नहीं बदल सकता और आपका आरक्षण नहीं छीन सकता।






**हवाई और रेल यात्रा बुरी तरह प्रभावित, एक तरफ एयर इंडिया के तमामकर्मी छुट्टी पर तो दूसरी ओर किसान सड़क से उठकर अब रेलवे ट्रैक पर बैठ गए**

# आने वाले दिनों में भी रद्द हो सकती हैं उड़ानें : एयर इंडिया सीईओ

**एयरलाइन के सीईओ ने एक्स पर पोस्टकर सहकर्मियों से बोले...**

**प्रगनेश सिंह**

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : एयर इंडिया एक्सप्रेस के उड़ानों के रद्द होने के मामले में अब सीईओ आलोक सिंह ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।


आलोक सिंह

चालक दल की समस्याओं के बीच एयर इंडिया एक्सप्रेस के सीईओ आलोक सिंह ने कहा अगले कुछ दिनों में उड़ानों की संख्या में और कटौती की जा सकती है। एयर इंडिया एक्सप्रेस के सीईओ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मंगलवार की शाम से हमारे केबिन क्रू के 100 सदस्यों ने बीमार पड़ने की जानकारी दी है। रोस्टर में फ्लाइट ड्यूटी लगने के बाद आखिरी मिनटों में यह जानकारी देने से हमारी उड़ानों का संचालन बुरी तरह से प्रभावित हुआ।एयर इंडिया एक्सप्रेस सीईओ ने कहा, कल शाम से, हमारे 100 से अधिक केबिन क्रू सहयोगियों ने अपनी निर्धारित उड़ान ड्यूटी से पहले, अंतिम समय में बीमार होने की सूचना दी है, जिससे हमारा



परिचालन गंभीर रूप से बाधित हो गया है। ऐसा अधिकतर एल1 भूमिका में नियुक्त सहकर्मियों द्वारा किया गया, इसलिए इसका बहुत अधिक प्रभाव पड़ा। जिससे 90 से अधिक उड़ानें बाधित हुईं। हालांकि अन्य सहकर्मियों ने ड्यूटी पर अपनी उपस्थिति दर्ज की।

एयर इंडिया एक्सप्रेस सीईओ ने कहा कि यह व्यवधान पूरे नेटवर्क में फैल गया है, जिससे हमें अगले कुछ दिनों में शेड्यूल में कटौती करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। क्रू की अनुपलब्धता से निपटने और शेड्यूल ठीक करने के लिए हमें ऐसा करना पड़ा है। उन्होंने कि कुछ कर्मचारियों के अचानक छुट्टी पर चले जाने की बात पर यह भी कहा कि जाहिर तौर यह कदम कंपनी के 2,000 से अधिक केबिन क्रू सहयोगियों का प्रतिनिधित्व नहीं करता है। हमारे कर्मी इस समय में भी अपने कर्तव्यों को पूरा कर रहे हैं और समर्पण व गर्व के साथ हमारे मेहमानों की सेवा कर रहे हैं। मैं उन सभी का आभारी हूं जो संकट की इस घड़ी में एयरलाइन के साथ खड़े हैं। आलोक सिंह ने कहा, परिचालन, नेटवर्क, वाणिज्यिक, हवाईअड्डा सेवाओं, आईओसीसी के सहकर्मी व्यवधानों के प्रभाव को कम करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। अगले कुछ दिनों के लिए उड़ानों में कटौती की जा रही है। कंपनी और समूह भर के सहकर्मियों ने संचालन में सहायता के लिए योगदान दिया है - हम सभी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने यदि ऐसी कोई चिंता है जिसे संबोधित करने की आवश्यकता है, तो कंपनी नेतृत्व किसी भी चर्चा के लिए उपलब्ध है। सभी संचार चैनल खुले हैं।

## गिड़गिड़ाते रहे यात्री, फिर भी नहीं मिला कोई समाधान

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एयर इंडिया एक्सप्रेस की 80 अधिक उड़ानें रद्द होने के बाद असहाय और नाराज यात्रियों ने बुधवार को देश के विभिन्न एयरपोर्ट पर एयर इंडिया और प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। हालात ये रहे कि जहां एक महिला आईजीआई एयरपोर्ट यह कहकर रोने लगी उसके पति का इलाज होना है, अगर वह नहीं जा पाई तो उनकी हालत और बदतर हो जाएगी। इसके अलावा कन्नूर से शारजाह के बीच यात्रा कर रही एक महिला यात्री अपनी दिक्कत बताते रो पड़ी। अपने पति और जुड़वां बच्चों के साथ यात्रा कर रही महिला ने कहा कि उसे 9 मई तक शारजाह पहुंचना है और नौकरी ज्वाइन करनी है। लेकिन एयरलाइन उसे कोच्चि से 10 मई को उड़ान की पेशकश कर रहे हैं। अगर 9 मई से पहले नहीं पहुंची तो बॉस कहेगा कि मैं न आऊं। इसके अलावा सोशल मीडिया पर कई वीडियो भी वायरल हो रहे हैं, जिसमें विरोध जताते हुए यात्री जवाब और विकल्प मांग रहे थे। सोशल मीडिया के एक्स प्लेटफार्म पर ट्वीट कर अमृता नामक महिला ने कहा मुझे आज सुबह लगभग 8 बजे मस्कट के लिए उड़ान भरनी थी, लेकिन मेरी उड़ान रद्द कर दी गई। मुझे तत्काल मस्कट के लिए निकलना पड़ा क्योंकि वहां एक चिकित्सीय आपात स्थिति थी। एयरलाइन कर्मचारियों के साथ बहस के बाद, मुझे कल के लिए टिकट प्रदान किया गया। यात्रियों को सूचित किया गया है कि 17 मई तक कोई टिकट नहीं है और 14 दिनों के बाद रिफंड भी प्रदान किया जाएगा। उसे अपने बीमार पति की देखभाल के लिए उड़ान भरनी थी। एक अन्य वीडियो में, एक बुजुर्ग यात्री ने शिकायत की कि कैसे उन्हें श्रीनगर के लिए अपनी उड़ान के बारे में कोई जानकारी नहीं थी और कैसे दिल्ली हवाई अड्डे पर बैठने और इंतजार करने के लिए कोई जगह नहीं थी। उन्होंने यात्रियों को बैठने और प्रतीक्षा करने के लिए पर्याप्त कुर्सियाँ भी उपलब्ध नहीं कराई हैं। यहां तक कि शौचालय भी बहुत दूर हैं। वहीं, उड़ान रद्द होने का खामियाजा जिन लोगों को भुगतना पड़ा उनमें डीपीएपी प्रमुख और पूर्व नागरिक उड्डयन मंत्री गुलाम नबी आजाद भी शामिल थे। उन्होंने कहा कि, मुझे सुबह निकलना था। लेकिन मैं यहां 3-4 घंटे बैठने के बाद अब इंडिगो की फ्लाइट से जा रहा हूं...अगर उड़ानें रद्द हुई थीं, तो उन्हें हमें सुबह ही सूचित करना चाहिए था। उन्होंने सभी को बेवकूफ क्यों बनाया?...एयर इंडिया को बंद कर देना चाहिए...एयर इंडिया की बुनियादी संस्कृति खराब है, इससे कुछ नहीं होगा।

## किसान आंदोलन के चलते दर्जनों ट्रेनें कैंसिल और डायवर्ट, यात्री हुए हलकान



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : उत्तर रेलवे के अंबाला डिवीजन में शंभू रेलवे स्टेशन पर किसानों का आंदोलन चल रहा है और किसान रेल की पटरियों पर बैठे हैं। इससे ट्रेनों का संचालन प्रभावित हो रहा है, जिसका असर दिल्ली समेत अन्य राज्यों पर पड़ रहा है। इसके चलते दर्जनों ट्रेनें कैंसिल, डायवर्ट या शॉर्ट टर्मिनेट कर दी गई हैं। इससे नियमित लाखों यात्री परेशान हो रहे हैं। वहीं कई ट्रेन अपने निर्धारित समय से 15 से 20 घंटे तक की देरी से चल रही हैं।

रेलवे अधिकारियों का कहना है कि शंभू रेलवे स्टेशन पर करीब तीन सप्ताह से किसानों का आंदोलन चल रहा है। इसका सीधा असर रेलवे पर पड़ रहा है। अंबाला डिवीजन की सबसे अधिक ट्रेनें प्रभावित हो रही हैं। जो ट्रेनें शंभू रेलवे स्टेशन होते हुए पंजाब व जम्मू कश्मीर जाती हैं, उन ट्रेनों का संचालन प्रभावित होने से यात्रियों को परेशानी हो रही है। किसानों आंदोलन का असर दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, जम्मू कश्मीर, उत्तर प्रदेश समेत अन्य राज्यों पर पड़ रहा है। इसे देखते हुए इस रूट से चलने वाली ट्रेनों को कैंसिल, डायवर्ट या शार्ट टर्मिनेट किया जा रहा है। दिल्ली से बड़ी संख्या में यात्री इस रूट से सफर करते हैं।

दिल्ली से पंजाब, जम्मू जाने वाली कुछ ट्रेनों को डायवर्ट करके चलाया जा रहा है। इससे समय ज्यादा लग रहा है। अधिकारियों के मुताबिक चार घंटे की जगह ट्रेनें 10 घंटे में गंतव्य पर पहुंच रही हैं। नई दिल्ली-जम्मू तवी, नई दिल्ली-कटरा एक्सप्रेस, दिल्ली सराय रोहिल्ला-जम्मू तवी एक्सप्रेस को जाखल- धुरी- लुधियाना के रास्ते गंव्य तक चलाया जा रहा है। वहीं दिल्ली-अमृतसर एक्सप्रेस, नई दिल्ली-अमृतसर शताब्दी एक्सप्रेस, नई दिल्ली-कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को अंबाला कैंट- चंडीगढ़- सरहिंद- सनेहवाल रेलवे स्टेशन के रास्ते चलाया जा रहा है। इसके अलावा अंबाला डिवीजन की कई ट्रेनों को गंतव्य से पहले तक ही चलाया जा रहा है। हालांकि दिल्ली से चलने वाली ट्रेनों को शार्ट टर्मिनेट नहीं किया गया है।

**इन ट्रेनों का नहीं हो पा रहा संचालन...**

दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस, दिल्ली सराय रोहिल्ला-मुंबई सेंट्रल, दिल्ली-फाजिल्का एक्सप्रेस, ऋषिकेश-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस, नई दिल्ली-अमृतसर एक्सप्रेस, दिल्ली-पठानकोट एक्सप्रेस, नई दिल्ली-जालंधर कैंट एक्सप्रेस समेत अन्य राज्यों से शंभू रेलवे स्टेशन के रूट से चलने वाली ट्रेनें कैंसिल चल रही हैं, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## डेयरी की हालत पर हाईकोर्ट सख्त कहा प्रशासन ने बंद कर रखी हैं आंखें

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): राजधानी दिल्ली में नियम और कानून का उल्लंघन कर चल रही डेयरियों को लेकर बुधवार को दिल्ली हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया और कहा कि इस मुद्दे पर प्रशासन ने आंख बंद कर रखी है। इस दौरान कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की खंडपीठ ने सवाल किया कि दिल्ली में डेयरियां वर्तमान में कानूनों का उल्लंघन करके कैसे काम कर रही हैं, उन्होंने कहा कि स्थिति को सुधारने के लिए संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। दरअसल, हाईकोर्ट एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें आरोप लगाया गया था कि दिल्ली में डेयरी




कॉलोनियां विभिन्न कानूनों का उल्लंघन कर रही हैं, जिन्हें सरकारी अधिकारियों द्वारा लागू किया जाना है। इससे पहले, कोर्ट ने दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव समेत अधिकारियों से जमीन की उपलब्धता की संभावना तलाशने को कहा था, जहां गाजीपुर और भलस्वा डेयरियों का पुनर्वास और स्थानांतरण किया जा सके। बुधवार को सुनवाई के दौरान मुख्य सचिव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कार्यवाही में शामिल हुए।

## क्या हमें देश में आपातकाल या मार्शल लॉ लगाना चाहिए: हाईकोर्ट

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): कथित दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल से सरकार चलाने की अनुमति देने की मांग वाली याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है। यही नहीं हाईकोर्ट ने इस मामले में याचिकाकर्ता पर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। इस दौरान याचिका पर नाराजगी जताते हुए दिल्ली हाईकोर्ट सवाल किया कि क्या हमें देश में आपातकाल या मार्शल लॉ लगाना चाहिए?।

हाईकोर्ट ने याचिका दाखिल करने वाले एक वकील पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाते हुए कहा कि याचिका सुनवाई योग्य नहीं है।कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन व न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की खंडपीठ ने कहा कि वह न तो मीडिया को अपने विचार प्रसारित न करने का निर्देश देकर सेंसरशिप लगा सकती है और न ही राजनीतिक विरोधियों को केजरीवाल के इस्तीफे की मांग करने वाले बयान देने से रोक सकती है। वकील की याचिका में मीडिया कवरेज को प्रतिबंधित करने और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर राजनीतिक दबाव को रोकने की मांग की गई थी।

याचिका को खारिज करते हुए खंडपीठ ने कहा कि हम प्रेस और राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक आदेश कैसे पारित कर सकते हैं? हम क्या करें? क्या हम आपातकाल या मार्शल लॉ लागू करें? हम प्रेस या राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों का मुंह कैसे बंद कर दें? आपकी प्रार्थना है क्या हम कहते हैं कि कोई भी मिस्टर ए या मिस्टर बी के खिलाफ नहीं बोलेगा।

## 'अक्षर कभी क्षर नहीं होते, जो पुस्तकें लिखी जाती हैं वे अमर होती हैं'

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): भारत पहले स्लेव इंडिया था, फिर हुआ फ्री इंडिया और अब न्यू इंडिया है। इन तीनों को अपने-अपने काल में समाज सुधारक चाहिए थे। अगर उन समाज सुधारकों से सीख कर अपने मन में हम राष्ट्रप्रेम का भाव नहीं ला पाते हैं, तो यह सबसे बड़ी कमी है। यह शब्द दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहे। प्रो. सिंह दिल्ली विश्वविद्यालय के कान्वेंशन हाल में एक पुस्तक विमोचन समारोह में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ के. एल. जोहर की दो पुस्तकों "इंडियाज़ ग्रेटेस्ट रिफॉर्मर्स - 51 एक्स्ट्राऑर्डिनरी स्टोरीज़' और "थ्री स्टैलर रिवॉल्यूशनरीज हू रैटल्ड ब्रिटिश इंडिया' का लोकार्पण किया गया। प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि कहा कि "अक्षर कभी क्षर नहीं होते', जो पुस्तकें लिखी जाती हैं वे अमर होती हैं। उन्होंने कहा कि ये पुस्तकें भी हमारी प्रेरणा का स्रोत बनेंगी। कुलपति ने डॉ जोहर की पुस्तक "इंडियाज़ ग्रेटेस्ट रिफॉर्मर्स - 51 एक्स्ट्राऑर्डिनरी स्टोरीज़' पर चर्चा करते हुए कहा कि इस पुस्तक में डॉ बीआर अंबेडकर से लेकर विनोबा भावे जैसे 51 महापुरुषों की कहानियां संकलित की गई हैं।

**इतिहास के झरोखे से...**

## 9 मई को हुआ था मेवाड़ के महाराणा प्रताप का जन्म

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : मुगल बादशाह शाहजहां द्वारा अपनी बेगम मुमताज महल की याद में बनाया गया मोहब्बत का अजीम शाहकार ताजमहल नौ मई के दिन ही बनकर पूरा हुआ था। इसके अलावा नौ मई का दिन एक दुखद घटना का गवाह भी बना जब 1993 में आज के दिन ही दक्षिण अमेरिकी देश इक्वाडोर के नाम्बिजा क्षेत्र में भूस्खलन से तीन सौ लोगों की मौत हुई। इसके अलावा वर्ष 1502 में दुनिया के सबसे बड़े खोजी यात्री और नयी दुनिया के खोजकर्ता माने जाने वाले क्रिस्टोफर कोलंबस ने एशिया का रास्ता तलाश करने के लिए स्पेन के कादिज से अपनी चौथी यात्रा शुरू की।1540 में कई सालों तक मुगल शासक अकबर से संघर्ष करने वाले मेवाड़ के महाराणा प्रताप का जन्म। 1653 में विश्वविख्यात ऐतिहासिक इमारत और दुनिया के अजूबों में शुमार ताजमहल का निर्माण 22 वर्ष के निरंतर परिश्रम के बाद पूरा हुआ। 1689 मेंअंग्रेज शासक विलियम तृतीय ने फ्रांस के साथ युद्ध की घोषणा की। 1866 में महान नेता, समाज सुधारक एवं विचारक गोपाल कृष्ण गोखले का जन्म। 1874 में बंबई (अब मुंबई) में पहली बार घोड़े से खींची जाने वाली ट्राम कार शुरू हुई।1946 में डॉ. राम मनोहर लोहिया की अगुआई में गोवा में पुर्तगाल के शासन के खिलाफ पहला सत्याग्रह आंदोलन शुरू हुआ। 1947 में वैश्विक वित्तीय संस्था विश्व बैंक ने अपना पहला ऋण फ्रांस को दिया। दूसरे विश्व युद्ध के बाद पुनर्निर्माण के लिए फ्रांस ने 50 करोड़ डालर का कर्ज मांगा था और 1944 में स्थापित विश्व बैंक ने उसे इससे आधा अर्थात 25 करोड़ डालर का कर्ज दिया।



## दिल्ली में खाद्य पदार्थों का परीक्षण न्यूनतम, बढ़ाने की जरूरत: हाईकोर्ट

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में भोजन के नमूने और परीक्षण न्यूनतम हैं और भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ( एफएसएसएआई) को परीक्षण बढ़ाने की जरुरत है। कार्यवाहक चीफ़ जस्टिस मनमोहन और जस्टिस मनमीत प्रीतम अरोड़ा की खंडपीठ ने साल 2010 में स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। दरअसल सब्जियों के उत्पादन में बढ़ते कीटनाशकों के प्रयोग के चलते न्यूरोलॉजिकल समस्याओं, गुर्दे की क्षति और अन्य बीमारियों को लेकर यह स्वतः संज्ञान याचिका दाखिल की गई थी। सुनवाई के दौरान खंडपीठ ने एफएसएसएआई के वकील से मौखिक रूप से कहा कि हम कौन से खाद्य उत्पाद खा रहे हैं, हमें नहीं पता। क्या आप किस बात के हाथी दांत टावरों में रह रहे हैं? कोर्ट ने वकील से कहा कि एफएसएसएआई एक शीर्ष निकाय है और उसे खाद्य उत्पादों के अधिक परीक्षण सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदारी लेनी चाहिए और अपनी पर्यवेक्षी शक्ति का प्रयोग करना चाहिए। इस दौरान खंडपीठ ने कहा कि क्या आप वास्तविक निगरानी कर रहे हैं?.... क्या आप खुद से परीक्षण कर रहे हैं या आप परीक्षण के लिए आवेदन करने वाले लोगों पर निर्भर हैं? जिसके बाद वकील ने जवाब दिया कि खाद्य उत्पादों का परीक्षण राज्य के संबंधित खाद्य सुरक्षा आयुक्तों द्वारा किया जाता है। इस पर एसीजे ने मौखिक रूप से टिप्पणी की "आप कुछ दिशानिर्देश रख रहे होंगे। क्या आप नमूने की कुछ दर निर्धारित करते हैं?

## हमारी मांगों को पूरा करने वाले दल को मिलेगा सिख वोट : सरना

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): राजधानी दिल्ली में लोकसभा चुनाव के लिए वोट 25 मई को डाले जाएंगे। ऐसे में सभी राजनीतिक दलों के प्रत्याशी वोटर्स को लुभाने के लिए कई दावों के साथ चुनावी रण में हैं। इस बार शिरोमणी अकाली दल (शिअद) दिल्ली के चुनावी दंगल में न तो उतरा है और न ही किसी को अपना समर्थन दिया है। ऐसे में यहां के लाखों सिख वोटर्स अपना वोट किसे देंगे इस पर अब भी संशय बना हुआ है। इस बीच बुधवार को शिरोमणी अकाली दल (शिअद) दिल्ली इकाई के प्रधान परमजीत सिंह सरना ने बुधवार को कहा कि सिख कौम सिर्फ उसी राजनीतिक पार्टी या उम्मीदवारों को समर्थन देगा जो उसकी मांगों को पूरा करने का वादा स्पष्ट तौर पर करेंगे। सरना ने कहा कि तीन दशकों से भी ज्यादा समय से जेल में बंद सिख बंदियों की रिहाई की हम लंबे समय से करते आए हैं। बंदी सिंहों ने लंबे समय से नाइंसाफ़ी का सामना किया है। इसलिए यह आवश्यक है कि केंद्र में नई सरकार



बनने पर उन्हें रिहा किया जाए। सरना ने बताया कि इस चुनावी रण में हमारी चार मांगें हैं, जो भी पार्टी इन मांगों को मान लेगा, सिख समुदाय उन्हें अपना वोट देगा। इसके लिए अकाली दल ने सभी पार्टियों को पत्र भी लिखा है। वहीं दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (डीएसजीएमसी) के पूर्व अध्यक्ष मनजीत सिंह जीके ने कहा कि बंदी सिखों को छोड़ने, किसानों के हित की बात करने, धार्मिक मामले में जो पार्टी हस्तक्षेप नहीं करने की बात करेगी दिल्ली के सिख उन्हें ही वोट करेंगे। सरना व जीके ने सिखों से अपील की कि आम चुनावों के दौरान किसानी, युवा और पंजाब राज्य के अच्छे-बुरे का विचार कर ही राजनीतिक पार्टी को वोट करें। दिल्ली के सिख समुदाय विवेक का उपयोग करें। नफरत रहित समाज और देश की तरक्की कराने वाली सरकार को ही चुनें। गौरतलब है कि दिल्ली में करीब 12 लाख सिख वोटर हैं। इनमें पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में सबसे अधिक सिख हैं। सिखों के साथ पंजाबी वोटरों को जोड़ दें तो संख्या 40 लाख के करीब है।

**ये हैं प्रमुख चार मांगे...**

- तीस साल से जेल में बंद रहने वाले बंदी सिखों को इंसाफ देने का वादा करें। नई सरकार बनने पर न्याय के साथ रिहा किया जाए।
- किसान देश की रीढ़ हैं। किसानों को किसी भी लालच के बिना हर जगह उनकी उपज बेचने की इजाजत देने की गारंटी मिले।
- सिखों को श्री ननकाना साहिब के दर्शन के लिए वीजा मिलने में सहूलियत मिले।
- सिखों के धार्मिक मामलों में केंद्र व राज्य सरकारों दखल न करें।

**संक्षिप्त समाचार...**

## छात्रों ने खेलों में अपनी प्रतिभा का किया प्रदर्शन



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): पूर्वी दिल्ली स्थित दशमेश पब्लिक स्कूल के बच्चे 'इंट्रा स्कूल स्पोर्ट्स प्रतियोगिता' के जरिये खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। ये प्रतियोगिता दशमेश स्कूल के तीनों शाखाओं के बीच खेला गया। सात दिवसीय इस खेल उत्सव में बॉयज और गर्ल्स क्रिकेट, रिले, फ्रॉग, लेमन स्पून, सैक रेस, चेस, बैडमिंटन, खो-खो और कबड्डी जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। समारोह का समापन 8 मई 2024 को हुआ। समारोह में पुरस्कार वितरण समारोह में स्कूल के चेयरमैन बलबीर सिंह ने छात्रों के प्रयासों की सराहना की। वहीं स्कूल की निदेशक सरिता सक्सेना ने कहा कि प्रतिस्पर्धा की भावना ने पूरे माहौल को सकारात्मकता से भर दिया। इस उत्सव की महत्वपूर्ण प्रतियोगिताओं में, बैडमिंटन में शालीमार गार्डन के लड़कों की टीम जिसका कृष्ण गोपाल ने नेतृत्व किया ने पहला पुरस्कार जीता। लड़कियों की बैडमिंटन में वासुंधरा एन्क्लेव की शाखा की टीम जिसे अर्शप्रीत कौर ने नेतृत्व किया, पहला पुरस्कार जीता क्रिकेट में विवेक विहार के लड़कों की टीम जिसे उत्कर्ष ने नेतृत्व किया, पहला पुरस्कार जीता। लड़कियों की क्रिकेट में वासुंधरा एन्क्लेव की टीम जिसे अनन्या ने नेतृत्व किया, पहला पुरस्कार जीता। कबड्डी में लड़कों और लड़कियों के लिए आर्यन और समूह और वासुंधरा एन्क्लेव के ग्रुप गरिमा ने पहला स्थान प्राप्त किया। चेस में लड़कों और लड़कियों के लिए वासुंधरा एन्क्लेव से तनिष्क और विवेक विहार से झाँवी पांडेय ने पहला स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं द्वारा भांगड़ा और गिद्धा का उत्कृष्ट प्रदर्शन देखने को मिला। इसके बाद अध्यापकों और अध्यापिकाओं के बीच मनोरंजक खेलों का आयोजन भी हुआ।

**गुरु और शुक्र के अस्त अबूझे शादी के मुहूर्त पर नहीं मिलेगा आशीष**

## 10 मई अक्षय तृतीया को नहीं गूंजेगी शहनाइयां

**दिनेश शर्मा**

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): 10 मई अक्षय तृतीया पर इस बार शादी की शहनाइयों की गूंज नहीं होगी। सनातन धर्म में अक्षय तृतीया का विशेष महत्व है, लेकिन इस बार 61 साल के बाद विपरीत संयोग के चलते शादी निषेध बताया जा रहा है। कहा गया कि गुरु व शुक्र के अस्त होने के कारण वैवाहिक कार्यक्रम नहीं होंगे। उल्लेखनीय है की अक्षय तृतीया फलदाई तिथि मानी गई है। पंचांग का संकेत है, ऐसी तिथि पर गुरु व शुक्र के अस्त होने से विवाह, गृह प्रवेश, गोना आदि शुभ मांगलिक कार्यों पर आशीष नहीं मिलेगा। सनातन धर्मी साधकों रमेश बजाज व नवीन कुमार सिसोदिया का कहना है कि विवाह के लिए गुरु एवं शुक्र का उदय होना



जरूरी बताया गया है। इन दोनों में से किसी एक के भी अस्त होने पर विवाह आदि मांगलिक कार्य नहीं किए जाते। सनातन धर्मी अर्जुन कुमार ने बताया कि 28 जून को शुक्र ग्रह उदय होंगे। इसके बाद ही मांगलिक कार्य के लिए मुहूर्त निकलेगा। इस हेतु जुलाई, 2024 तक इंतजार करना होगा। शादी की शहनाइयों के लिए 9, 11, 12, 13 व 15 जुलाई की तिथि शुभ बताई गई है। इन 5 दिनों मे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में शादी की अच्छी धूम रहेगी। हालांकि जो परिवार मुहूर्त नहीं मिलने पर भी शादियों मे विश्वास रखते हैं, वे पूजा की शादियों से खानापूर्ति करते हैं। वह साल भर रस्म निभाते हैं, लेकिन ऐसे परिवारों की संख्या कम है। बैंड बाजा व बारात का सिलसिला चलता है, लेकिन मुहूर्त में आस्था रखने वाले सनातनी भूल चूक से बचते हैं। ध्यान रहे चातुर्मास में 4 महीने मांगलिक कार्य बंद रहते हैं। जुलाई की 17 से चातुर्मास शुरू हो जाएगा। 17 जुलाई को देवशयनी एकादशी है। इस दिन भगवान विष्णु राजा बलि का आतिथ्य स्वीकार करते हुए 4 महीने पाताल लोक में निवास करते हैं। जुलाई की 5 तारीख के बाद कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की देवोत्थान एकादशी से विवाह आदि मांगलिक कार्य पुनः प्रारंभ होंगे।

## बिजली चोरी मामलों के निपटान के लिए विशेष लोक अदालत

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): बिजली वितरण कंपनी टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रिब्यूशन लि. (टाटा पावर डीडीएल) बिजली चोरी और 'कनेक्शन" काटे जाने के मामलों के त्वरित निटान के लिये 11 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित करेगी। उत्तरी दिल्ली की करीब 70 लाख आबादी को बिजली आपूर्ति करने वाली टाटा पावर डीडीएल ने बुधवार को बयान में कहा, ''टाटा पावर डीडीएल, दिल्ली राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण (डीएसएलएसए) के सहयोग से शनिवार 11 मई, 2024 को विशेष लोक अदालत आयोजित करेगी।"" लोक अदालत का आयोजन दिल्ली के रोहिणी में सुबह 10.00 बजे से अपराह्न 4.00 बजे तक किया जाएगा। इस अदालत के जरिये बिजली चोरी और बकाया बिल को लेकर 'कनेक्शन" काटे जाने के मामलों का तत्काल निपटान किया जाएगा। ग्राहकों को लोक अदालत में भाग लेने के लिए 19124 पर कॉल या 'ईएसी डॉट केयर एट टाटा पावर-डीडीएल डॉट कॉम" पर ईमेल भेज कर पंजीकरण कराना होगा। टाटा पावर और दिल्ली सरकार की संयुक्त उद्यम कंपनी टाटा पावर डीडीएल के अनुसार बिजली चोरी के मामलों का निपटारा करने के इच्छुक उपभोक्ता इस अवसर का लाभ उठाकर अपने लंबित मामलों का तत्काल निपटान करवा सकते हैं।

## अभियोजन निदेशक की नियुक्ति के खिलाफ जनहित याचिका पर सुनवाई 10 मई तक के लिए स्थगित

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को दिल्ली सरकार के अभियोजन निदेशालय के निदेशक रमाकांत पांडे की नियुक्ति को अवैध और अमान्य बताते हुए चुनौती देने वाली एक जनहित याचिका 10 मई के लिए स्थगित कर दी। हाईकोर्ट ने इसे भी इसी तरह की जनहित याचिका (पीआईएल) के साथ सूचीबद्ध किया है जिसमें पूर्व निदेशक (अभियोजन) अलका गोयल की नियुक्ति को अवैध बताते हुए चुनौती दी गई है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि निदेशक के रूप में पांडे की नियुक्ति सीआरपीसी की धारा 25ए के तहत दिए गए वैधानिक प्रावधान के अनुरूप नहीं है।धारा में कहा गया है कि अभियोजन निदेशक को वकील के रूप में कम से कम 10 साल तक प्रैक्टिस करनी होगी और ऐसी नियुक्ति हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की सहमति से की जाएगी। याचिका में निदेशक (अभियोजन) भर्ती नियम, 2021 को भी अवैध और संहिता की धारा 25ए के वैधानिक आदेश के दायरे से बाहर बताते हुए इसे चुनौती दी गई है । याचिका में कोर्ट से कानून के अनुसार निदेशक (अभियोजन) के पद पर एक उपयुक्त व्यक्ति को नियुक्त करने और प्रतिष्ठित अभियोजन निदेशालय को एक विधिवत नियुक्त सक्षम, निष्पक्ष और अच्छे प्रशासक द्वारा चलाने का निर्देश देने की मांग की है।

## केंद्र ने कोविशील्ड की अनुमति क्यों दी : सौरभ

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज ने बुधवार को केंद्र से सवाल किया कि उसने कोविशील्ड वैक्सीन को अनुमति क्यों दी, जबकि अधिकांश यूरोपीय देशों ने इसके दुष्प्रभावों के कारण इस पर प्रतिबंध लगा दिया था। सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने पोस्ट में सौरभ ने कहा कि कुछ दिनों पहले यूके के एक कोर्ट में एस्ट्राज़ेनेका जिसने भारत में कोविशील्ड दी उसने कहा कोविशील्ड वैक्सीन से नुकसान हो सकते हैं, जिसके कारण खून के थक्के जमते हैं और ब्रेन हेमरेज, ब्रेन स्ट्रोक या हार्ट अटैक हो सकता है। अब पूरी दुनिया से कोविशील्ड को वापस ले लिया जा रहा है। जब मार्च 2021 में यूरोप के बड़े-बड़े देशों ने इसका इस्तेमाल बंद कर दिया तो भारत की सरकार ने कोविशील्ड को देश में इतना प्रमोट क्यों किया।




# सुल्तानपुर में त्रिकोणीय मुकाबला, भाजपा–सपा–बसपा में टक्कर

चुनावी टक्कर

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): उत्तर प्रदेश की हॉट सीटों में से एक सुल्तानपुर से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी चुनाव लड़ रही हैं। बीजेपी उम्मीदवार मेनका के सामने विपक्षी इंडिया ब्लॉक से समाजवादी पार्टी (सपा) ने पूर्व मंत्री रामभुआल निषाद और बहुजन समाज पार्टी ने उदराज वर्मा को उतारा है। सपा के निषाद और बसपा के कुर्मी कार्ड ने बीजेपी के लिए इस सीट पर चुनौती कड़ी कर दी है। हांलाकि, मेनका गांधी बड़े कद की नेता हैं लेकिन सपा-बसपा के गणित ने सुल्तानपुर की लड़ाई को त्रिकोणीय बना दिया है।

मेनका गांधी साल 2014 में पीलीभीत सीट से सांसद चुनी गई थीं। वे 2004 में बीजेपी में शामिल हुई थी। इससे पहले वे अमेठी से 1984 में राजीव गांधी के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़ चुकी हैं। हालांकि, इस चुनाव में वह हार गईं थी। फिर इसके बाद मेनका साल 1988 में वी पी सिंह की पार्टी जनता दल पार्टी में शामिल हुईं। मेनका गांधी 1989 में पहली बार पीलीभीत से चुनाव जीतीं और केंद्र में मंत्री बनीं। सपा ने इस सीट से भीम निषाद को टिकट दिया था फिर पार्टी ने भीम का टिकट काटकर रामभुआल निषाद को दिया। रामभुआल की गिनती बड़े निषाद नेताओं में होती है। वह बसपा से दो बार विधायक और मायावती की सरकार में मंत्री भी रहे हैं। बहुजन समाज पार्टी ने सवर्ण उम्मीदवार के ट्रेंड को दरकिनार करते हुए कुर्मी बिरादरी से आने वाले जिला पंचायत सदस्य उदराज वर्मा को प्रत्याशी बनाया है। बीजेपी के सामने दोनों तरफ से चुनौती ही है। उदराज वर्मा लोकसभा चुनाव में पहली बार किस्मत आजमा रहे हैं। बसपा दो बार सुल्तानपुर लोकसभा सीट पर चुनाव जीत चुकी है लेकिन सपा यह सीट कभी नहीं जीत पाई है। जिले की आबादी की बात करें तो यहां 80 प्रतिशत हिंदू और 20 प्रतिशत मुस्लिम मतदाता हैं। सुल्तानपुर लोकसभा सीट पर 2011 के जनगणना के मुताबिक कुल जनसंख्या 2352034 है। इसमें 93.75 फीसदी ग्रामीण और 6.25 शहरी आबादी है। अनुसूचित जाति की आबादी इस सीट पर 21.29 फीसदी हैं और अनुसूचित जनजाति की आबादी .02 फीसदी है। इसके अलावा मुस्लिम, ठाकुर और ब्राह्मण मततादाओं के अलावा ओबीसी की बड़ी आबादी इस क्षेत्र में हार जीत तय करने में अहम भूमिका रही है।



मेनका गांधी | रामभुआल निषाद | उदराज वर्मा

### पिछले दो लोकसभा चुनाव में क्या थे नतीजे

साल 2019 लोकसभा चुनाव की बात करें तो सुल्तानपुर लोकसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी मेनका गांधी को बसपा प्रत्याशी चंद्रभद्र सिंह सोनू से कड़ी टक्कर मिली थी। मेनका गांधी इस चुनाव में मात्र 10 हजार मतों से जीती थीं। चुनाव में तीसरे प्रत्याशी अमिता सिंह थीं। ऐसे में बीजेपी इस सीट को लेकर काफी संजीदा दिख रही है। लोकसभा चुनाव 2014 की बात करें तो इस सीट पर मेनका गांधी के पुत्र और बीजेपी प्रत्याशी वरुण गांधी ने कब्जा जमाया था।

### आठ बार कांग्रेस व पांच बार बीजेपी को मिली है जीत

सुल्तानपुर में अब तक 17 चुनाव हो चुके हैं। जिसमें से सबसे अधिक सत्ता कांग्रेस के हाथ में रही। कांग्रेस ने आठ बार इस सीट पर जीत दर्ज की। जबकि बीजेपी को पांच बार सफलता मिली। इस सीट पर सपा का अब तक खाता नहीं खुला है। बसपा यहां से दो बार जीती है। जनता दल एक बार, जनता पार्टी एक बार और निर्दलीय एक बार जीते हैं।

चुनावी रोचक तथ्य

# सजा, हाजिरी और बागी तेवर, कब-कब जा सकती है सांसद की सदस्यता

**रीतेश मिश्रा**

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): देश में लोकसभा चुनाव का दौर चल रहा है। चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार सांसद बनने का सपना देख रहे हैं। हांलाकि, जरूरी नहीं की चुनाव जीतने के बाद भी किसी की संसद सदस्यता पूरे पांच साल बरकरार रहे। कुछ ऐसी स्थितियां हैं जब एक सांसद से संसद की सदस्यता छिन सकती है। संसद की सदस्यता पाने के बाद जरूरी नहीं कि हर हाल में अगले पांच साल तक इस पर बने रहेंगे। कुछ ऐसी स्थितियां हैं जब एक सांसद से संसद की सदस्यता छिन सकती है। जानिए, कब-कब एक सांसद से उसकी सदस्यता छिन सकती है।

## कब-कब छिन सकती है सांसद की सदस्यता?

### दोनों सदनों की सदस्यता पर, एक से इस्तीफा

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 101 के तहत अगर संसद का सदस्य लोकसभा और राज्यसभा दोनों के लिए चुना जाता है तो उसे निश्चित समय के अंदर किसी एक सदन की सदस्यता से इस्तीफा देना होगा। दोनों की सदस्यता बरकरार रहने पर उन्हें अयोग्य घोषित किया जा सकता है। इसके अलावा कोई भी सदस्य संसद और विधानसभा, दोनों का सदस्य नहीं हो सकता।

### हाजिरी अहम: 60 दिन तक गैर-हाजिर रहना...

सदन की सदस्यता बरकरार रखने में उनकी हाजिरी भी अहम भूमिका निभाती है। जानकारी के मुताबिक, अगर सदन का सदस्य सभी बैठकों में 60 दिन तक गैर-हाजिर रहता है तो उसकी सीट खाली घोषित की जा सकती है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 101 कहता है कि हाजिरी की गणना करते समय इन 60 दिनों में उन दिनों को नहीं गिना जाएगा जब सत्र स्थगित हो गया हो।

### 2 साल या इससे अधिक की सजा होने पर...

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम कहता है कि अगर किसी मामले में सांसद को दो या इससे अधिक साल की सजा होती है तो सदस्यता खत्म की जा सकती है। हालांकि, उस सजा पर अगर कोई ऊपरी अदालत रोक लगाती है तो सदस्यता बरकरार रहती है।

**पार्टी का आदेश न मानने पर...** अगर संसद में मतदान के दौरान कोई सांसद पार्टी के आदेश के विपरीत जाता है या वोटिंग से गैर-हाजिर रहता रहता तो सदस्यता रद्द की जा सकती है। वहीं, अगर कोई सांसद का चुनाव लड़ने के लिए गलत प्रमाण पत्र देता है तो भी उसकी सदस्यता रद्द की जा सकती है। वहीं, जिस तरह सांसद का चुनाव लड़ने के लिए कैंडिडेट को भारत का नागरिक होना अनिवार्य है, उसी तरह अगर कोई सदस्य किसी दूसरे देश की नागरिकता ग्रहण करता है तो उसकी सदस्यता रद्द की जा सकती है। संविधान के अनुच्छेद 102 में इसका जिक्र है। अगर किसी सांसद को मानसिक अस्वस्थ घोषित कर दिया जाता है या अदालत से दीवालिया घोषित हो जाता है तो उसकी सदस्यता रद्द की जा सकती है।

अनौपचारिक बैठक में लवली बोले भाजपा छोड़ी तो राजनीति से ले लेंगे संन्यास

# भाजपा में और भी कांग्रेसी हो सकते हैं शामिल

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): भाजपा में कांग्रेस का थामन छोड़कर शामिल होने वाले नेताओं का सिलसिला अभी आगे भी जारी रह सकता है। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने हाल ही में अपने साथियों के साथ भाजपा ज्वाइन की। उन्होंने बुधवार को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के साथ हुई अनौपचारिक बैठक में इस बात का संकेत दिया कि यदि भाजपा चाहेगी तो उनके अन्य कांग्रेसी भी पार्टी ज्वाइन कर सकते हैं। ऐसे में कांग्रेस से भाजपा में आने वाले चेहरों के संपर्क में उनकी पुरानी पार्टी के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता लगे हुए हैं। ये लोग कांग्रेस से कितने असंतुष्टों को भाजपा में शामिल कर पाएंगे, यह देखने वाली बात होगी, मगर मतदान पूर्व राजनीतिक दलों में तोड़फोड़ का असर जरूर पड़ेगा।

बुधवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में हुई अनौपचारिक बैठक में कुछ पत्रकारों के पूछे गए सवाल कि, 'इस बार लवली भाजपा में कितने समय तक रहेंगे क्योंकि पिछली बार आकर वे कुछ ही समय में वापस कांग्रेस में लौट गए थे। लवली ने कहा कि इस बार वह भाजपा नहीं छोड़ेंगे और यदि राजनीति छोड़ी तो राजनीति से ले लेंगे सन्यास।' दरअसल दिल्ली में लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस-आप गठबंधन का सीधा मुकाबला भाजपा से है। ऐसे में भाजपा कांग्रेस से पूर्व विधायक एवं मंत्रियों को पार्टी में लेकर आने में कामयाब रही है। दिल्ली में उनका आना खासा चर्चा का विषय भी बना रहा, लेकिन अभी भी कयास लगाए जा रहे हैं कि यह सिलसिला यहीं थमने वाला नहीं, कांग्रेस से आए नेता अपने दूसरे साथियों से भी संपर्क में बने हुए हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि जल्द ही कुछ और कांग्रेसी भी भाजपा में आ सकते हैं। देखने वाली बात यह है कि चुनाव का बिगुल बज चुका है और अभी भी यदि तोड़फोड़ का खेल जारी रहा तो निश्चित ही इसके परिणाम हैरान करने वाले हो सकते हैं।

वीरेन्द्र सचदेवा के साथ अरविंदर सिंह लवली और उनके अन्य साथियों ने जब अनौपचारिक मुलाकात की तो यह बात बार-बार उठकर सामने आई कि आखिर अभी कितने और कांग्रेसी लवली के संपर्क में बने हुए हैं। कांग्रेस से भाजपा में आए नेता दम भर रहे हैं कि वे पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारी को बखूरी निभाएंगे और जो पूर्व में उनकी विधानसभा क्षेत्र रहे, उनमें भी जान फूंकेंगे।



भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता, कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए नीरज बैसोया व पूर्व यूथ कांग्रेस अध्यक्ष अमित मलिक।

# चांदनी चौक के व्यापारियों एवं ट्रेडर्स की आवाज संसद में उठाऊंगा: जेपी अग्रवाल




**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : चांदनी चौक लोकसभा संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी एवं वरिष्ठ नेता जयप्रकाश (जेपी) अग्रवाल ने दिल्ली विशेषकर चांदनी चौक के व्यापारियों को भरोसा दिलाया कि चुनाव जीतने के बाद वे ट्रेडर्स और व्यापारियों की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे और उनकी समस्याओं व मुद्दों को लेकर संसद में उनकी आवाज बुलंद करते रहेंगे। दिल्ली भाजपा सांसदों के उदासीन रवैये के चलते कोरोना काल में व्यापारियों व आमजन को जानमाल के हुए भारी नुकसान व मोदी सरकार की गलत नीतियों के कारण बुरी तरह से प्रभावित हो रहे व्यापार को लेकर जेपी अग्रवाल काफी नाराज दिखे। बुधवार को जेपी अग्रवाल ने पुरानी दिल्ली के नया बाजार, खारी बावली, इलैक्ट्रिक मार्किट भागीरथ पैलेस आदि इलाकों में ग्रैन मर्चेंटस, कैमिकल मर्चेंटस और इलेक्ट्रिकल ट्रैडर्स के साथ मीटिंग कर उनकी समस्याएं सुनी साथ ही साथ चुनाव में समर्थन मांगा। साथ ही 25 मई को होने वाले मतदान में वोट देकर कांग्रेस का हाथ मजबूत करने की अपील की। जेपी अग्रवाल ने कहा कि उनका परिवार भी व्यापार से जुड़ा हैं उनकी दशकों पुरानी फर्म है और वह व्यापारियों की समस्याओं से भली-भांति परिचित हैं। ट्रेडर्स परिषद के प्रधान एवं दिल्ली कैमिकल मर्चेंट्स एसोसिएशन के प्रमुख व्यापारी नेता प्रदीप गुप्ता ने कहा कि जेपी अग्रवाल व्यापारियों और ट्रेडर्स के सुख-दुख में हमेशा काम आते हैं व्यापारियों और ट्रेडर्स से जेपी अग्रवाल का पुराना जुड़ाव है और सबसे बड़ी बात कि ये चांदनी चौक क्षेत्र के ही रहने वाले हैं। भगीरथ पैलेस की दिल्ली इलेक्ट्रिकल ट्रेडर्स एसोसिएशन अध्यक्ष अजय शर्मा व के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप कोचर (काले) ने कहा कि जयप्रकाश अग्रवाल जी को यहां के व्यापारी वर्ग का पूरा समर्थन है।

पंजाब केसरी की बात




# सिख 1984 नरसंहार को ध्यान में रखकर डालने जाएं वोट : भोगल




**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): अखिल भारतीय दंगा पीड़ित राहत कमेटी के अध्यक्ष जत्थेदार कुलदीप सिंह भोगल ने बुधवार को प्रेस क्लब में एक प्रेसवार्ता कर कहा कि सिख समुदाय 1984 के नरसंहार को ध्यान में रखकर अपना वोट डालें। उन्होंने कहा कि करीब 4 दशकों से सिख इस दंश को झेल रहा है। केंद्र में भाजपा की सरकार आने के बाद हममें न्याय की आस जगी है। इससे पहले की सरकारें 1984 के तमाम मामले बंद कर दिए थे। भोगल ने कहा कि जब वाजपेयी सरकार अल्पमत में आई थी तो उन्होंने कहा था कि मैं रहूं य न रहूं जब हमारी पूर्ण बहुमत की सरकार आएगी तब हम सिखों को न्याय दिलवाने का काम करेंगे। जब मोदी जी प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने एसआईटी का गठन किया। आज इसी का नतीजा है कि सज्जन कुमार जैसे सलाखों के पीछे हैं। वहीं जगदीश टाइटलर और कमलनाथ की लड़ाई जारी है। भाजपा की सरकार रही तो उन्हें भी सजा मिलेगी। इस दौरान दंगा पीड़ित कमेटी के सेक्रेटरी जनरल रविन्दर सिंह खुराना, सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता प्रसून कुमार, जनरल सेक्रेटरी अजीत सिंह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# 9 वर्षों में केजरीवाल सरकार ने लोगों के लिए क्या काम किए, बताएगी आप

## कैंपेन में समाज के चार तबकों को टारगेट करेगी आप

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): आम आदमी पार्टी (आप) दिल्ली में रह रहे अलग-अलग तबके के लोगों के लिए सीएम अरविंद केजरीवाल द्वारा किए गए कार्यों को उन तक पहुंचाएगी। इसके लिए आप 13 मई से चुनावी कैंपेन के चौथे चरण की शुरूआत करेगी। आप दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि 13 से 23 मई तक चलने वाले कैंपेन के दौरान समाज के चार अलग-अलग तबकों को टारगेट किया जाएगा। कैंपेन की शुरूआत पूर्वी दिल्ली में ट्रेड टाउन हॉल, पश्चिमी दिल्ली में ग्रामीण पंचायत, नई दिल्ली में महिला संवाद और दक्षिणी दिल्ली में पूर्वांचल समागम से की जाएगी। हमारा यह कैंपेन सभी लोकसभा क्षेत्रों में अलग-अलग जगहों पर होगा, जिसमें हम जनता को बताएंगे कि पिछले 9 सालों में केजरीवाल सरकार ने आपके सर्वांगीण विकास के लिए क्या-क्या काम किया है? गोपाल राय ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर कहा कि मंगलवार को भारत में तीसरे चरण का चुनाव संपन्न हुआ है। इन चरणों में लोकसभा की कुल आधे से ज्यादा सीटों पर मतदान हो चुका है। पूरे देश से जो खबरें आ रही हैं, उससे ये पता चल रहा है कि देश की जनता को भाजपा का 400 पार का नारा पसंद नहीं है। देश किसी भी कीमत पर संविधान को बदलने और लोकतंत्र को खत्म करने के भाजपा के गुप्त मिशन को कामयाब नहीं होने देगा। इसके संकेत साफ तौर पर तीन चरणों के मतदान में दिख रहे हैं। जिन राज्यों में भाजपा को पिछली बार जितनी सीटें मिली थीं, इस बार हर जगह उनकी सीटें कम हुई हैं। भाजपा को भी पहले से ये बात पता थी इसलिए भाजपा जिन नए राज्यों में अपने पैर पसारने की कोशिश कर रही थी, वहां पर भी उसे जनता स्वीकार नहीं कर रही है। इन्होंने सोचा था कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद आम आदमी पार्टी खत्म हो जाएगी लेकिन जिस तरह से दिल्ली की जनता और आम आदमी पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं और साथियों ने मिलकर एकजुटता के साथ इनकी तानाशाही का मुकाबला किया है।



# सिसोदिया की जमानत याचिका पर ईडी, सीबीआई को जवाब देने के लिए मिला चार दिन का समय

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): कथित दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर बुधवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने जांच एजेंसी सीबीआई-ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए चार दिन का और समय दिया है। इससे पहले न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने तीन मई को सिसोदिया की याचिका पर नोटिस जारी कर दोनों एजेंसियों केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा था। बुधवार को एजेंसियों ने अपना जवाब दाखिल करने के लिए और समय मांगा। सुनवाई के दौरान ईडी के वकील ने कहा कि जांच अधिकारी अभियोजन की शिकायत के साथ जांच में व्यस्त हैं, इसलिए जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह और चाहिए। ईडी के वकील ने कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट के समक्ष एक अन्य सह-अभियुक्त के मामले से भी निपट रहे हैं। हमें एक सप्ताह का समय दीजिए।



### सैर से शुरू हो रहा प्रत्याशियों का जनसंपर्क

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): राजधानी में लोकसभा चुनाव के लिए सभी पार्टियां बिगुल बजा चुकी हैं और अब हर दिन चुनाव प्रचार रफ्तार पकड़ने लगेगा। ऐसे में चुनावी सभाएं और रैली का जोर रहेगा। इस बीच प्रत्याशियों का सुबह से देर रात तक जन संपर्क अभियान जारी है। सभी दलों के प्रत्याशी अपने ससंदीय क्षेत्र में अलग-अलग दस विधानसभाओं में जाकर जनता से संपर्क साध रहे हैं। खासकर वीकेंड और अवकाश वाला दिन प्रत्याशियों के लिए किसी बोनस से कम नहीं है क्योंकि उस दिन घर पर सभी लोग आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं, अन्यथा वर्किंग लोगों की अनुपस्थिति में घर पर केवल महिलाएं और बच्चे ही उपलब्ध रहते हैं। वहीं सरकारी कर्मचारियों और बुजुर्गों के लिहाज से इन दिनों पार्क भी प्रत्याशियों के लिए ऐसा स्थान बन गए हैं, जहां वे आसानी से बैठकर लोगों के साथ परिचय भी कर रहे हैं और उनकी सैर भी हो रही है। इसके बाद से अलग-अलग विधानसभाओं में उनकी बैठकों का दौर जारी रहता है। रात के समय में लोगों के घरों में आयोजित पूजा आदि और शादी-ब्याह भी प्रत्याशियों के लिए भीड़ के बीच संपर्क साधने का अच्छा मौका साबित हो रहा है। ऐसे में प्रत्याशी भी चाहते हैं कि वह कोई सामाजिक कार्यक्रम हाथ से न जाने दें जिसमें लोग अधिक संख्या में उपलब्ध हो रहे हैं।

**ट्रैफिक पुलिस ने 122 वाहनों के काटे चालान...** आयोग के अनुसार ट्रैफिक पुलिस ने पूरी दिल्ली में अवैध झंडा-बैनर लगाने वाले 122 वाहनों के चालान काटे हैं। पुलिस ने बताया कि नियम के मुताबिक कोई भी चालक किसी भी पार्टी का झंडा-बैनर व स्टीकर अपनी कार में नियमों के अनुरूप साइज का लगा सकता है। लेकिन इन कार चालकों ने नियम के विरुद्ध कार पर अवैध तरीके से झंडा-बैनर व स्टीकर लगाकर प्रचार कर रहे थे।

**एक्शन मोड पर चुनाव आयोग...** 24 घंटे में पकड़े 2.33 करोड़ रुपए नकदी, 8 करोड़ 19 लाख रुपए की जांच कर रही आयकर विभाग

# 24 घंटे में 2.33 करोड़ जब्त, अब तक 10.84 करोड़ मिले

**कौशल शर्मा**

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली में लोकसभा चुनाव के छठे चरण में 25 मई को वोट डाले जाएंगे। लेकिन इससे पहले दिल्ली का मुख्य निर्वाचन अधिकारी(सीईओ) कार्यालय एक्शन मोड पर है। यही वजह है कि चुनाव प्रचार में इस्तेमाल होने वाले धनबल और अन्य अवैध चीजों का इस्तेमाल करने वालों पर नकेल कसना शुरू कर दिया है। सीईओ अधिकारियों ने आचार संहिता के बाद अवैध रूप से इस्तेमाल के लिए ले जा रहे अब तक 10 करोड़ 84 लाख रुपए जब्त किए हैं। इनमें से 8 करोड़ 19 लाख रुपए की जांच आयकर विभाग कर रही है। ताजा मामले में आयोग के अधिकारियों ने अलग-अलग मामले में मात्र 24 घंटे के अंदर 2 करोड़ 33 लाख 12 हजार 850 रुपए नकदी जब्त किए हैं। इसके अलावा आयोग की फ्लाइंग स्कवाड टीम ने एक लग्जरी कार में दूसरे प्रदेश की महंगी शराब की 15 बोतल पकड़ी है। आयोग ने उक्त शराब समेत 20 लाख की कार को भी जब्त कर लिया है। कार मालिक तनप्रीत सिंह कोहली गोविंदपुरी एक्सटेंशन पॉकेट-9 कालकाजी निवासी हैं।



### छह बैग में मिले 1.51 करोड़, 17 सीम कार्ड

नॉर्थ जिले के लाहोरी गेट थाना पुलिस की टीम मंगलवार को हैदर कुली इलाके में चुनाव आयोग की फ्लाइंग स्कवाड टीम के साथ चेकिंग अभियान पर थी। इसी दौरान पांच व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में छह बैग ले जाते हुए दिखे। टीम ने पांचों युवकों को रोककर बैग दिखाने को कहां। जैसे ही पुलिस ने बैग को खोला तो उसमें नोटों की गड्डियां भरी हुई थी। ये देखकर सभी के होश उड़ गए। पुलिस ने उक्त रकम की जानकारी मांगी तो उनके पास कोई दस्तावेज नहीं थे। टीम ने सभी को पकड़ लिया और बैग को जब्त कर थाने ले गई। वहीं इसकी सूचना आयकर विभाग को भी दे दी। आयकर विभाग की टीम ने नोटों के बंडल की गिनती की तो एक करोड़ 51 लाख रुपए रकम निकली। लाहोरी गेट थाना पुलिस ने जब बैग को ठीक से खंगाला तो उसमें से 72 सिम कार्ड, चार मोबाइल और चार चार्जर भी मिले। पुलिस ने 49 लाख 50 हजार रुपए थाने में जमा कर लिए। वहीं एक करोड़ 2 लाख 38 हजार रुपए आयकर विभाग को सौंप दिए। पुलिस ने उक्त सिम कार्ड व मोबाइल को जब्त कर आरोपियों से पूछताछ में जुटी है। पुलिस को आशंका है कि इतनी मोटी रकम क्रिकेट सट्टेबाजी के लिए तो नहीं थे।

### राजौरी गार्डन से 25 लाख चांदनी चौक से पकड़े 22 लाख

चुनाव आयोग की फ्लाइंग स्क्वायड टीम ने मंगलवार को राजौरी गार्डन थाना इलाके में यूपी नंबर की एक कार को जांच के लिए रोका। कार भास्कर खेड़िया चला रहे थे। जांच के दौरान टीम को कार से 25 लाख रुपए बरामद हुए। जब टीम ने इस रकम का भास्कर से ब्योरा मांगा गया तो उनके पास कोई जवाब नहीं थी। टीम ने उक्त रकम को जब्त कर लिया। वहीं बाड़ा हिन्दू राव थाना इलाके के चांदनी चौक में टीम ने मंगलवार को जांच के दौरान एक कार से रुपयों से भरा बैग पकड़े, उस बैग में 22 लाख रुपए थे। कार अंकुर नामक व्यक्ति की थी। पुलिस ने इसकी जानकारी आयकर विभाग को दे दी। विभाग ने उक्त रकम को जब्त कर जांच में जुट गई है। इसके अलावा फ्लाइंग स्क्वायड टीम ने एमएस पार्क थाना इलाके के जीटी रोड फ्लाईओवर से एक कार से एक लाख 65 हजार रुपए जब्त किए।

### बिना अनुमति भाजपा का प्रदर्शन, आयोग ने दर्ज किया केस

दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकार ने बताया कि मंगलवार को भाजपा दिल्ली प्रदेश के कार्यकर्ता डीडीयू मार्ग पर सीएम केजरीवाल के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। प्रदर्शनकारी डीडीयू मार्ग से होते हुए आप मुख्यालय की तरफ आगे बढ़ रहे थे, लेकिन पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को बीच में ही रोक लिया। भाजपा ने प्रदर्शन की अनुमति नहीं ली थी। इस मामले में सीईओ कार्यालय ने प्रदर्शन को आचार संहिता का उल्लंघन पाया।

# भ्रष्टाचार का गढ़ बना आरएमएल...

# सीबीआई ने रिश्वत लेने के मामले में दो डॉक्टर सहित 9 को दबोचा

**बड़ी ही चालबाजी के साथ चलाया जा रहा था रैकेट**



**मेडिकल इक्विपमेंट व मरीजों की भर्ती और अप्वाइंटमेंट के लिए ली जा रही थी रिश्वत**

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली के प्रतिष्ठित राम मनोहर लोहिया अस्पताल अस्पताल में भ्रष्टाचार और घूसखोरी के बड़े खेल का पर्दाफाश हुआ है। सीबीआई ने इस मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए अस्पताल के दो डॉक्टरों समेत 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। इन पर आरोप है कि वो राम मनोहर लोहिया अस्पताल में आने वाले मरीजों से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तरीके से रिश्वत लेते थे। आरोप है कि यह सभी मरीजों और मेडिकल रिप्रजेन्टेटिव से रिश्वत लेते थे।

बताया जा रहा है कि रिश्वतखोरी का यह रैकेट भी यहां बड़ी ही चालबाजी के साथ चलाया जा रहा था। यहां पांच अलग-अलग तरीकों से घूस ली जा रही थी। इनमें - स्टेंट्स और अन्य चिकित्सीय उपकरण की सप्लाई के बदले घूस, अलग-अलग ब्रांड के स्टेंट्स की सप्लाई के बदले घूस, लैब में चिकित्सीय उपकरण की सप्लाई के एवज में रिश्वत, घूस लेकर मरीजों की भर्ती और फर्जी मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाने के एवज में घूस लेने का तरीका शामिल है। सूत्रों के जरिए जांच एजेंसी को खबर मिली थी कि यहां रिश्वत लिया जा रहा है। गिरफ्तार किए गए दोनों चिकित्सकों की पहचान डॉक्टर पर्वत गौड़ा और डॉक्टर अजय राज के तौर पर हुई है। दोनों कार्डियोलॉजी विभाग के सहायक प्रोफेसर भी हैं। जांच एजेंसी को सूत्रों से यह जानकारी मिली थी कि डॉक्टर पर्वत गौड़ा ने नरेश नागपाल से रिश्वत ली थी। दरअसल नरेश नागपाल की कंपनी नागपाल टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड चिकित्सीय उपकरणों की सप्लाई करती है। इन्हीं चिकित्सीय उपकरणों को अस्पताल में इस्तेमाल किए जाने की अनुमति देने के लिए प्रोफेसर डॉक्टर पर्वत गौड़ा ने घूस मांगी थी। उन्होंने नरेश नागपाल से कहा था कि वो घूस की बकाया रकम दें। इसपर नरेश नागपाल ने उन्हें 07 मई को 2.48 लाख रुपये बतौर घूस देने की बात कही थी।

सूत्रों ने आगे बताया कि पर्वत गौड़ा ने इसके बाद अबरार अहमद से भी घूस मांगी थी। यह घूस भी चिकित्सीय उपकरमों के इस्तेमाल की अनुमित देने के एवज में मांगी गई थी। जानकारी सामने आई कि अबरार अहमद ने यह पैसे बैंक अकाउंट में ट्रांसफर भी किए थे। चिकित्सकों ने बायोट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड के टेरिटरी सेल्स मैनेजर आकर्षण गुलाटी, बायोट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड की कर्मचारी मोनिका सिन्हा, आरएमएल अस्पताल के कैथ लैब के वरिष्ठ तकनीकी प्रभारी रजनीश कुमार और भारती मेडिकल टेक्नोलॉजी के भरत सिंह दलाल से मेडिकल उपकरणों के इस्तेमाल की इजाजत देने के लिए रिश्वत ली थी। सूत्रों ने जांच एजेंसी को सूचना दी थी कि कृष्ण कुमार नाम के एक शख्स ने आरएमएल के क्लर्क संजय गुप्ता से संपर्क कर कहा था कि वो उनका मेडिकल रेस्ट सर्टिफिकेट बनवा दें। इसके बाद संजय गुप्ता ने रिश्वत के तौर पर 700 रुपये की डिमंड की थी। यह रकम यूपीआई पेमेंट के जरिए दी गई थी। इसी तरह कई बार मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाने के नाम पर घूस दी गई थी। आरएमएल अस्पताल के एक कर्मचारी भुवल जायसवाल अस्पताल की एक नर्स शालू शर्मा के साथ मिलकर अक्सर मरीजों से रिश्वत लेते थे। यह मरीजों से अप्वाइटमेंट और एडमिशन के बदले अक्सर पैसे लिया करते थे।

# कृपया, गंदगी वाली दिल्ली को साफ कर दीजिए

**डेनमार्क के राजदूत फ्रेडी स्वेन ने हाथ जोडकर की अपील**

- **डेनमार्क राजदूत ने एंबेसी के पास पड़े कचरे की वीडियो की वायरल शिकायत पर एक्शन में आया एनडीएमसी**



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली शहर कहने को हराभरा व साफ-सुथरा है लेकिन इसकी हकीकत कुछ और ही है। इससे हर कोई वाफिक भी है। ये शब्द दिल्ली में रह रहे डेनमार्क के राजदूत फ्रेडी स्वेन के हैं। दरअसल उनके इन शब्दों से बुधवार को एनडीएमसी में हड़कंप मच गया। बुधवार को राजदूत फ्रेडी स्वेन ने एंबेसी के पास पड़े कचरे की वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर करते हुए इसे साफ कराने की अपील की है। इस वीडियो में उन्होंने डेनमार्किन इंडिया, मुख्यमंत्री दफ्तर व एलजी को भी टैग किया है।

हालांकि एनडीएमसी ने घटना का संज्ञान लेकर तुरंत इस कचरे को साफ करा दिया। दे खते ही आधा दर्जन सफाईकर्मी दिल्ली स्थित डेनमार्क दूतावास के बाहर पहुंच गए और वहां की एक सर्विस लेन की सफाई होने लगी। बाद में राजदूत ने एनडीएमसी की इस तेज तर्रार कार्रवाई की तारीफ की। वीडियो में डेनमार्क के राजदूत फ्रेडी स्वेन ने एंबेसी के पीछे पड़े इस कचरे को दिखाया।

उन्होंने इसके पास खड़े होकर हाथ जोड़े और तंज भी कसा है। इस वीडियो में राजदूत फ्रेडी कचरा हटाने की विनती करते दिखाई दे रहे हैं। हालांकि कचरे की सफाई हो जाने के बाद उन्होंने कहा कि यह एक सर्विस लेन है और यहीं का वीडियो मैंने कुछ घंटे पहले पोस्ट किया था। लेकिन यह एक मानवीय एक्शन था और एनडीएमसी के हीरो आए और मेरी बात समझी। उन्होंने समझा कि इतनी सुंदर लेन को गंदगी से भरा नहीं छोड़ सकते। उन्होंने कार्रवाई की इसके लिए धन्यवाद। स्वेन आगे बोले, यह एक मुद्दे को उठाने का मामला है न कि शिकायत करने का। मुझे बहुत गर्व है कि एनडीएमसी ने कुछ ही मिनटों में कार्रवाई की। मैं यहां 11 साल से रहा हूं। हमें भारत से बहुत प्यार है।

## शोरूम में ताबड़तोड़ फायरिंग करने वाला आरोपी पकड़ा

**पश्चिमी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के तिलक नगर इलाके में स्थित कार शोरूम में ताबड़तोड़ फायरिंग करने वाले एक आरोपी को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपी का नाम केतन बताया जा रहा ह। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि उसने कुख्यात गैंगस्टर हिमांशु भाऊ के कहने पर शोरूम में दो दर्जन के करीब गोलियां चलाई थी। उनका मकसद किसी को मारना नहीं था। उन्होंने फायरिंग केवल शोरूम मालिक को डराने के लिए की थी। फायरिंग के दौरान दो लोग भाग गए थे। पुलिस पकड़े गए आरोपी से पूछताछ कर फरार आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है।

बता दे कि रविवार देर शाम को पुलिस को तिलक नगर इलाके में फायरिंग की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस को मौके पर गोलियों के कई खाली खोखे मिले। गोली लगने से कोई घायल नहीं हुआ। लेकिन शीशे टूटने की वजह से कुछ लोग घायल हुए है।

# जनता के साथ पुलिस अधिकारियों का सीधा संवाद, समस्याओं का किया निदान

**एडिशनल डीसीपी ने लोकल समस्याओं के समाधान के लिए एसएचओ को दिए सख्त निर्देश**



**पूर्वी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): नॉर्थ-ईस्ट डिस्ट्रिक्ट के करावल नगर इलाके में लोगों की समस्याओं को जानने और उनके समाधान के लिए दिल्ली पुलिस द्वारा 'जनसुनवाई' का आयोजन किया गया। एडिशनल डीसीपी सुबोध कुमार गोस्वामी के नेतृत्व में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्थानीय लोगों ने सीधे पुलिस अधिकारियों से संवाद किया और उन्हें क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। लोगों ने क्षेत्र में ट्रैफिक जाम, सड़कों पर अतिक्रमण, इलाके में सट्टा और शराब बिक्री की समस्या को उठाया।

महिलाओं ने भी पार्कों में असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने की बात रखी। लोगों की समस्याएं सुनने के बाद ए. डीसीपी सुबोध कुमार गोस्वामी ने मौके पर ही करावल नगर एसएचओ व पुलिस स्टाफ को इन समस्याओं को दूर करने का सख्त निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने एसएचओ और बीट स्टाफ को लोगों के सवालों का जवाब देने के लिए भी कहा, ताकि उनके बीच अच्छा तालमेल हो सके। इस जनसुनवाई कार्यक्रम में एसीपी, एसएचओ, एडिशनल एसएचओ, स्थानीय आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष, एमडब्ल्यूए के अध्यक्ष एवं सदस्य और स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। गोस्वामी ने बैठक में मौजूद लोगों के साथ अपना मोबाइल नंबर भी साझा किया। उन्हें बताया कि अगर उन्हें कोई भी दिक्कत होती है या लगता है कि पुलिस काम नहीं कर रही तो वे सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं।

यहां बता दें कि ईस्टर्न रेंज के एडिशनल सीपी सागर सिंह कलसी ने पुलिस और जनता के बीच की दूरी को कम करने के लिए पुलिस अधिकारियों को नियमित तौर पर जनसुनवाई सभा का आयोजन करने का निर्देश दिया हुआ है। उनका कहना है कि जब पुलिसकर्मी खुद जनता के बीच जाएंगे तो पुलिस-पब्लिक के बीच दूरी कम होगी। पुलिस को कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्षेत्रीय समस्याओं का भी पता चलेगा। वहीं लोगों को भी सुरक्षा का एहसास होगा।

## नीट परीक्षा की तैयारी कर रही छात्रा ने मांगी गर्भपात कराने की अनुमति, हाईकोर्ट ने किया इनकार



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली हाईकोर्ट ने नीट परीक्षा की तैयारी कर रही 20 वर्षीय अविवाहित युवती को 27 सप्ताह की प्रेग्नेंसी को मेडिकल टर्मिनेशन कराने की अनुमति देने से इनकार कर दिया। इस दौरान कोर्ट ने कहा कि भ्रूण स्वस्थ और व्यवहार्य है। जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा कि प्रेग्नेंसी को टर्मिनेट करने या बच्चे को जन्म न देने की प्रार्थना को स्वीकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि महिला का मामला मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट और उसमें बनाए गए नियमों के दायरे में नहीं आता है। कोर्ट ने मेडिकल रिपोर्ट का अवलोकन किया और कहा कि भ्रूण में कोई जन्मजात असामान्यता नहीं है और न ही मां को गर्भावस्था जारी रखने में कोई खतरा है, जिसके लिए भ्रूण को टर्मिनेट करना अनिवार्य होगा। अदालत ने कहा कि चूंकि भ्रूण व्यवहार्य और सामान्य है, याचिकाकर्ता को प्रेग्नेंसी जारी रखने में कोई खतरा नहीं है। इसलिए भ्रूणहत्या न तो नैतिक होगी और न ही कानूनी रूप से स्वीकार्य होगी। आदेश कहा गया कि महिला को बच्चे को जन्म देने के लिए प्रेरित करना होगा और ऐसा प्रसव नवजात शिशु के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है, क्योंकि यह समय से पहले प्रसव होगा। कोर्ट ने कहा कि 24 सप्ताह से अधिक की प्रेग्नेंसी को टर्मिनेट केवल उन नाबालिग लड़कियों के मामलों में ही किया जाता है, जो बलात्कार की शिकार हैं या जब भ्रूण में जन्मजात असामान्यताएं हैं।

**संक्षिप्त समाचार...**

## विश्व पशु चिकित्सा दिवस का आयोजन



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : पशुओं की सेहत और कल्याण को बनाए रखने में पशु चिकित्सकों की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाते हुए, पूरी भव्यता और उत्साह के साथ विश्व पशु चिकित्सा दिवस मनाया। मायापुरी दिल्ली में आयोजित इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों, प्रमुख हस्तियों, और दिल्ली एनसीआर क्षेत्र के 500 से अधिक पशुचिकित्सक शामिल हुए। इस कार्यक्रम में पशुपालन आयुक्त डॉ. अभिजीत मित्रा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इसके अलावा आईएएस, अतिरिक्त सचिव, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार डॉ. सज्जन सिंह अन्य मेहमानों में डॉ. ओम मनचंदा, डॉ. पी.एस. मोहन कुमार, डॉ. सुनीता बाल्यान आदि शामिल रहे। इस कार्यक्रम का आयोजन कैनिस वेलफेयर पेट क्लब, दिल्ली द्वारा किया गया था। इस आयोजन में मंत्रालय, दिल्ली सरकार, एमसीडी, सेना और निजी चिकित्सकों सहित विभिन्न क्षेत्रों के पशु चिकित्सकों को एक साथ लाया गया। इस दौरान हरियाणा सरकार से सेवानिवृत्त वरिष्ठ पशुचिकित्सक डॉ. एस.पी. गौतम को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार दिया गया। कैनिस वेलफेयर के संस्थापक सचिव डॉ. विजय कुमार ने बताया कि पिछले 15 वर्षों से दिल्ली एनसीआर में चिकित्सकों के लिए विश्व पशु चिकित्सा दिवस समारोह का आयोजन करते आ रहे हैं।

## हाईकोर्ट ने डीपफेक मामले में केंद्र से जवाब मांगा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को देश में डीपफेक तकनीक के अनियमित उपयोग से संबंधित एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय से जवाब मांगा। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की खंडपीठ ने वरिष्ठ पत्रकार रजत शर्मा की याचिका पर मंत्रालय से जवाब मांगा है। सुनवाई के दौरान, खंडपीठ ने डीपफेक तकनीक के प्रसार के बारे में गंभीर चिंता व्यक्त की, जिसमें गलत सूचना की संभावना और सार्वजनिक चर्चा और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं पर इसके प्रभाव का हवाला दिया गया है। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने कहा कि राजनीतिक दल भी इस बारे में शिकायत कर रहे हैं। लेकिन सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। खंडपीठ ने इस मुद्दे के संबंध में राजनीतिक दलों की शिकायतों पर भी गौर किया और इसे संबोधित करने पर सरकार के रुख पर सवाल उठाया।जनहित याचिका में डीपफेक तकनीक से उत्पन्न विभिन्न खतरों पर जोर दिया गया है, जिसमें धोखाधड़ी, पहचान की चोरी और जनता की राय में हेरफेर में इसका संभावित उपयोग शामिल है। यह विशेष रूप से राजनेताओं, खेल हस्तियों और अभिनेताओं जैसे प्रभावशाली व्यक्तियों के डीपफेक बनाने से जुड़े जोखिमों को रेखांकित करता है।

## रवींद्रनाथ टैगोर की 163वीं जयंती मनाई

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): एबीवीपी जेएनयू ने टैगोर को श्रद्धांजलि देकर प्रदर्शनी और राष्ट्रगान के साथ मनाई 163वीं जयंती बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) द्वारा जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में नोबेल पुरस्कार विजेता रबीन्द्रनाथ टैगोर की 163वी जयंती मनाई गई। इस अवसर पर एबीवीपी जेएनयू के कार्यकर्ताओं द्वारा रबीन्द्र नाथ टैगोर को पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस विशेष मौके पर एबीवीपी जेएनयू के भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान-1 के सामने एबीवीपी द्वारा उनके जीवन से जुड़ी एक प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस प्रदर्शनी में उनकी कविताएं, चित्रकलाएं एवं पत्रों को प्रदर्शित किया गया, जिसे देखने के लिए छात्रों में खासी उत्सुकता रही। प्रदर्शनी सुबह में आरंभ हुई और पूरा दिन आम छात्रों के आकर्षण का केंद्र बनी रही।

# 'रन फॉर विकसित भारत' में दौड़े 5 हजार छात्र

**दिल्ली विश्वविद्यालय में "रन फॉर विकसित भारत" के आयोजन पर डीयू कुलपति ने किया आह्वान**



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के शिक्षक संगठनों और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के विरोध और आचार संहिता उल्लंघन के आरोपों से घिरी 'रन फॉर विकसित भारत' में बुधवार को पांच हजार छात्रों व कुलपति सहित अन्य पदाधिकारियों ने दौड़ लगाई। इस दौरान कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने छात्रों से आह्वान किया कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए छात्र खुद भी वोट डालें और दस-दस लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित करें। दौड़ में शामिल छात्रों का उत्साह बढ़ाने के लिए बैडमिंटन स्टर खिलाड़ी साइना नेहवाल व आत्माराम सनातन धर्म कॉलेज के पूर्व छात्र राजकुमार राव विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। प्रो. योगेश सिंह डीयू में आयोजित रन फॉर विकसित भारत को झंडी दिखाने से पहले बतौर मुख्य अतिथि यहां मौजूद छात्रों को संबोधित किया। इस दौड़ का आयोजन सुबह 7 बजे विश्वविद्यालय के गेट नंबर एक से किया गया, जो गेट नंबर 4 से होते हुए विश्वविद्यालय के खेल परिसर में सम्पन्न हुई।

कुलपति ने कहा कि हम सभी चाहते हैं कि भारत आगे बढ़े और अच्छा बने। उसमें हम सबका अपना-अपना योगदान हो। उन्होंने बताया कि वोट डालने से लोकतन्त्र मजबूत होगा और अगले 25 साल में देश में बहुत कुछ अच्छा होगा। आप लोग जब अच्छा करेंगे तभी देश के लिए अच्छा होगा। प्रो. सिंह ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि 2047 तक भारत को विकसित बनाने में सभी बच्चे अपनी भूमिका खोजें। देश को आप सबकी बहुत जरूरत है। रन फॉर विकसित भारत में एनसीसी और एनएसएस सहित करीब 5 हजार विद्यार्थी, विभिन्न कॉलेजों से नोडल ऑफिसर और स्पोर्ट्स टीचरों ने हिस्सा लिया। दौड़ के दौरान पीने के पानी से लेकर एंबुलेंस तक की व्यवस्था की गई थी। इस दौरान डीन ऑफ कॉलेजेज़ प्रो. बलराम पाणी, दक्षिणी परिसर के निदेशक प्रो. श्रीप्रकाश सिंह, रजिस्ट्रार डॉ विकास गुप्ता, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. पंकज अरोड़ा, खेल निदेशक डॉ अनिल कुमार कलकल आदि उपस्थित रहे।

**प्रदेश कांग्रेस ने की थी चुनाव आयोग से शिकायत**

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर 'रन फॉर विकसित भारत' को रद्द करने की मांग की थी, जिसे उन्होंने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन बताया था। देवेंद्र यादव ने कहा कि डीयू के अंतर्गत आने वाले दयाल सिंह कॉलेज ने भी पीएम नरेंद्र मोदी की तस्वीर के साथ विकसित भारत रन से संबंधित एक पोस्टर तैयार किया है, जो आदर्श आचार संहिता का भी स्पष्ट उल्लंघन है। उन्होंने अपने पत्र में बताया कि आदर्श आचार संहिता अधिसूचना में 'नहीं करना चाहिए' श्रेणी में कहा गया है कि 'कोई भी आधिकारिक काम प्रचार/चुनाव प्रचार के साथ नहीं मिलाया जाना चाहिए', और यह दौड़ इसी 'नहीं करना चाहिए' श्रेणी में आती है।

# शाह का फर्जी वीडियो बनाने वाला मुख्य आरोपी रेड्डी अरेस्ट

- **फर्जी वीडियो मामले में जांच से कुछ और नामों का खुलासा हुआ है, जिनके रेड्डी का सहयोगी होने का संदेह है...**

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) :गृहमंत्री अमित शाह का फर्जी वीडियो मामले में दिल्ली पुलिस ने कांग्रेस की सोशल मीडिया टीम के राष्ट्रीय समन्वयक अरुण रेड्डी को गिरफ्तार किया है। सूत्रों का कहना है कि पुलिस को संदेह है कि शाह का फर्जी वीडियो बनाने वाला यही मुख्य आरोपी है। पुलिस ने आरोपी को गत तीन मई को पश्चिमी दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। उनकी गिरफ्तारी के बाद उन्हें एक अदालत में पेश किया गया, जिसने उन्हें तीन दिन के लिए स्पेशल सेल की हिरासत में भेज दिया।

पुलिस अधिकारी के मुताबिक, फर्जी वीडियो मामले में जांच से कुछ और नामों का खुलासा हुआ है, जिनके रेड्डी का सहयोगी होने का संदेह है। अधिकारी ने बताया कि पुलिस को संदेह है कि इन लोगों ने रेड्डी को फर्जी वीडियो बनाने और चुनाव के दौरान गलत सूचना फैलाने के लिए इसे सोशल मीडिया पर साझा करने में मदद की। रेड्डी के पास से जब्त किए गए मोबाइल फोन और लैपटाप की जांच रिपोर्ट फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) से आनी अभी बाकी है। पर अब तक जांचकर्ताओं ने यह संकेत दिया है कि वह (रेड्डी) फर्जी वीडियो बनाने वाले मुख्य लोगों में शामिल थे। सूत्र ने बताया कि पिछले 28 अप्रैल को मामला दर्ज होने के बाद से तेलंगाना में डेरा डाल रखी विशेष प्रकोष्ठ की एक टीम ने साक्ष्य जुटाने के लिए सोमवार और मंगलवार को हैदराबाद में कई स्थानों पर छापेमारी की।

उन्होंने कुछ लोगों से पूछताछ भी की। प्रकोष्ठ ने गृह मंत्रालय के तहत आने वाले भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आइ4सी) की शिकायत पर एक प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने बाद में इसमें आपराधिक साजिश की धारा भी जोड़ दी। उक्त शिकायत शाह के एक फर्जी वीडियो के बारे में है, जिसमें उनके बयान को बदल दिया गया था।

**मौसम विभाग** मंगलवार की तुलना में बुधवार को अधिकतम तापमान में चार डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है...

# अगले चार दिन बूंदाबांदी के आसार, हवा चलने से 4 डिग्री गिरा पारा





**नई दिल्ली,** (पंजाब) :राजधानी दिल्लीवासियों को हवा की दिशा में बदलाव के चलते बुधवार को गर्मी से राहत मिली है। मंगलवार की तुलना में बुधवार को अधिकतम तापमान में चार डिग्री की गिरावट आई है। वहीं मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों में बीच-बीच में बूंदाबांदी होने के आसार जताए हैं। इसके चलते भी पारा 40 डिग्री से नीचे ही रहने की संभावना है। दिल्ली में पिछले दो दिनों से तापमान में तेजी से बढ़ोतरी दर्ज की जा रही थी।

दिनभर तेज धूप के चलते लोगों का बाहर निकलना भी मुश्किल हो रहा था, लेकिन बुधवार को पूर्व दिशा से आने वाली हवाओं के चलते दिल्ली में नमी का स्तर बढ़ गया है। सफदरजंग में न्यूनतम तापमान 27.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से दो डिग्री ज्यादा है। यह इस सीजन की सबसे गर्म सुबह भी रही। हालांकि, कुछ देर बाद तेज गति से हवा चलने से अधिकतम तापमान में बहुत ज्यादा बढ़ोतरी दर्ज नहीं की गई। इसके चलते अधिकतम पारा 38.2 डिग्री सेल्सियस रहा।

## बिजली बचाने के लिए बीएसईएस की बड़ी पहल
## रिप्लेसमेंट स्कीम में बदलें पुराने एसी

**नई दिल्ली:** (पंजाब केसरी) : गर्मियों में उपभोक्ताओं की बिजली खपत काफी बढ़ जाती है और इसमें पुराने एयर कंडीशनरों का बड़ा योगदान होता है। इसे ध्यान में रखते हुए बीएसईएस ने अपने उपभोक्ताओं के लिए एसी रिप्लेसमेंट स्कीम शुरू की है। इसके तहत उपभोक्ता अपने पुराने एसी को एक्सचेंज करके कम बिजली की खपत करने वाले नए फाइव-स्टार एसी घर में लगवा सकते हैं। नए एसी पर उन्हें 63 प्रतिशत तक का डिस्काउंट मिल सकता है। यह स्कीम लिमिटेड पीरियड के लिए है। बीएसईएस प्रवक्ता के मुताबिक सामान्यतया यह देखने में आया है कि एक उपभोक्ता के कुल बिल का करीब 50 प्रतिशत हिस्सा उसके कूलिंग लोड का होता है। बीएसईएस की ऐसी स्कीम एक डिमांड साइड मैनेजमेंट से जुड़ी पहल है, जिससे उपभोक्ताओं की बिजली खपत में कमी आएगी और पर्यावरण को बेहतर बनाने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस स्कीम के तहत प्रतिष्ठित बड़े ब्रांड के एयर कंडीशनरों पर ऑफर दिए जाएंगे। पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर यह स्कीम चलेगी। यह स्कीम घरेलू उपभोक्ताओं के लिए शुरू की है और एक घरेलू उपभोक्ता एक सीए नंबर पर अधिकतम तीन एसी ले सकता है। भारी डिस्काउंट पाने के अलावा नए एसी से उपभोक्ता सालाना 3000 यूनिट से अधिक तक की बिजली बचत कर सकते हैं।

**ऐसे उठाएं स्कीम का लाभ**

दक्षिण व पश्चित दिल्ली में रहने वाले उपभोक्ता बीआरपीएल के हेल्पलाइन नंबर 19123 पर संपर्क कर सकते हैं या बीएसईएस की वेबसाइट पर विजिट कर अपना अनुरोध दर्ज करवा सकते हैं। पूर्वी व मध्य दिल्ली में रहने वाले उपभोक्ता बीवाईपीएल के हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं या बीएसईएस की वेबसाइट पर विजिट कर अपना अनुरोध दर्ज करवा सकते हैं। उसके बाद एसी कंपनी के संबंधित अधिकारी, पैनल किए गए वेंडरों के माध्यम से उपभोक्ता से संपर्क करेंगे और उनके अनुरोध पर काम करेंगे।

# पत्नी पहुंची सिंगापुर पति पहुंचा हवालात

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर एक ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार किया ह, जो फर्जी टिकट के टर्मिनल के अंदर प्रवेश किया था। बताया जा रहा है कि आरोपी सिंगापुर जा रही अपनी पत्नी को सी-ऑफ करने के लिए यह षणयंत्र रचा था। आरोपी की पहचान पंजाब निवासी जसकरण बंथ के रूप में हुई है। एयरपोर्ट पुलिस ने आरोपी जसकरण बंथ के खिलाफ आईपीसी की धारा 417/447 के तहत एफआईआर दर्ज की हैं। एयरपोर्ट सुरक्षा से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, आईजीआई एयरपोर्ट के टर्मिनल थ्री में तैनात सीआईएसएफ के इंटेलीजेंस प्रोफाइलर्स की निगाह एक ऐसे शख्स पर पड़ी, जो लंबे समय से बिना चेक-इन एरिया में इधर से उधर घूम रहा था। इस शख्स के पास कोई सामान भी नहीं था। इस शख्स की हरकतों को देखने के बाद सीआईएसएफ इंटेलीजेंस ने इस शख्स पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी शुरू की। साथ ही, सीआईएसएफ की एक टीम ने सीसीटीवी फुटेज कैमरों को खंगालना शुरू किया।

**सीसीटीवी फुटेज से समझ आया पूरा माजरा**

वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज से पता चला कि यह शख्स एक महिला के साथ शाम करीब 5 बजकर 4 मिनट पर गेट संख्या 5ए से टर्मिनल थ्री में दाखिल हुआ। टर्मिनल में दाखिल होने के बाद दोनों सिंगापुर एयरलाइंस के चेक-इन काउंटर पर पहुंचे। चेक-इन की प्रक्रिया पूरी करने के बाद महिला इमीग्रेशन एरिया में दाखिल हो गई। जबकि यह शख्स वहीं खड़ा उसे देखता रहा है। इमीग्रेशन जांच के बाद यह महिला जब प्री-इंबार्केशन सिक्योरिटी के लिए आगे बढ़ गई, इस शख्स ने चेन-इन एरिया में घूमाना शुरू कर दिया।

## पत्नी पर बुरी नजर रखने के शक में की हत्या, गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट के सराय रोहिल्ला इलाके में शक की वजह से एक अधेड़ उम्र व्यक्ति की मूसल से हमला कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने मृतक की पहचान बस्ती, यूपी निवासी राम बुझारत (56) के रूप में की है। सराय रोहिल्ला थाने में इस बाबत हत्या का मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपी रामजन्म उर्फ खेडू (50) को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े जाने के बाद आरोपी ने खुलासा करते हुए बताया कि उसे शक था कि राम बुझारत उसकी पत्नी पर बुरी नजर रखता था। इसी शक के चलते उसने अपने साथियों के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया। फिलहाल पुलिस आगे मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक मंगलवार रात पुलिस को सराय रोहिल्ला पुलिस को इलाके में अधेड़ उम्र व्यक्ति राम बुझारत की हत्या करने की सूचना मिली थी। पुलिस को घटनास्थल पर मृतक का शव खून से लथपथ मिला। साक्ष्य जुटाने के लिए क्राइम टीम और एफएसएल की टीम को बुलाया गया।

ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत्
भगवान इस जग के कण-कण में विद्यमान हैं।




संस्थापक: शहीद शिरोमणि लाला जगतनारायण जी, अमर शहीद रमेश चन्द्र जी एवं कलम के योद्धा अश्विनी कुमार जी

# शरद पवार और कांग्रेस पार्टी

**राष्ट्रवादी** कांग्रेस के नेता श्री शरद पवार का यह कहना कि लोकसभा चुनाव के बाद बहुत से क्षेत्रीय दल कांग्रेस के और निकट आ सकते हैं और कुछ अपनी पार्टी का उसमें विलय तक कर सकते हैं, बताता है कि श्री पवार चुनाव की नब्ज देखकर यह बात कह रहे हैं। शरद पवार वर्तमान राजनीति के पुरोधा माने जाते हैं और बढ़ती उम्र के बावजूद अभी सक्रिय राजनीतिज्ञ हैं। शरद पवार ने 1977 में बनी जनता पार्टी का उदाहरण देते हुए कहा है कि जिस प्रकार इस वर्ष में विभिन्न राजनीतिक दलों ने स्वयं का जनता पार्टी में विलय किया था, ठीक उसी प्रकार वर्तमान चुनाव के बाद कांग्रेस में अन्य क्षेत्रीय दल विलय कर सकते हैं। उनका यह कहना कि कांग्रेस नेता श्री राहुल गांधी विचार और सिद्धांत रूप से परिपक्व हो चुके हैं, संकेत देता है कि श्री पवार अपनी राष्ट्रवादी कांग्रेस का विलय करने पर भी विचार कर सकते हैं। उनके मत में कांग्रेस पार्टी और उनकी पार्टी में कोई अंतर नहीं है। वैचारिक व सैद्धांतिक रूप से राष्ट्रवादी कांग्रेस भी महात्मा गांधी और पंडित जवाहरलाल नेहरू की विरासत पर ही चल रही है। इससे यह आभास होता है कि देश के वरिष्ठतम राजनेता शरद पवार अपनी पार्टी का विघटन हो जाने के बाद किस दिशा में आगे बढ़ना चाहते हैं। श्री पवार स्वयं भी मूल रूप से कांग्रेसी हैं और अपनी सोच में गांधी और नेहरू को केंद्र में रखने वाले नेता माने जाते हैं। श्री पवार ने भी कांग्रेस कई बार छोड़ी और फिर वह कांग्रेस में भी आए। 1978 में महाराष्ट्र के सबसे युवा मुख्यमंत्री जब वह बने तो कांग्रेस से बाहर आकर उन्होंने अपनी अलग पार्टी बनाई और अन्य विपक्षी दलों के साथ गठबंधन करके प्रगतिशील मोर्चा बनाया तथा मुख्यमंत्री का पद संभाल परंतु श्री पवार इसके बाद मूल कांग्रेस पार्टी में आए। 1987 में कांग्रेस में आने के बाद वह पुन: मुख्यमंत्री बने थे मगर 1999 में उन्होंने कांग्रेस छोड़कर अपनी अलग राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी बनाई और तब से उनकी पार्टी का अलग वजूद है। श्री पवार के कथन को कोई भी राजनीतिक विश्लेषक सतही तौर पर नहीं देख सकता है। उनके इस कथन के भाव को समझ जाना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी के साथ श्री पवार के सैद्धांतिक मतभेद शुरू से ही रहे हैं। 1999 से पहले जब वह लोकसभा में कांग्रेस पार्टी की तरफ से विपक्ष के नेता थे तो संसद में कई बार उन्होंने भाजपा के मूल सिद्धांतों की आलोचना भी की थी। हालांकि उनकी आलोचना में आदर भाव हमेशा रहता है, इसकी वजह उनकी राजनीतिक शिक्षा-दीक्षा है जो कांग्रेस के दिग्गज कहे जाने वाले स्वर्गीय यशवंत राव चव्हाण के जेरे साया हुई थी।

श्री पवार ने जिस तरह यह स्वीकार किया है कि उनकी पार्टी और कांग्रेस में कोई भेद या अंतर नहीं है, इशारा करता है कि चुनाव संपन्न होने के बाद उनकी और कांग्रेस पार्टी का विलय होने की संभावना बहुत ज्यादा है। श्री पवार का यह कहना कि राहुल गांधी अब परिपक्व राजनीतिज्ञ हो चुके हैं और वह सभी क्षेत्रीय दलों से निकट का संपर्क बनाने में पूरी तरह गंभीर हैं, बता रहा है कि जून महीने के बाद राजनीतिक परिदृश्य किस प्रकार बदल सकता है। विभिन्न राज्यों में जो अलग-अलग नाम से कांग्रेस पार्टी चल रही है वह कांग्रेस से अलग हुए नेताओं की ही करामात है। जैसे पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस, आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस आदि ऐसी पार्टियों हैं जो कांग्रेस से अलग होने के बाद कांग्रेस के ही वोट बैंक पर जी रही हैं।

> **शरद पवार की विशेषता यह भी है कि वह उड़ती चिड़िया के पर गिन लेते हैं। उनके राजनीतिक कयास प्राय: गलत साबित नहीं होते। इसमें तब लोगों को आश्चर्य भी हुआ था जब उन्होंने पहल कदमी करके महाराष्ट्र के पिछले विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस और शिवसेना का गठबंधन कर दिया था और सरकार श्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में गठित हुई थी, हालांकि यह सरकार खुद शरद पवार की पार्टी और शिवसेना में विभाजन होने के बाद गिर गई मगर उनके राजनीतिक चातुर्य का आभास देश की जनता को तभी हुआ था क्योंकि शिवसेना और कांग्रेस का एक साथ आना राजनीति की एक बड़ी घटना मानी गई थी।**

श्री शरद पवार के कथन में भाजपा की बढ़ती शक्ति का आंकलन भी है तभी तो वह कह रहे हैं कि उत्तर प्रदेश में चाहे अखिलेश यादव हों या बिहार में लालू यादव हों, ऐसे सभी दल कांग्रेस के छाते में समाहित हो सकते हैं। वह चुनाव का ऐसा गठबंधन तैयार करना चाहते हैं जिसने 2004 से लेकर 2014 तक डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में साझा सरकार चलाई थी। एक तरह से देखा जाए तो शरद पवार को उम्मीद है कि वर्तमान लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन का अच्छा प्रदर्शन रहेगा और इसमें कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी होगी। उन्होंने राहुल गांधी की यह कहते हुए तारीफ की कि वह सभी क्षेत्रीय दलों के साथ समन्वय स्थापित करने को उत्सुक रहते हैं और उनका काम करने का तरीका समन्वयवादी है। शरद पवार की विशेषता यह भी है कि वह उड़ती चिड़िया के पर गिन लेते हैं। उनके राजनीतिक कयास प्राय: गलत साबित नहीं होते। इसमें तब लोगों को आश्चर्य भी हुआ था जब उन्होंने पहल कदमी करके महाराष्ट्र के पिछले विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस और शिवसेना का गठबंधन कर दिया था और सरकार श्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में गठित हुई थी, हालांकि यह सरकार खुद शरद पवार की पार्टी और शिवसेना में विभाजन होने के बाद गिर गई मगर उनके राजनीतिक चातुर्य का आभास देश की जनता को तभी हुआ था क्योंकि शिवसेना और कांग्रेस का एक साथ आना राजनीति की एक बड़ी घटना मानी गई थी। इन लोकसभा चुनावों में तो शरद पवार स्वयं उम्मीदवार नहीं है लेकिन उनकी पुत्री सुप्रिया सुले उस बारामती सीट से उम्मीदवार बनी हुई है जो कभी शरद पवार की सीट मानी जाती थी। पवार साहब राज्यसभा में हैं और उन्होंने अपनी राजनीतिक विरासत अपनी पुत्री को देने का काम किया है जबकि उनके भतीजे अजीत पवार भाजपा की गोदी में जाकर बैठ गए हैं। उन्होंने इस मुद्दे पर भी बेबाक राय व्यक्ति की और कहा कि अजीत दादा के लिए अब पारिवारिक समागम के रास्ते बंद हो चुके हैं। अजीत पवार श्री शरद पवार के भतीजे हैं जो अपनी पत्नी सुनेत्रा पवार को बारामती सीट से ही चुनाव लड़वा रहे हैं। हालांकि अजीत पवार का जत्था जब राष्ट्रवादी कांग्रेस से बाहर आया था तो उसे ही चुनाव आयोग ने असली राष्ट्रवादी कांग्रेस का दर्जा दिया और पार्टी का चुनाव चिन्ह भी दे दिया था। मगर राष्ट्रवादी कांग्रेस का वजूद शरद पवार से ही माना जाता है। महाराष्ट्र में आज भी शरद पवार एक लोकप्रिय नेता हैं जिनके आगे अजीत पवार का अस्तित्व ठहरता हुआ नहीं लगता है। शरद पवार ने जो राजनीतिक नक्शा खींचा है उसके अनुसार उत्तर भारत और दक्षिण भारत के जितने भी क्षेत्रीय दल हैं उनमें से अधिसंख्य कांग्रेस के साथ ही खड़े हुए हैं। यदि शरद पवार के इस बयान की समीक्षा की जाए तो यही निष्कर्ष निकलेगा कि चुनाव के बाद चाहे कोई पक्ष जीते या हारे मगर कांग्रेस के नेतृत्व में एक मजबूत विपक्षी गठबंधन वजूद में आएगा। हालांकि चुनाव के लिए इंडिया गठबंधन मौजूद है मगर इसमें कुछ आपसी खींचतान भी है जैसे कि हमने पश्चिम बंगाल में देखा कि ममता दीदी की तृणमूल कांग्रेस इस गठबंधन की सदस्य होने के बावजूद अपने बूते पर लोकसभा चुनाव लड़ रही है और पश्चिम बंगाल में कांग्रेस व मार्क्सवादी पार्टी तृणमूल कांग्रेस की विरोधी पार्टियां हैं। इसका मतलब यह भी निकाला जा सकता है कि चुनाव के बाद देशभर में जितनी भी कांग्रेस हैं वे अपना विलय श्री मल्लिकार्जुन खड़गे के इस पार्टी के अध्यक्ष रहते कर सकती हैं।

## खुद के लिए नए कपड़े नहीं लाया


गीता पाढा

"ये उस पिता की चीखों का शोर हैं,
क्यों समाज की दकियानूसी सोच ने दिया दहेज की प्रथा पर इतना जोर हैं,,
इस बार भी वो खुद के लिए नये कपड़े नहीं लाया,
और जैसे तैसे करके अपनी बेटी के दहेज का सामान जुटाया,,
कितने वर्षों से उस पिता ने भरपेट खाना नहीं खाया,
पर बारातियों के लिए शादी का खाना अपनी हैसियत से बढ़कर बनवाया,,
"कहते हैं महंगाई की सबसे बुरी मार हैं,
पर जाकर पूछों उस पिता से जिस पर अपनी बेटी के दहेज का भी कर्ज़ उधार हैं...।।"

# यह हमारी नई रॉयल्टी है



मर्यादाएं
चन्द्रमोहन
संपादक : वीर प्रताप
chander_m@ hotmail.com
BLOG: chandermohan.net

**यह** वह घटना है जिसने सारे देश को स्तंभित कर दिया है। हमारे राजनीतिक इतिहास में शायद ही कभी इस स्तर की दरिंदगी देखी गई हो। कम से कम मैंने अपने 50 साल के पत्रकारिता अनुभव में ऐसा कभी नहीं सुना था। यौन -अपराध तो सदैव से दुनिया में रहे हैं। गूगल सर्च करो तो आधुनिक समय में सबसे कुख्यात रेपिस्ट ने 200 शिकार किए थे, पर पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा का पौत्र सांसद प्रज्वल रवेन्ना तो सब कुख्यात रिकार्ड तोड़ गया है। बताया जाता है कि उसके 2976 पोर्न वीडियो हैं जो महिलाओं से ज़बरदस्ती करते वक्त उसने खुद बनाए हैं। हर उम्र की महिलाओं का अपने घर में यौन शोषण किया गया। महिलाएं रहम की भीख मांग रही थीं। घर में काम करने वाली एक महिला का वीडियो भी है जो मिन्नत कर रही है, "मेरा रेप मत करो। मैं 68 साल की हूं। मैंने तुम्हारे दादा और पिता दोनों को खाना खिलाया है"। प्रज्वल रवेन्ना इस वक्त जर्मनी भाग गया है। जिन कई सौ महिलाओं के साथ इस जानवर ने ज़बरदस्ती की उनमें घर में काम करने वाली महिलाओं के अतिरिक्त सरकारी कर्मचारी, पार्टी कार्यकर्ता और वह महिलाएं शामिल हैं जो काम करवाने उसे मिलने आईं थीं। उन्हें चुप रखने के लिए कुकृत्य की रिकार्डिंग भी की गई।

सवाल है कि हमारी राजनीति में और ऐसे कितने हैं? महिलाओं की इज्जत के प्रति ऐसी लापरवाही क्यों है? मुलायम सिंह यादव उत्तर प्रदेश के बड़े नेता रहे, मुख्यमंत्री रहे। उन्होंने एक बार रेप के बारे कहा था, "लड़के हैं, लड़कों से गलती हो जाती है"। गलती! बस इतना सा मामला है? किसी की ज़िन्दगी तबाह करने और सारी उम्र के लिए अशांत और कलंकित छोड़ना इस 'माननीय' नेता के लिए मात्र 'गलती' थी?

प्रज्वल रवेन्ना प्रकरण इस बात का ही प्रमाण नहीं कि राजनीति में एक वर्ग कितना गिर चुका है यह इस बात का प्रमाण भी है कि राजनीति में दंड से बेखौफी का किस तरह का वातावरण है। नेता ही नहीं कई बार तो उनकी औलाद और भी अधिक बेधड़क हो जाती है। 'तुम जानते नहीं कि मैं कौन हूं', की संस्कृति आम है। पंजाब के 'काके' विख्यात हैं। समझ लिया गया कि अगर कभी फंस गए तो राजनीतिक प्रभाव बचा लेगा, नहीं तो आजकल दलबदल करने का विकल्प है ही। प्रज्वल तो पूर्व प्रधानमंत्री का पोता है। बाप और चाचा दोनों प्रभावशाली राजनेता हैं। परिवार का कर्नाटक में विशेष तौर पर वोक्कालिगा समुदाय पर प्रभाव है जिस कारण हर राजनीतिक दल को कर्नाटक की असंतुलित राजनीति में उनके साथ की जरूरत पड़ती है। राजनीति ऐसे लोगों को अभय दान देती है। अय्याश और भ्रष्ट ऐसे लोग हमारी नई रॉयल्टी हैं, हर कानून और दंड से यह ऊपर हैं। यही कारण है कि महिला पहलवानों के द्वारा यौन शोषण के गम्भीर आरोप लगाने के बावजूद बृजभूषण शरण सिंह का आज तक बाल भी बांका नहीं हुआ। उसका पूर्वी उत्तर प्रदेश के 5-6 चुनाव क्षेत्रों पर प्रभाव है इसलिए चाहे उसका टिकट काट दिया गया, पर भाजपा उसके बेटे कर्ण को टिकट देने के लिए मजबूर है। यह भी दिलचस्प है कि रोज़ परिवारवाद की दुहाई देने वालों को न प्रज्वल रवेन्ना और न ही कर्ण सिंह पर कोई आपत्ति है। एक तीसरी पीढ़ी है तो दूसरा दूसरी पीढ़ी है, पर हैं तो यह भी 'डॉयनास्ट'। कर्ण सिंह को टिकट देने पर ओलम्पिक मेडल जीतने वाली महिला पहलवान साक्षी मलिक का कहना था, " भारत की बेटियां हार गईं हैं"। पर बेटियों की चिन्ता किसे है?



सब कुछ राजनीति है। महिला सशक्तिकरण की बहुत बात की जाती है, महिला आरक्षण क़ानून पारित हो चुका है, पर इसका क्या फ़ायदा जब महिलाओं की इज्जत आरक्षण पास करने वाले कुछ नेताओं या उनकी औलाद से सुरक्षित नहीं है? ऐसा केवल भारत में ही नहीं, अमेरिका में महिला उत्पीड़न के अनेक आरोप लगने के बावजूद डोनाल्ड ट्रम्प के अगले राष्ट्रपति चुने जाने की प्रबल सम्भावना है।

हमारे चुनावों पर निगरानी रखने वाली संस्था एडीआर के अनुसार संसद के 40 सांसदों पर आपराधिक मामले हैं जिनमें 25 प्रतिशत ऐसे हैं जिन पर हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण, रेप और महिलाओं के प्रति दूसरे अपराध शामिल हैं, के आरोप हैं। 21 सांसद ऐसे हैं जिनके खिलाफ महिला उत्पीड़न के मामले हैं जिनमें चार हैं जिन पर रेप के मामले दर्ज हैं। पश्चिम बंगाल में संदेशखाली के तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख और उसके गुंडों पर महिला उत्पीड़न और कब्जे के प्रयासों के अनेकों केस हैं। यह तब है जब वहां एक महिला मुख्यमंत्री की सरकार है, पर ममता बैनर्जी भी बार-बार प्रदर्शित कर चुकी हैं कि नैतिकता पर उनकी राजनीति हावी रहती है।

प्रज्वल अकेला नहीं, पर वह तो पाशविकता का हर रिकार्ड तोड़ गया। बाकी का राजनीतिक वर्ग चुनाव तक ख़ामोश रहा, मामले को और गम्भीर बना देता है। ख़ामोश रहने की साज़िश में सब शामिल थे। यह भी दु:ख की बात है कि पिछले साल अदालत ने स्थगन आदेश जारी किया कि मीडिया उसके वीडियो जारी नहीं करेगा ताकि 'उसकी प्रतिष्ठा को आघात न पहुंचे'। यह क्रूर विडंबना है कि जो ताकतवर हैं वह अपनी कथित प्रतिष्ठा को बचाने में सफल हो जाते हैं, पर जो पीड़ित हैं वह लांछन लगने के बाद कलंकित हो जाती है। इस मामले में कई महिलाओं जिनके वीडियो सार्वजनिक हुए हैं अपने परिवार समेत घर छोड़कर जाने के लिए मजबूर हैं। कई के चरित्र पर पति ही शक कर रहे हैं। यह बेक़सूर ज़िन्दगी भर के लिए दागी हो गईं हैं। उनकी ज़िन्दगी नरक बना दी गई है।

अब एसआईटी ने प्रज्वल के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी किया है। मुहावरा याद आता है कि घोड़ा तो भाग गया अब अस्तबल को ताला लगाने का क्या फ़ायदा। उसे समय रहते क्यों नहीं पकड़ा गया? कर्नाटक के भाजपा नेता देवराज गौड़ा ने दिसम्बर 2023 को अपने प्रदेश अध्यक्ष बी.वाई. विजेंदर को पत्र लिखा था "अगर हम जद(एस) के साथ तालमेल करते हैं और जद(एस) प्रत्याशी (प्रज्वल रवेन्ना) को हासन से नामांकित करते हैं तो यह वीडियो ब्रह्मास्त्र की तरह प्रयोग किए जाएंगे और हम ऐसी पार्टी की तरह कलंकित हो जाएंगे जो बलात्कारियों के परिवार से समझौता करती है", लेकिन इस चेतावनी के बावजूद समझौता किया गया और हासन से प्रज्वल को उम्मीदवार बनाया। न केवल वह बल्कि उसका बाप और देवेगौड़ा का पुत्र एचडी कुमारस्वामी भी यौन शोषण का अपराधी है और उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। देवेगौड़ा के प्रति सहानुभूति है कि देश के प्रधानमंत्री रहने के बावजूद बेटे और पौत्र के कारनामों के कारण सारे परिवार का नाम मिट्टी में मिल गया है। पर इतिहास साक्षी है कि जब बुजुर्ग सच्चाई से आंखें मूंद लेते हैं तो कई बार यह तबाही का कारण बन जाता है। अगर भीष्म पितामह चीरहरण न होने देते तो महाभारत न होता। जब द्रौपदी उनकी निष्क्रियता पर सवाल करती है तो वह कमजोर जवाब देकर कि 'धर्म सूक्ष्म' है अपना बचाव करते हैं। पर उनकी बेबसी विनाश मचा देती है।

प्रज्वल ने यह सोच लिया होगा कि वह कर्नाटक के प्रमुख परिवार से है, किस गरीब महिला की हिम्मत होगी कि उसके खिलाफ आरोप लगाए? आखिर वह खुद सांसद है। दादा पूर्व प्रधानमंत्री हैं। चाचा पूर्व मुख्यमंत्री हैं और बाप विधायक है। जब बाप खुद महिलाओं का शोषण करता रहा हो तो वैसे भी बेटे को ग़लत राह पर चलने से कैसे रोक सकता है? बाप के बारे तो बताया जाता है कि वह महिलाओं को 'स्टोर में ले जाता था'। क्या इस वर्ग की कोई जवाबदेही नहीं, विशेष तौर पर अगर आप सत्तापक्ष के साथ हो? उन्नाव रेप कांड की पीड़ित लड़की पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सेंगर को सजा दिलवाने में सफल रही, पर उसे बहुत बड़ी क़ीमत चुकानी पड़ी। पिता की 'हिरासत में मौत हो गई'। उस पर अवैध हथियार रखने का झूठा केस बनाया गया था। सेंगर के खिलाफ भी कार्रवाई तब शुरू हुई जब लड़की ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के घर के आगे आत्महत्या का प्रयास किया था।

महिलाओं के लिए कल्याणकारी योजनाएं जारी की जाती हैं, पर उन्हें वास्तव में बराबरी देने या सम्मान देने के मामले में गम्भीरता नहीं दिखाई जाती। ममता बैनर्जी और जयललिता दोनों प्रभावशाली नेत्री रही हैं, पर दोनों को जलील करने की कोशिश की जाती रही। जब वह विपक्ष की नेता थीं तो सदन के अंदर जयललिता की साड़ी खींचने तक की कोशिश की गई। करने वालों में द्रमुक के मंत्री और विधायक थे।

राष्ट्रीय महिला आयोग भी कई बार सक्रियता नहीं दिखाता लेकिन असली ज़िम्मेवारी शिखर पर बैठे लोगों की है कि वह वोट की चिन्ता छोड़कर सही परम्पराएं क़ायम करें। याद रखना चाहिए कि गठबंधन धर्म निभाते निभाते मनमोहन सिंह की सरकार इतनी बदनाम हो गई थी कि लोगों ने बोरिया-बिस्तर गोल कर दिया था। उनकी निजी ईमानदारी भी मनमोहन सिंह की सरकार को बचा नहीं सकी। ऐसे समझौतों का लगा धब्बा मिटता नहीं।

# सिखों के लिए गुरु ग्रन्थ साहिब का सम्मान सर्वोपरि



सिख सियासत
सुदीप सिंह
newsreporter.2008@gmail.com

सिख दुनिया के किसी भी कोने में क्यों ना हो उसके लिए गुरु ग्रन्थ साहिब का सम्मान सर्वोपरि होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि गुरु ग्रन्थ साहिब सिखों के जीवित गुरु हैं। गुरु गोबिन्द सिंह जी ने इस संसार को छोड़ने से पहले सिखों को शब्द गुरु के हवाले करते हुए गुरु ग्रन्थ साहिब को ही अपना गुरु मानने का आदेश दिया था तब से सिख गुरु ग्रन्थ साहिब को गुरु मानते आ रहे हैं। सिखों ने जुल्म के खिलाफ अनेक युद्ध लड़े और विजय भी प्राप्त की क्योंकि उन्हें शक्ति गुरु ग्रन्थ साहिब से ही मिलती है। समय-समय पर गुरु ग्रन्थ साहिब की बेअदबी करके सिख समुदाय की ताकत कम करने और दिलों को ठेस पहुंचाने की कोशिशें की जाती रही हैं मगर आज तक इतिहास में कहीं भी किसी ने गुरु ग्रन्थ साहिब के पावन स्वरुप वाले स्थान की चैकिंग करने की जुर्रत नहीं की। बीते दिनों हरियाणा के नारायणगढ़ में मुख्यमंत्री के आगमन से पूर्व सुरक्षा के नाम पर पुलिसकर्मियों के द्वारा इस घटना को अन्जाम दिया गया जिससे संसार भर के सिखों में रोष उत्पन्न हो गया। किसानी संघर्ष के चलते हरियाणा सरकार पहले से ही सिखों के रोष को झेलती आ रही थी कि इस घटना ने तो मानो आग में घी डालने का कार्य कर दिया। हालांकि देखा जाए तो इसमें गलती सुरक्षाकर्मियों की कम और वहां मौजूद धार्मिक सेवाएं निभाने वाले सेवादार, संगत भी इसमें जिम्मेवारी से पीछे नहीं हट सकते क्योंकि जिन सुरक्षाकर्मियों ने इस घटना को अन्जाम दिया हो सकता है कि वह सिख मर्यादा के प्रति अन्जान हों। इसलिए सिखों को चाहिए था कि उन्हें रोका जाता अगर फिर भी वह नहीं मानते तो हम अकेले सुरक्षाकर्मियों को जिम्मेवार ठहरा सकते थे, मगर इससे भी अधिक अफसोसजनक बात कि कौम के जत्थेदार साहिबान ने एक दिमागी तौर पर बीमार व्यक्ति के द्वारा गुरु ग्रन्थ साहिब की घटना पर मौत के घाट उतार दिये जाने के बावजूद किसी भी गुरुद्वारा साहिब में उसका भोग न डालने के साथ-साथ परिवार वालों से किसी भी तरह का नाता न रखने तक की बात कह डाली मगर हरियाणा में सुरक्षा के नाम पर हुई बेअदबी पर चुप्पी क्यों साधी हुई है? यह भी विचारने वाली बात है।

**गुरुद्वारा डोंगमार पर राजनीति गर्माई :** इतिहासिक गुरुद्वारा डोंगमार पर सुप्रीम कोर्ट के आए आदेश के बाद सिख राजनीति पूरी तरह से गर्मा गई है। एक-दूसरे पर जमकर आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी है। इतिहास गवाह है कि 1516 ई. में गुरु नानक देव जी पूर्व की यात्रा करते हुए जब नेपाल, भूटान के रास्ते चीन को जा रहे थे तो इस स्थान पर विश्राम के लिए रुके थे जहां लोगों ने गुरु जी से फरियाद लगाई थी कि यहां डोंगमार झील जो कि समुन्द्रतल से करीब 18000 फीट की ऊंचाई पर हिमनदी चोटी के बीचो-बीच बहती है। ऊंचाई पर होने के कारण यहां साल में 6 से 8 महीने बर्फ रहने के कारण झील पूरी तरह से जम जाती है लोगों के पास पीने के लिए भी पानी नहीं रहता तो इस पर गुरु नानक देव जी ने अपनी छड़ी झील में एक स्थान पर रखकर वरदान दिया था तब से झील का वह हिस्सा पूरा साल पानी से भरा रहता है। बाद में यहां पर गुरुद्वारा साहिब भी सुशोभित किया गया जिसकी सेवा संभाल सेना के जवानों के द्वारा की जाती रही है। अधिक ठण्ड पड़ने के समय गुरु साहिब के पावन स्वरुप को नीचे चुंगथांग गुरुद्वारा साहिब में ले जाया जाता है मगर कुछ साल पूर्व स्थानीय लोगों के द्वारा जो बौध धर्म अपनाए हुए हैं इस स्थान को अपने अनुयायी का बताया जाने लगा जिसके चलते विवाद खड़ा हो गया और सरकार के द्वारा दोनों पक्षों में विवाद की स्थिति को देखते हुए गुरु साहिब के स्वरूप को चुंगथांग गुरुद्वारा साहिब में भेज दिया गया। इसके बाद यहां से गुरुद्वारा और गुरु नानक साहिब के आगमन के सबूत मिटाने के भी पूर्ण रूप से प्रयास किए गये।

2017 में सिलीगुड़ी गुरुद्वारा साहिब की कमेटी के द्वारा हाईकोर्ट में केस दायर किया गया और शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी इसमें पार्टी बनकर केस लड़ती रही और हाईकोर्ट से हार के बाद इसे सुप्रीम कोर्ट में दायर किया गया मगर अफसोस कि सही पैरवी न होने के चलते सिख समुदाय को नामोशी का सामना करना पड़ रहा है। अब सभी राजनीतिक दल एक-दूसरे पर इसका ठीकरा फोड़ते दिख रहे हैं। जहां अकाली दल के नेता मनजीत सिंह जीके और हरविन्दर सिंह सरना इसके लिए दिल्ली गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी पर आरोप लगा रहे हैं तो वहीं दिल्ली कमेटी के महासचिव जगदीप सिंह काहलो ने साफ किया है कि इसमें दिल्ली कमेटी किसी भी तरह से जिम्मेवार नहीं है क्योंकि न तो वह पार्टी थी और न ही केस की पैरवी कर रहे थे। उनके द्वारा इसके लिए सीधे तौर पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी को जिम्मेवार ठहराया जा रहा है जिन्होंने इतने संवेदनशील मामले के बावजूद कोई काबिल वकील खड़ा करने की सोच ही नहीं रखी। दूसरी ओर गुरुद्वारा चुंगथांग की सेवा संभाल कर रहे बाबा यादविन्दर सिंह, कारसेवा दिल्ली वालों के द्वारा भी साफ किया गया है कि दिल्ली कमेटी का इसमें कोई रोल ही नहीं है वह तो सिक्किम के सिखों की अपील पर केवल बौधियों पर दबाव बनाने के लिए हर तारीख पर पहुंचते रहे हैं। अब इसमें कसूरवार कोई भी हो मगर एक बात तय है कि सिख नेताओं की आपसी खींचतान के चलते सिखों का एक और इतिहासिक स्थल सिखों के हाथ से जाता दिख रहा है। अभी भी समय है पार्टीवाद से ऊपर उठकर सभी को इस विषय को गंभीरता से लेते हुए आगे की रणनीति पर मिलकर विचार करना चाहिए।

**गुरुद्वारा मजनूं का टिल्ला का रास्ता खुलना चाहिए :** दिल्ली के गुरुद्वारा मजनूं का टिल्ला के सामने वाला रास्ता बन्द होने के चलते गुरुद्वारा साहिब आने वाले श्रद्धालुओं को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। केवल रास्ता ही बन्द नहीं किया गया बल्कि एक दीवार ही खड़ी कर दी गई है जिससे गाड़ियां तो दूर पैदल भी नहीं निकला जा सकता। अब इसके पीछे किसकी सोच काम कर रही है यह तो पता नहीं पर इतना जरूर कहा जा सकता है कि एक सोची-समझी साजिश के तहत ऐसा किया गया है। समाज सेवी गुरमीत सिंह सूरा का कहना है कि प्रशासन के द्वारा ट्रैफिक जाम का हवाला दिया जा रहा है मगर मजनूं का टिल्ला के सिग्नल से पीछे दोनों ओर लम्बा जाम रहता है फिर इसी सिग्नल पर रास्ता क्यों बन्द किया गया। इससे पहले सिख श्रद्धालुओं को गुरुद्वारा शीश गंज साहिब में भी सुबह 9 बजे से लेकर रात्रि 9 बजे के बीच जाने पर 20 हजार के चालान भेजे जा रहे थे, काफी संघर्ष के बाद संगत के द्वारा ही उसका अस्थाई हल निकाला गया है। सिख समुदाय दोनों स्थानों के रास्ते स्थाई तौर पर खुलवाने की मांग सभी उम्मीदवारों से करता दिख रहा है और सभी इस पर आश्वासन भी देते दिख रहे हैं। अब यह तो समय ही बताएगा कि कौन अपने वायदों पर खतरा उतरता है और सिख समाज के गुरुद्वारों के रास्तों में आने वाली अड़चनों को दूर कर पाता है।



**विदेश में जाकर पंजाबी का प्रचार :** आमतौर पर देखने में आता है कि लोगों का पंजाबी भाषा के प्रति प्यार दिन प्रतिदिन कम होता जा रहा है। ज्यादातर पंजाबी घरानों में बड़े बुजुर्गों को छोड़ दें तो युवा वर्ग अक्सर हिन्दी में ही बात करता दिखाई देता है। इसके लिए सरकारों को दोष देने से पहले पंजाबियों को अपने स्वयं के अन्दर पंजाबी भाषा के प्रति जुनून पैदा करना होगा। बचपन से ही बच्चों को पंजाबी भाषा बोलना ही नहीं लिखना-पढ़ना भी सिखाना होगा। बचपन में तो लोग बच्चों को इसकी आदत डालते नहीं फिर बड़े होकर बच्चों को दोष देते हैं कि पंजाबी क्यों नहीं सीखते। मगर अभी भी पंजाबी हैल्पलाइन संस्था के इकदीप सिंह गिल जैसे लोग हैं जो पंजाबी भाषा का प्रचार देश ही नहीं बल्कि कनाडा की धरती पर भी जाकर कर रहे हैं। कनाडा के मिसिसॉगा में पोस्ट ग्रेजुएशन की पढ़ाई के लिए गए छात्र इकदीप सिंह गिल ने कैनेडियन यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित 'कॉनवोकेशन प्रोग्राम' में डिग्री लेने से पहले सभी को पंजाबी भाषा में सम्बोधन किया। वह युवाओं को यथा संभव पंजाबी भाषा बोलने के लिए प्रोत्साहित करते हैं और उन्हें अपनी मातृभाषा पंजाबी पर गर्व करने के लिए कहते हैं। इकदीप सिंह गोरों (अंग्रेजों) को पंजाबी भाषा से जोड़ने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि पंजाबी भाषा का ज्ञान उन्हें अपने दादा, नाना और पिता से विरासत में मिला है।



# भारत ने सोलर एनर्जी उत्पादन में जापान को पीछे छोड़ा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : सौर ऊर्जा के उपयोग पर जोर के साथ भारत बीते साल जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक बन गया है। वैश्विक ऊर्जा क्षेत्र में काम कर रहे शोध संस्थान एंबर की एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। भारत 2015 में सौर ऊर्जा के उपयोग के मामले में नौवें स्थान पर था। 'ग्लोबल इलेक्ट्रिसिटी रिव्यू' शीर्षक से जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2023 में वैश्विक बिजली उत्पादन का 5.5 प्रतिशत सौर ऊर्जा के रूप में हुआ। वैश्विक रुख के अनुरूप भारत ने पिछले साल कुल बिजली उत्पादन का 5.8 प्रतिशत सौर ऊर्जा से प्राप्त किया। एंबर के एशिया कार्यक्रम के निदेशक आदित्य लोला ने कहा, ''हरित बिजली क्षमता बढ़ाना सिर्फ बिजली क्षेत्र में कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए नहीं है। बल्कि अर्थव्यवस्था में बढ़ती बिजली की मांग को पूरा करने और आर्थिक वृद्धि को उत्सर्जन से अलग करने के लिए भी इसकी आवश्यकता है...।''



रिपोर्ट के अनुसार, सौर ऊर्जा ने लगातार 19वें वर्ष दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते बिजली स्रोत के रूप में अपनी स्थिति बरकरार रखा है। बीते वर्ष दुनियाभर में कोयले की तुलना में इस स्वच्छ ऊर्जा स्रोत से दोगुने से अधिक बिजली जोड़ी गई। भारत में 2023 में सौर ऊर्जा उत्पादन में जो वृद्धि है, वह दुनिया की चौथी सबसे बड़ी वृद्धि थी। भारत इस मामले में चीन, अमेरिका और ब्राजील से पीछे रहा। इन चारों देशों की सौर ऊर्जा वृद्धि में हिस्सेदारी 2023 में 75 प्रतिशत रही। एंबर ने कहा कि 2023 में वैश्विक सौर उत्पादन 2015 की तुलना में छह गुना अधिक था। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में बिजली उत्पादन में सौर ऊर्जा का योगदान 2015 में 0.5 प्रतिशत था जो 2023 में बढ़कर 5.8 प्रतिशत हो गया। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) के शुद्ध रूप से शून्य उत्सर्जन परिदृश्य के अनुसार, 2030 तक सौर ऊर्जा वैश्विक बिजली उत्पादन का 22 प्रतिशत तक बढ़ जाएगी।

# अधिकारी ने चुनाव ड्यूटी के दौरान 'मानसिक उत्पीड़न' का आरोप लगाया

**गुवाहाटी,** (पंजाब केसरी) : असम की एक क्षेत्राधिकारी ने नलबाड़ी के जिला आयुक्त (डीसी) के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है और अपने वरिष्ठ अधिकारी पर चुनाव ड्यूटी के दौरान 'मानसिक उत्पीड़न, सार्वजनिक रूप से अपमानित करने और धमकी देने ' का आरोप लगया है। शिकायत पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए नलबाड़ी की डीसी वर्णाली डेका ने आरोप लगाया कि पश्चिमी नलबाड़ी की क्षेत्राधिकारी (सीओ) अर्पणा शर्मा ने अपनी ड्यटी को 'नजर अंदाज' किया और अपनी ड्यूटी पूरा किए बिना ही वह राजकीय गुरदन उच्चतर माध्यमिक स्कूल में स्थापित केंद्रीय चुनाव प्रबंधन केंद्र को देर रात दो बजे 'छोड़' कर चली गईं। नलबाड़ी जिला बारपेटा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है जहां मंगलवार को तीसरे चरण के तहत मतदान हुआ। अपनी शिकायत में शर्मा ने आरोप लगाया कि उन्हें तिहू विधानसभा के ''इश्यू और रसीद काउंटर'' की जिम्मेदारी सौंपी गई थी और इसके लिए दिन में ही व्हाट्सएप पर आदेश जारी कर दिया गया था।

दिल्ली आर.एन.आई. नं. 40474/83
पंजाब केसरी
दिल्ली कार्यालय :
फोन आफिस: 011-30712200, 45212200,
प्रसार विभाग: 011-30712224
विज्ञापन विभाग: 011-30712229
सम्पादकीय विभाग: 011-30712292-93
मैगजीन विभाग: 011-30712330
फैक्स : 91-11-30712290, 30712384, 011-45212383, 84
Email: Editorial@punjabkesari.com

स्वत्वाधिकारी दैनिक समाचार लिमिटेड, 2-प्रिंटिंग प्रैस कॉम्पलैक्स, नजदीक वजीरपुर डीटीसी डिपो, दिल्ली-110035 के लिए मुद्रक, प्रकाशक तथा सम्पादक अनिल शारदा द्वारा पंजाब केसरी प्रिंटिंग प्रैस, 2-प्रिंटिंग प्रैस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से मुद्रित तथा 2, प्रिंटिंग प्रैस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से प्रकाशित।

# जाह्नवी कपूर ने शिखर पहाड़िया संग अपनी शादी की खबरों पर तोड़ी चुप्पी



**एक्ट्रेस** जाह्नवी कपूर अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ-साथ अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी अक्सर चर्चा में रहती हैं। लंबे समय से वह शिखर पहाड़िया को डेट कर रही हैं।

दोनों के एक साथ कई बार वेकेशन पर और डिनर डेट पर स्पॉट किया जा चुका है। हालांकि पिछले कुछ दिनों से जाह्नवी मीडिया में एक अलग अंदाज से अपने प्यार पर मुहर लगाती नजर आ रही हैं।

महीनों पहले मैदान की स्क्रीनिंग के दौरान उन्होंने शिखु नाम का पेंडेंट गले में पहना था, जो शिखर पहाड़िया का निकनेम है। इसके बाद एक इवेंट में भी वह इसे पहने नजर आईं थी, लेकिन ऑफिशियली अनाउंस नहीं किया। इन सबके बीच खबर सुनने को मिली रही हैं कि ये दोनों शादी करने वाले हैं। हालांकि, इन खबरों पर जाह्नवी ने चुप्पी तोड़ी है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, जान्हवी कपूर को लेकर सोशल मीडिया पर उनकी शादी की खबर काफी वायरल हो रही थी,



जिसमें कहा जा रहा है कि वह शिखर पहाड़िया के साथ तिरुपति बालाजी मंदिर में फेरे लेंगी। अब इन खबरों पर जान्हवी ने टिप्पणी की है और कहा है कुछ भी।

इंस्टाग्राम पर पपराज़ी पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए, जान्हवी ने टिप्पणी की, कुछ भी। कई फैंस ने जान्हवी की टिप्पणी के तहत हंसते हुए चेहरे के इमोटिकॉन के साथ प्रतिक्रिया व्यक्त की।



# पुष्पा पांडे बन लौटीं हुमा कुरैशी

**हुमा** कुरैशी ने जॉली एलएलबी 2 में पुष्पा पांडे नाम का किरदार अदा किया था। फिल्म की तीसरे पार्ट में भी वो इसी रोल के साथ वापसी कर रही हैं। एक्ट्रेस ने फिल्म के सेट अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसे को- स्टार अक्षय कुमार ने क्लिक किया है। फोटो को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने जानकारी दी कि वो जॉली एलएलबी 3 का हिस्सा हैं। अक्षय कुमार ने खींची हुमा की तस्वीरें हुमा कुरैशी ने पिंक कलर के आउटफिट में अपनी सन किस्ड तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट की हैं। इसके साथ ही कैप्शन में उन्होंने लिखा, जॉली एलएलबी 3 में पुष्पा पांडे वापस लौट आई है और पिंक कलर में खूबसूरत लग रही है, जिसे अक्षय कुमार ने क्लिक की है... जरुरत जब आप खुश होते हैं।

अक्षय-अरशद होंगे आमने-सामने साल 2013 में जॉली एलएलबी में अरशद वारसी, अमृता राव और सौरभ शुक्ला ने लीड रोल निभाया था। फिल्म का कोर्ट रूम ड्रामा दर्शकों को खूब पसंद आया था। इसके बाद साल 2017 में जॉली एलएलबी 2 आई। जिसमें अक्षय कुमार, हुमा कुरैशी, अन्नू कपूर और सौरभ शुक्ला ने अहम किरदार निभाया था। वहीं, अब जॉली एलएलबी 3 में अक्षय कुमार और अरशद वारसी लीड रोल में हैं। फिल्म में दोनों एक-दूसरे खिलाफ नजर आएंगे। वहीं, सौरभ शुक्ला एक बार फिर बतौर जज वापसी करेंगे।



# श्वेता तिवारी ने 43 साल की उम्र में दिखाया बोल्ड अवतार

**कहा** जाता है कि उम्र तो सिर्फ एक नंबर है. लेकिन हर कोई इस बात को साबित नहीं कर पाता। लेकिन 43 वर्षीय एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने इस कहावत को जरुर साबित कर दिया है अपने लेटेस्ट इंस्टाग्राम पोस्ट से, जिसमें वह संमदर किनारे खूबसूरत आउटफिट में पोज देती हुई नजर आ रही हैं. वहीं इन तस्वीरों को देख फैंस का रिएक्शन भी सामने आ रहा है और फैंस प्यार बरसाते हुए नजर आ रहे हैं। तस्वीरों पर हार्ट इमोजी के साथ कमेंट की भरमार लग गई है, जिसके चलते उनका लेटेस्ट इंस्टाग्राम पोस्ट तेजी से वायरल हो रहा है। इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए पोस्ट में श्वेता तिवारी को वाइट ब्रालेट और ब्लैक शॉर्ट्स में समंदर किनारे पोज देते हुए देखा जा सकता है। जो लोग नहीं जानते उन्हें बता दें कि एक्ट्रेस थाइलेंड वेकेशन पर हैं, जहां से वह खूबसूरत क्रिस्टल नीले समंदर की तस्वीरें फैंस के लिए शेयर कर रही हैं।

अब दानियों के अनुरोध पर 'एक मिशन एक सेवा' का प्रकाशन प्रतिदिन किया जा रहा है ताकि दानदाता अपने प्रियजनों के जन्मदिन, पुण्यतिथि, वैवाहिक वर्षगांठ या किसी खास मौके की तिथि विशेष पर अपनी इच्छानुसार दान राशि प्रकाशित करा सकें।

## एक मिशन एक सेवा

बुढ़ापा जीवन का अटल सत्य है। गरीबी, बीमारियां, तथा अपनों का मुंह फेर लेना, इसे अभिशाप बना देते हैं। आईये! ऐसे बुजुर्गों का सहारा बनें। सुखी-सम्पन्न लोगों के सहयोग से इनका अकेलापन, दुःख दूर किये जा सकते हैं। ताकि भावी पीढ़ी इनसे प्रेरणा ले सके।

| | |
|---|---|
| **पंजाब केसरी दैनिक समाचार पत्र समूह-** | 2000रु |
| **श्री महावीर सिंह-** | 1100रु |
| **कुल राशि =** | 3100रु |

### दानियों के लिए विशेष सूचना

वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब के लिए दान देने वाले सज्जन अब देशभर में **पंजाब नैशनल बैंक** की किसी भी शाखा में जाकर सहायता राशि जमा करवा सकते हैं, इसके लिए ध्यान रखें कि उक्त राशि **वृद्ध केसरी, रोमेश चंद्र ट्रस्ट के अकाऊंट नंबर** 3075002102006705 में देय होनी चाहिए। हमारा अनुरोध है कि सहायता राशि जमा करवाने के बाद हमें सूचित जरूर करें, ताकि रसीद भेजी जा सके। यह राशि आयकर छूट प्राप्त है। **जो सज्जन पंजाब नैशनल बैंक की किसी शाखा में नकद राशि जमा कराएं, वे बैंक की रसीद हमें कोरियर करा दें, ताकि आपको हम रसीद भेज सकें। सभी दानकर्ताओं से अनुरोध है कि दान भेजते समय पूरा पता, टेलीफोन नंबर और पैन कार्ड नंबर भी साथ में लिखें।**

दिल्ली के बाहर के दानकर्ता 500/- रुपए से कम की दानराशि कृपया ड्राफ्ट या मनीआर्डर से ही भेजें

कृपया अपना ड्राफ्ट या चैक **वृद्ध केसरी रोमेश चंद्र ट्रस्ट**, के नाम बना कर हमें भेजें। सभी दानी सज्जनों के नाम प्रति दिन प्रकाशित किए जाएंगे। लेकिन फोटो 5100/- या इससे अधिक की दान राशि देने वाले सज्जनों के प्रकाशित किए जाएंगे। दान के लिए पंजाब केसरी कार्यालय में प्रातः 10 से 5.30 बजे तक सम्पर्क करें।

*** यह राशि आयकर कानून की धारा 80-जी के अन्तर्गत करमुक्त है!**

**पता :- वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब**
2, प्रिंटिंग प्रेस काम्प्लेक्स, नियर वजीरपुर डिपो, दिल्ली-35

**दान के लिए कृपया 011-30712376, 09871598497 पर ही संपर्क करें। यदि कोई सज्जन या संस्था हमारे नाम से पैसा इकट्ठा करे तो इसका जिम्मेदार वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब नहीं होगा।**

# पति संग प्रेग्नेंसी एंजॉय कर रहीं दीपिका पादुकोण



**मई** के पहले सोमवार को न्यूयॉर्क शहर में मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट में आयोजित दुनिया के सबसे बड़े फैशन इवेंट मेट गाला 2024 में बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट से लेकर कई हॉलीवुड स्टार्स अपने यूनिक फैशन के साथ पैपराजी के सामने पोज देते नजर आए, लेकिन इस इवेंट से एक जाना-माना चेहरा नदारद रहा, जो हर साले मेट गाला के रेड कार्पेट पर अपने स्टाइल और लुक से फैंस को दीवाना बना देती हैं।वो हैं बॉलीवुड इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण। हाल ही में सोशल मीडिया पर एक फोटो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें दीपिका अपने पति और एक्टर रणवीर सिंह के साथ नजर आ रही हैं। दोनों की ये फोटो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म रेडिट पर वायरल हो रही है, जिसमें ये दावा किया जा रहा है कि दोनों एक साथ वेकेशन एंजॉय करते नजर आ रहे हैं। इसका साथ ही फोटो में दीपिका का बेबी बंप भी नजर आ रहा है। इस दौरान एक्ट्रेस पिंक कलर के लॉन्ग आउटफिट में नजर आ रही हैं।

**बेबीमून एंजॉय कर रहीं दीपिका पादुकोण**
साथ ही उन्होंने अपने बालों को बांधा हुआ है और हाथ में एक बैग कैरी कर रखा है। इसके अलावा एक्ट्रेस ब्लैक सनग्लासेस लगाए सीढ़ियों से उतरती नजर आ रही हैं। वहीं, उनके पीछे उनके पति और एक्टर रणवीर भी व्हाइट टी-शर्ट के साथ जौगर और कैप लगाए नजर आ रहे हैं। दीपिका-रणवीर की वायरल फोटो देख नेटिज़ेंस अनुमान लगा रहे हैं कि एक्ट्रेस इस समय अपने बेबीमून पर हैं।



# अल्लू अर्जुन ने

## अपनी फिल्म आर्या के 20 साल पूरे होने का जश्न मनाया

**आज** तेलुगु फिल्म उद्योग में सबसे प्रसिद्ध अभिनेताओं में से एक, अल्लू अर्जुन ने अपने अभिनय करियर का पहला मोड़ 2004 में आर्या की रिलीज के साथ लिया था। निर्देशक सुकुमार के साथ पुष्पा अभिनेता के ऑन-स्क्रीन सहयोग को चिह्नित करने वाली यह फिल्म न केवल उनकी पहली बड़ी ब्लॉकबस्टर थी, बल्कि उन्हें उद्योग में बहुत प्रसिद्धि भी मिली। आर्या के 20 साल पूरे होने का जश्न मनाते हुए अल्लू अर्जुन ने सोशल मीडिया पर एक खास पोस्ट शेयर किया और आभार व्यक्त किया. मैंने फिल्म के सेट से कुछ अनदेखी तस्वीरें भी साझा की हैं, जिसका शीर्षक है, मीठी यादें। एक एक्स पोस्ट में, अल्लू अर्जुन ने आर्य के 20 साल पूरे होने का जश्न मनाते हुए एक नया पोस्टर साझा किया और लिखा, आर्या के 20 साल। यह सिर्फ एक फिल्म नहीं है... यह समय का एक क्षण है जिसने मेरे जीवन की दिशा बदल दी। हमेशा के लिए आभार। एक अन्य ट्वीट में, मैंने सह-अभिनेताओं अनुराधा मेहता और शिवा बालाजी के साथ-साथ एक ही फ्रेम में युवा सुकुमार के साथ पुरानी तस्वीरें शामिल कीं। उन्हें अन्य क्रू सदस्यों के साथ बातचीत करते और एक दृश्य पर चर्चा करते हुए देखा जा सकता है। यह ध्यान रखना उचित है कि अभिनेता-निर्देशक की जोड़ी पुष्पा: द राइज के लिए साथ आई थी और इस साल इसके सीक्वल, पुष्पा: द रूल के लिए एक साथ आएगी।








# नौकरानी के साथ अपने इंटीमेट सीन पर सोनाक्षी ने तोड़ी चुप्पी

**सोनाक्षी** सिन्हा इन दिनों अपनी सीरीज हीरामंडी– द डायमंड बाजार को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी इस सीरीज में सोनाक्षी फरीदन का किरदार निभाती नजर आ रही हैं। हीरामंडी सीरीज के एक सीन में समलैंगिक फोरप्ले दृश्य दिखाया गया है, जिसे लेकर सोशल मीडिया पर भी विवाद खड़ा हो गया है। अब सोनाक्षी ने इसे लेकर चुप्पी तोड़ी है। आइए जानते हैं कि अभिनेत्री ने क्या कहा है।

सीरीज के एक सीन में फरीदन को अपनी एक नौकरानी के साथ इंटीमेट सीन दिखाया गया था, जिसका अर्थ उनके बीच यौन संबंध था। हालांकि, कुछ लोगों का कहना है कि सीन में ऐसा कुछ भी नहीं दिखाया गया है, जिसे लेकर विवाद खड़ा किया जाए। हालांकि, अब अभिनेत्री सोनाक्षी का कहना है कि उन्हें इस सीन में कुछ भी खराबी नहीं दिखी है। इस सीन के पीछे की वजह का खुलासा करते हुए सोनाक्षी ने कहा, जब वह नौ साल की लड़की थी तो उसे बेच दिया गया था। शायद इसीलिए वह पुरुषों से बिल्कुल नफरत करती है। ऐसा हो सकता है, उन्होंने इसे बहुत खुला छोड़ दिया हो, जो लोग ट्रोल कर रहे हैं, उन्होंने उस एक दृश्य के अलावा इसे आगे नहीं देखा, जहां वह चौधरी साहब से मिलती है और अपनी नौकरानी के साथ होती है। सोनाक्षी ने आगे कहा, यह एक बहुत ही विशाल दुनिया है और भंसाली सर ने इसके विभिन्न पहलुओं को छोटे-छोटे तरीकों से इस्तेमाल किया है। आगे हीरामंडी को मिल रहे फीडबैक पर सोनाक्षी ने कहा, मैंने वर्षों बाद ऐसी स्क्रीनिंग देखी। वह मेरे पूरे करियर में सबसे बड़े प्रीमियरों में से एक था। मैं उस दिन बहुत सारे लोगों से मिली, लेकिन रेखा मैम हीरामंडी से बहुत प्रभावित थीं। मुझे अच्छा लग रहा है कि भले ही काफी दिनों के बाद, लेकिन मुझे दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। ●



# मेट गाला में इन इंडियंस ने बिखेरा फैशन का जलवा

**हर** साल की तरह इस बार भी फैशन इवेंट मेट गाला को लेकर सुर्खियां काफी गर्म हैं। 2024 के मेट गाला में एक बार फिर से इंडियन सेलेब्स ने अपने-अपने स्टाइलिश लुक से हर किसी का ध्यान खींच लिया है। आलिया भट्ट लेकर देश के मशहूर बिजनेसमैन मुकेश अंबानी की बेटी ईशा अंबानी सहित तमाम भारतीय हस्तियों ने फैशन के इस बाजार में अपना जलवा बिखेरा है।











ऐसे में आइए जानते हैं उन भारतीय सेलेब्स के बारे में जानते हैं, जिन्होंने मेट गाला के रेड कार्पेट पर अपने लुक्स से महफिल लूट ली है।

**नताशा पूनावाला**

सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के सीईओ आदार पूनावाला की पत्नी नाताशा पूनावाला ने एक बार फिर से मेट गाला में अपने लुक्स से हर किसी को इंप्रेस किया है।

**सुधा रेड्डी**

बिजनेस वुमेन और समाजसेवी सुधा रेड्डी भी इस बार मेट गाला लुक को लेकर चर्चा में रहीं। फैशन डिजाइनर तरुण गेहलानी के ऑफ शोल्डर ऑफ व्हाइट गाउन में सुधा किसी अप्सरा से कम नहीं लगीं।

**मिंडी कलिंग**

भारतीय मूल की अमेरिकी एक्ट्रेस मिंडी कलिंग का नाम भी इस लिस्ट में शामिल हैं। डिजाइनर गौरव गुप्ता के स्ट्रैक्टर गाउन में वह मेटा गाला 2024 के दौरान बला की खूबसूरत दिखाई दी हैं।

**मोना पटेल**

इंडियन उद्यमी मोना पटेल इस बार के मेट गाला फैशन इवेंट के जरिए पहली बार इस मंच पर हिस्सा लिया है। फैशन डिजाइनर इरिस वान हार्पन द्वारा डिजाइन की बटरफ्लाई और फ्लटर स्टाइलिश ड्रेस को पहन मोना हर किसी को आकर्षित किया है।

**आलिया भट्ट**

फैशन डिजाइनर सब्यसाची की मिंट ग्रीन फ्लोरल साड़ी को पहन कर आलिया भट्ट ने इस बार के मेटा गाला में देसी वाइव्स मेच कराई हैं। अपने बेहतरीन लुक को लेकर आलिया काफी छाई हुई हैं।

**ईशा अंबानी**

आलिया भट्ट की सहेली ईशा अंबानी ने भी मेट गाला फैशन इवेंट में इस बार साड़ी पहन कर जलवा बिखेरा। उनकी इस स्टाइलिश साड़ी को तैयार होने में करीब 10 हजार घंटों का समय लगा।

**सब्यसाची मुखर्जी**

भारत के फेमस फैशन डिजाइनर सब्यसाची मुखर्जी ने इस बार मेट गाला में इतिहास रचा है। दरअसल वह पहले ऐसा इंडियन फैशन डिजानइर बने हैं, जिन्होंने मेट गाला रेड कार्पेट पर वॉक किया है। ●





with you hamesha | xmart

*Credit at sole discretion of bank. #Subject to credit approval from the Bank/ Finance company. All other terms & conditions will apply. This offer cannot be clubbed with any other offer. Offer mentioned is maximum benefit available inclusive of insurance, exchange, loyalty, corporate as applicable. Offer will vary depending on the brand and model purchased and may vary from city to city. Contact your nearest Mahindra dealer for exact details. Terms of the offer may be altered/ amended/withdrawn without prior notice Accessories shown are not part of standard equipment. ^T&C Apply. *Offer valid till 31st May 2024

• SOUTH WEST DELHI : SHUBAN SAI MAHINDRA :MARBLE MARKET, DWARKA/SEC - 20, : 8178101584, MADHU VIHAR, RAJAPURI: 8178101995 NAJAFGARH: 8178102134 • CENTRAL DELHI : MALWA MAHINDRA : KAROL BAGH : 9289524166, DARYAGANJ : 9289923362, 9289809360, •WEST DELHI: SRI DURGA : MOTI NAGAR: 7290055624, INDRAPRASTHA AUTOMOBILES : PEERAGARHI: 7290055619, INDRAPRASTHA AUTOMOBILES : JANAKPURI : 9821500363, MALWA MAHINDRA : NARAINA : 92056 66547 • EAST DELHI : INDRAPRASTHA AUTOMOBILES : ASHOK NAGAR : 9953424546, SHIVA AUTO : DILSHAD GARDEN METRO STATION/PATPARGANJ : 8929172582 • SOUTH DELHI : MALWA MOTORS : MAHIPALPUR : 9289773666, KONCEPT AUTOMOBILES : LAJPAT NAGAR : 7290055631, SHIVA AUTO : SAKET : 7669783680, SYNERGY CARS : SAFDARJUNG ENCLAVE: 7290055630, UNITED AUTOMOBILES : MOHAN ESTATE : 9289524154, KONCEPT AUTOMOBILES : OKHLA PHASE - I : 9999010116, 7669459607 • NORTH DELHI : INDRAPRASTHA AUTOMOBILES : WAZIRPUR : 7290055619, SHAKTI NAGAR : 9311011260, NARELA : 9289263814 • NORTH WEST DELHI : INDRAPRASTHA AUTOMOBILES : PRASHANT VIHAR : 9289263813 • FARIDABAD : UNITED AUTOMOBILES : NHPC CHOWK : 7428081661, PRIME AUTOMOBILES : YMCA CHOWK/HODAL /PALWAL: 7290055625 • NOIDA : KONCEPT AUTOMOBILES : NOIDA ( SEC-2 ): 7290055627, NOIDA ( SEC-63 ): 7290055628 • GREATER NOIDA : KONCEPT AUTOMOBILES : GREATER NOIDA /JEWAR : 7290055627 • GURUGRAM : DEE EMM : ATUL KATARIA CHOWK /PATAUDI /SECTOR-14 : 8929648040, GOLF COURSE : 8929648021, KONCEPT AUTOMOBILES : MG ROAD: 7290055620, SOHNA ROAD: 7290055621, RAJEEV CHOWK: 8588868806, SOHNA : 9899794379, ARAV MOTORS : MANESAR : 9289220861 • GHAZIABAD : SHIVA AUTO : VAISHALI METRO STATION: 7290055615, MODINAGAR : 07669700992, LOHIA NAGAR: 7290055612, HAPUR:7290055614, BULANDSHAHAR: 7617595010,8929088709 • HARYANA : LOHCHAB MOTORS :JHAJJAR /BAHADURGARH /ROHTAK/MEHAM : 8059888800, DEWAN FOURWHEELS PVT LTD: REWARI-8607600241, 8607600251, DHARUHERA-8607600207, NARNAUL-8607600220, 8607600243, MOHINDERGARH- 8743812345, PP AUTOMOTIVE : SONIPAT /PANIPAT /KARNAL : 7574808718

Price Rs. 4.50 (वार्षिक शुल्क 1980 रुपए डाक द्वारा) PunjabKesari.com PunjabKesari.com @punjabkesaricom पंजाब केसरी DELHI
R.N.I. No. 404 74/83, Postal Regn.No. DL(N)/0169/2018-20, Posted at Delhi RMS Delhi-6

ग्लोबल Window

## भाग्यशाली हूं कि 'पीरियड ड्रामा' का चेहरा बनी : अदिति



**नई दिल्ली, (भाषा):** अभिनेत्री अदिति राव हैदरी को ऐतिहासिक पृष्ठभूमियों पर आधारित फिल्मों और शो (पीरियड ड्रामा) में अभिनय के लिए पहचान पाने पर सुखद अनुभूति होती है, लेकिन अब वह किसी अच्छी 'मिस्ट्री थ्रिलर' फिल्म में काम करना चाहती हैं। हैदरी को हाल में संजय लीला भंसाली की विभाजन के पूर्व के कालखंड पर आई शृंखला 'हीरामंडी: द डायमंड बाजार' में देखा गया। 'पीरियड ड्रामा' में उनके काम की शुरुआत 2018 में आई भंसाली की फिल्म 'पद्मावत' के साथ हुई थी।

# प्रवासियों ने भारत को बना दिया नंबर वन



- 2022 में 111 अरब डॉलर स्वदेश भेजकर रचा इतिहास

**संयुक्त राष्ट्र, (भाषा):** संयुक्त राष्ट्र प्रवासन एजेंसी ने कहा कि भारत को 2022 में 111 अरब डॉलर का प्रेषित धन प्राप्त हुआ, जो दुनिया में सबसे अधिक है और इसी के साथ भारत न केवल 100 अरब डॉलर के आंकड़े तक पहुंचने, बल्कि इसे पार करने वाला पहला देश बन गया है। 'इंटरनेशनल आर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन' (आईओएम) ने मंगलवार को जारी अपनी विश्व प्रवासन रिपोर्ट, 2024 में कहा कि 2022 में प्रेषित धन प्राप्त करने वाले शीर्ष पांच देशों में भारत, मेक्सिको, चीन, फिलीपीन और फ्रांस शामिल हैं। प्रेषित धन या 'रेमिटेंस' का आशय प्रवासियों द्वारा मूल देश में मित्रों और रिश्तेदारों को किए गए वित्तीय या अन्य तरह के हस्तांतरण से है।

रिपोर्ट में कहा गया है, 'भारत बाकी देशों में सबसे ऊपर रहा और उसे 111 अरब डॉलर से अधिक धनराशि मिली। मेक्सिको 2022 में दूसरा सबसे ज्यादा प्रेषित धन प्राप्त करने वाला देश रहा था। यह स्थान उसने 2021 में चीन को पीछे छोड़कर हासिल किया था। रिपोर्ट के आंकड़ों के अनुसार, भारत 2010 (53.48 अरब डॉलर), 2015 (68.91 अरब डॉलर) और 2020 (83.15 अरब डॉलर) में भी प्रेषित धन प्राप्त करने वाला शीर्ष देश रहा था। उसे 2022 में 111.22 अरब डॉलर का प्रेषित धन मिला था। दक्षिणी एशिया में तीन देश भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश दुनिया में अंतरराष्ट्रीय रूप से प्रेषित धन प्राप्त करने वाले 10 शीर्ष देशों में शामिल रहे।

आईपीएल का धूमधड़ाका

# सनराइजर्स की रिकार्ड तोड़ जीत

- हैदराबाद ने आईपीएल के इतिहास में सबसे कम ओवरों में जीत हासिल करने का रिकार्ड बनाया
- मात्र 9.4 ओवर में बिना कोई विकेट गंवाये 166 का लक्ष्य हासिल किया



**हैदराबाद, (पंजाब केसरी) :** ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा की आक्रामक पारियों के दम पर सनराइजर्स ने 160 से अधिक के लक्ष्य का सबसे तेजी से पीछा करते हुए लखनऊ सुपर जाइंट्स को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में बुधवार को दस विकेट से हरा दिया। जीत के लिये 166 रन का लक्ष्य सनराइजर्स ने 9.4 ओवर में बिना कोई विकेट गंवाये हासिल कर लिया । हेड 30 गेंद में 89 रन बनाकर नाबाद रहे जिसमें आठ चौके और आठ छक्के शामिल थे। वहीं शर्मा ने 28 गेंद में नाबाद 75 रन बनाये। उन्होंने आठ चौके और छह छक्के जड़े। इस जीत से सनराइजर्स 12 मैचों में 14 अंक लेकर तीसरे स्थान पर पहुंच गया है । वहीं लखनऊ 12 मैचों में 12 अंक लेकर छठे स्थान पर है । इसके साथ ही पांच बार की चैम्पियन मुंबई इंडियंस 12 मैचों में आठ अंक लेकर प्लेआफ की दौड़ से बाहर हो गई है। हेड और शर्मा ने पावरप्ले में 107 रन बनाये। उन्होंने लखनऊ के एक भी गेंदबाज को नहीं बख्शा और कृष्णप्पा गौतम जैसे स्पिनर से गेंदबाजी की शुरूआत कराने का लखनऊ का दाव भी उल्टा पड़ा। इससे पहले आयुष बडोनी और निकोलस पूरन के बीच पांचवें विकेट के लिये 99 रन की अटूट साझेदारी के दम पर लखनऊ सुपर जाइंट्स ने चार विकेट पर 165 रन बनाये। पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ की शुरूआत खराब रही और 11.2 ओवर में चार विकेट 66 रन पर गंवा दिये थे। इसके बाद बडोनी ने 30 गेंद में 55 और पूरन ने 25 गेंद में 48 रन बनाये । दोनों ने पांचवें विकेट के लिये 55 गेंद में 99 रन जोड़े। पावरप्ले के बाद लखनऊ का स्कोर दो विकेट पर 27 रन था।चोटिल मोहसिन खान की जगह खेल रहे क्विंटोन डिकॉक कोई कमाल नहीं कर सके और भुवनेश्वर कुमार की गेंद पर डीप बैकवर्ड स्क्वेयर लेग में नीतिश कुमार रेड्डी को कैच दे बैठे। भुवनेश्वर ने पांचवें ओवर में फिर विकेट चटकाया और मार्कस स्टोइनिस को पवेलियन भेजा। वैसे इस विकेट का श्रेय युवा सनवीर सिंह को जाता है जिन्होंने मिडआन पर शानदार कैच लपका। पिच से लखनऊ को कोई मदद नहीं मिली और बल्लेबाजों के लिये स्ट्रोक्स लगाना मुश्किल हो गया था। कप्तान केएल राहुल (29) और कृणाल पंड्या (29) बड़ी पारियां नहीं खेल सके । कृणाल ने जयदेव उनादकट को स्ट्रेट छक्का लगाया और आठवें ओवर में ही एक और छक्का जड़कर 15 रन निकाले।

### स्कोर बोर्ड

**लखनऊ सुपर जाइंट्स पारी :**

| | |
|---|---|
| राहुल का. नटराजन बो. कमिंस | 29 |
| डिकॉक का. रेड्डी बो. भुवनेश्वर | 02 |
| स्टोइनिस का. सनवीर बो. भुवनेश्वर | 03 |
| कृणाल पंड्या रन आउट | 24 |
| निकोलस पूरन नाबाद | 48 |
| आयुष बडोनी नाबाद | 55 |
| **अतिरिक्त :** | 04 |
| **कुल योग :** 20 ओवर में | 4/165 |

**विकेट पतन :** 1/13, 2/21, 3/57, 4/66

**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 4-0-12-2, कमिंस 4-0-47-1, अहमद 2-0-9-0, विजयकांत 4-0-27-0, उनादकट 2-0-19-0, नटराजन 4-0-50-0.

**सनराइजर्स हैदराबाद पारी :**

| | |
|---|---|
| अभिषेक शर्मा नाबाद | 75 |
| ट्रेविस हेड नाबाद | 89 |
| **अतिरिक्त :** | 03 |

**कुल योग :** 9.4 ओवर में बिना विकेट खोये 167

**गेंदबाजी :** गौतम 2-0-29-0, ठाकुर 2.4-0-47-0, बिश्नोई 2-0-34- 0 नवीनुल हक 2-0-37-0, बडोनी 1-0-19-0.

# रेड लाइन क्रास कर रहे खालिस्तानी

## कनाडा में भारत के उच्चायुक्त ने कहा- भारत का भविष्य विदेशी नहीं, खुद भारतीय तय करेंगे



**ओटावा, (एजेंसी):** भारत-कनाडा संबंधों में राजनयिक तनाव के बीच यहां भारत के उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा ने कहा कि भारत की क्षेत्रीय अखंडता पर बुरी नजर डालना लक्ष्मण रेखा पार करने जैसा है। भारत का भविष्य अब विदेशी नहीं, बल्कि भारतीय खुद तय करेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि कनाडा में सिख अलगाववादी समूह 'खतरे की बड़ी रेखा' को पार कर रहे हैं, जिसे नई दिल्ली राष्ट्रीय सुरक्षा तथा देश की क्षेत्रीय अखंडता के मुद्दे के रूप में देखती है। वर्मा ने प्रसिद्ध थिंकटैंक 'मांट्रियल काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशन्स' के एक कार्यक्रम में भारत-कनाडा के रिश्तों से जुड़े सवालों के जवाब दिए। उन्होंने कहा कि कनाडा की धरती पर ऐसे तत्व उभर रहे हैं, जो भारत के लिए खतरा हैं। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि द्विपक्षीय संबंधों में जब हम एक-दूसरे को दोस्त कहते हैं तो हम उम्मीद करते हैं कि एक-दूसरे के दृष्टिकोण, संस्कृति और चिंताओं को समझेंगे। लेकिन कुछ ऐसे मुद्दे है, जिस पर सालों से कोई नतीजा नहीं निकल पाया है। उन्होंने कहा कि हालिया 'नकारात्मक' घटनाक्रम के पीछे की गहरी समस्याएं 'दशकों पुराने मुद्दों' के बारे में कनाडा की गलतफहमी से जुड़ी हैं, जिन्हें फिर से उभरने के लिए वह भारतीय मूल के कनाडाई लोगों को दोषी मानते हैं। वर्मा ने कहा कि उनकी मुख्य चिंता 'कनाडा की भूमि से उत्पन्न होने वाले राष्ट्रीय-सुरक्षा संबंधी खतरों' को लेकर है। उन्होंने कहा कि भारत दोहरी नागरिकता को मान्यता नहीं देता, इसलिए जो कोई भी प्रवासी होता है उसे विदेशी माना जाता है।

उन्होंने कहा, 'अगर मैं इसे ऐसे कह सकूं कि विदेशियों की भारत की क्षेत्रीय अखंडता पर बुरी नजर है - यह हमारे लिए एक बड़ी खतरे की रेखा है।'

### भारत पर लगे आरोपों पर कायम : कनाडा

कनाडा ने एक बार फिर से खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में भारत पर लगाए गए आरोपों को दोहराया है। कनाडा की विदेश मंत्री मेलेनी जोली ने कहा, हम अभी भी यही मानते हैं कि भारतीय एजेंट्स ने कनाडाई धरती पर हमारे नागरिक की हत्या करवाई। उन्होंने कहा कि निज्जर की हत्या की जांच रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस कर रही है। कनाडा की प्राथमिकता देश के नागरिकों की रक्षा करना है। भारत के साथ रिश्तों पर जोली ने कहा कि डिप्लोमैसी पर्दे के पीछे ज्यादा बेहतर होती है। कनाडा अपने नागरिकों की सुरक्षा, अपनी संप्रभुता को बनाए रखने और कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

# सैमसन पर मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना



**नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) :** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन पर यहां अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स से मिली 20 रन की हार के दौरान आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। सैमसन के अपराध की जानकारी नहीं दी गई है लेकिन यह दिल्ली के 222 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 86 रन की पारी के दौरान अंपायरों के साथ बहस करने के लिए हो सकता है। जब शाई होप ने 16वें ओवर में बाउंड्री पर उनका कैच लपका और उन्हें आउट दिया गया तो उन्होंने अंपायरों के साथ बहस की। सवाल यह था कि क्या कैच लेते समय होप का पैर सीमा रेखा को छू गया था।

### TATA IPL 2024 प्वाइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 11 | 8 | 3 | 16 |
| राजस्थान रॉयल्स | 11 | 8 | 3 | 16 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 |
| चेन्नई सुपर किंग्स | 11 | 6 | 5 | 12 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 12 | 6 | 6 | 12 |
| लखनऊ सुपरजायंट्स | 12 | 6 | 6 | 12 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 11 | 4 | 7 | 8 |
| पंजाब किंग्स | 11 | 4 | 7 | 8 |
| गुजरात टाइटंस | 11 | 4 | 7 | 8 |
| मुंबई इंडियंस | 12 | 4 | 8 | 8 |

# आरोपियों की पेशी, कोर्ट के बाहर लहराए खालिस्तानी झंडे

हरदीप सिंह निज्जर हत्या मामला...



वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए हुई तीनों आरोपियों की हुई पेशी

**ओटावा, (भाषा):** हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किए गए तीन भारतीय नागरिक पहली बार वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए कनाडा की एक अदालत में पेश हुए। एक अखबार ने बताया कि सुरे की खचाखच भरी प्रांतीय अदालत में वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए तीनों को अलग-अलग पेश किया गया। वे अपने वकीलों से सलाह-मशविरा करने के लिए वक्त दिए जाने की वजह से 21 मई तक मुकदमे की सुनवाई स्थगित करने पर सहमत हुए। दो आरोपियों को सुबह पेश किया गया जबकि कमलप्रीत सिंह को एक वकील से विचार-विमर्श करने का समय देने के लिए दोपहर के भोजन के बाद पेश किया गया। तीनों अंग्रेजी भाषा में मुकदमा चलाए जाने पर राजी हुए और तीनों ने माना कि उन्हें निज्जर की प्रथम-डिग्री हत्या और हत्या की साजिश रचने के आरोपों के बारे में पता है। सुनवाई के दौरान सैकड़ों खालिस्तानी समर्थक अदालत कक्ष में मौजूद थे। कक्ष में इतनी भीड़ थी कि सुनवाई देखने की इच्छा रखने वाले अतिरिक्त 50 लोगों के लिए अदालत कक्ष को खोलना पड़ा। अदालत कक्ष के बाहर 100 या इससे अधिक लोगों ने सिख अलगाववाद के समर्थन वाले और खालिस्तानी झंडे लहराए।

# रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की नजरें लगातार चौथी जीत पर



**धर्मशाला, (पंजाब केसरी) :** आत्मविश्वास से भरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की टीम गुरुवार को यहां जब पंजाब किंग्स से भिड़ेगी तो उसकी नजरें इंडियन प्रीमियर लीग में लगातार चौथी जीत दर्ज करने पर टिकी होंगी।

सत्र की बेहद खराब शुरुआत के बाद आरसीबी की टीम ने लगातार तीन जीत के साथ टूर्नामेंट में वापसी की है और शानदार लय में चल रही है। इन जीत से टीम का मनोबल तो बढ़ा ही है, साथ ही वह अंक तालिका में भी सातवें स्थान पर पहुंच गई है।आरसीबी के 11 मैच में आठ अंक हैं और अगर वह अपने बाकी बचे तीनों मैच जीत लेती है तो उसकी प्ले ऑफ में जगह बनाने की मामूली उम्मीद जीवंत रहेगी। पंजाब किंग्स की स्थिति भी ऐसी ही है। टीम 11 मैच में आठ अंक के साथ आठवें स्थान पर है। इन दोनों में से हालांकि एक ही टीम 14 अंक के आंकड़े को छू पाएगी। सत्र के पहले मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ जीत और पिछले तीन मुकाबले जीतने के बाद आरसीबी की टीम आत्मविश्वास से भरी है। दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली शीर्ष पर लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं जबकि कप्तान फाफ डुप्लेसी ने पिछले मैच में उम्दा पारी खेलकर फॉर्म में वापसी की।

# फेडरेशन कप में भाग लेंगे नीरज



**नई दिल्ली, (पंजाब केसरी)** ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने 12 से 15 मई तक भुवनेश्वर में होने वाले राष्ट्रीय फेडरेशन कप में भाग लेने की पुष्टि कर दी है और इस तरह से यह पिछले तीन साल में पहला अवसर होगा जबकि यह स्टार एथलीट घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेगा। इस 26 वर्षीय स्टार खिलाड़ी के 10 मई को प्रतिष्ठित डायमंड लीग सीरीज के दोहा में होने वाले पहले चरण में अपने सत्र की शुरुआत करने के बाद भारत आने की संभावना है। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने ट्वीट किया कि प्रविष्टियों के अनुसार नीरज चोपड़ा और किशोर कुमार जेना भुवनेश्वर में 12 मई से शुरू होने वाली घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। चोपड़ा के कोच क्लाउस बार्टोनिट्ज़ ने भी पीटीआई से पुष्टि की कि यह स्टार एथलीट भुवनेश्वर में होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेगा। हांगझोउ एशियाई खेलों में चोपड़ा के बाद दूसरे स्थान पर रहकर रजत पदक जीतने वाले 28 वर्षीय किशोर जेना भी 10 मई को दोहा डायमंड लीग में भाग लेंगे। चोपड़ा ने इससे पहले आखिरी बार घरेलू प्रतियोगिता में 17 मार्च 2021 को भाग लिया था और तब उन्होंने 87.80 मीटर भाला फेंककर स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद चोपड़ा ने तोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता था। वह 2022 में डायमंड लीग और 2023 में विश्व चैंपियन बने। उन्होंने चीन में एशियाई खेलों में अपने खिताब का भी बचाव किया था। चोपड़ा ने इस बीच डायमंड लीग के तीन व्यक्तिगत चरण भी जीते और 2022 में विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक हासिल किया। यह भारतीय खिलाड़ी हालांकि अभी तक 90 मीटर की दूरी को छूने में नाकाम रहा है। उनका सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन 89.94 मीटर है जो राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है।

# जिस जेल में इमरान, वहीं रहेंगी उनकी बेगम बुशरा



**इस्लामाबाद, (भाषा):** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी को बड़ी कानूनी जीत मिली है। देश के एक उच्च न्यायालय ने बुधवार को आदेश जारी कर कहा कि बुशरा को अदियाला जेल स्थानांतरित किया जाए, जहां इमरान खान सजा काट रहे हैं। दो मामलों में दोषी ठहराए जाने के बाद बुशरा बीबी को इस्लामाबाद के उपनगरीय इलाके में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक खान की हवेली बनिगाला में ही कैद कर दिया गया था, जबकि 71 वर्षीय खान को रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अडियाला जेल में रखा गया है। निजी आवास को ही उप-जेल घोषित किया गया था। बुशरा ने उन्हें बनिगाला में रखने के निर्णय के खिलाफ इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) में याचिका दायर की थी।

# इलियाना प्राइमरी चुनाव में जीते बाइडेन-ट्रंप



**वाशिंगटन, (भाषा):** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले इंडियाना राज्य में हुए प्राइमरी चुनाव में अपनी-अपनी पार्टी की ओर से जीत हासिल की है। अमेरिकी मीडिया में आई खबरों के अनुसार, मंगलवार को मिली इस जीत के साथ ही ट्रंप को 58 और 'डेलिगेट्स' (मतदाताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले पार्टी के सदस्य) के वोट मिले हैं। हालांकि वह पहले ही रिपलब्लिकन पार्टी के संभावित उम्मीदवार हैं।

ट्रंप (77) इंडियाना चुनाव में रिपलब्लिकन पार्टी की ओर से एकमात्र उम्मीदवार थे। वहीं, डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से संभावित उम्मीदवार बाइडन (81) ने इंडियाना में सभी 79 'डेलीगेट्स' के वोट हासिल किए हैं। अमेरिका में पांच नवंबर को चुनाव होने हैं।

# युद्ध के बीच इजराइल का बड़ा फैसला



- दाने दाने को तरस रहे फिलिस्तीनियों के लिए अहम केरेम शालोम क्रॉसिंग को फिर खोला

**यरुशलम, (एपी):** इजराइली सेना ने बुधवार को कहा कि उसने गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए अहम केरेम शालोम क्रॉसिंग को फिर से खोल दिया है। क्रॉसिंग के समीप हमास के एक रॉकेट हमले में चार इजराइली सैनिकों के मारे जाने के बाद इसे रविवार को बंद कर दिया गया था। इजराइल और हमास के बीच जंग की शुरुआत से ही केरेम शालोम क्रॉसिंग गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाने का अहम माध्यम रहा है। यह ऐसी जगह है जहां से लोग लोग गाजा में आ और जा सकते हैं। फिलहाल गाजा सीमा की सभी क्रॉसिंग पर इजराइल का कब्जा है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि चिकित्सीय इलाज के लिए जाने वाले कम से कम 46 मरीज और घायल फंसे हैं। केरेम शालोम क्रॉसिंग खुलने के बाद अब लोगों को राहत जरूर मिलेगी। इस बीच संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों और सहायता समूहों ने हाल के दिनों में मानवीय सहायता बढ़ा दी है। ऐसा इस वजह से संभव हुआ है क्योंकि इजराइल ने अपने निकटतम सहयोगी अमेरिका के दबाव में कुछ प्रतिबंध हटा दिए हैं और उत्तर में एक अतिरिक्त क्रॉसिंग खोल दी है।

संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि उत्तरी गाजा पहले ही 'पूरी तरह अकाल' की स्थिति में है।

# भारत ने यूएन के आतंकवाद रोधी कोष में दिए पांच लाख डॉलर



**संयुक्त राष्ट्र, (भाषा):** भारत ने संयुक्त राष्ट्र के आतंकवाद रोधी कोष में 5,00,000 डॉलर का योगदान दिया है, जो आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में बहुपक्षीय प्रयासों को समर्थन देने की उसकी अटूट प्रतिबद्धता को दिखाता है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि एवं राजदूत रुचिरा कम्बोज ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र के आतंकवाद रोधी कार्यालय के अवर महासचिव व्लादिमीर वोरोंकोव को 'यूएन काउंटर-टेररिज्म ट्रस्ट फंड' (सीटीटीएफ) में देश की ओर से पांच लाख डॉलर का स्वेच्छिक वित्तीय योगदान सौंपा। संयुक्त राष्ट्र में भारत की राजदूत कम्बोज ने एक बयान में कहा, 'भारत आतंकवाद के खतरे से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सदस्य देशों की क्षमता निर्माण में संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद-रोधी कार्यालय के निर्णय और कार्यों को बहुत महत्व देता है।

# बांग्लादेश का सूपड़ा साफ करने उतरेगी भारतीय महिला क्रिकेट टीम



**सिलहट, (पंजाब केसरी) :** भारतीय महिला क्रिकेट टीम गुरुवार को जब यहां पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बांग्लादेश का सामना करेगी तो उसका लक्ष्य मौसम से प्रभावित श्रृंखला में 5-0 से क्लीन स्वीप करना होगा। भारतीय गेंदबाजों ने अभी तक बल्लेबाजों की तुलना में अच्छा प्रदर्शन किया है हालांकि अभी तक जो चार मैच खेले गए हैं उनमें से दो मैचों में बारिश के कारण ओवरों की संख्या कम कर दी गई थी। दूसरे मैच में भारतीय टीम को 5.2 ओवर में केवल 29 रन का लक्ष्य हासिल करना था। इस तरह से बल्लेबाजों को अभी तक कम मौका मिला है। भारत की तरफ से अभी तक केवल एक अर्धशतक शेफाली वर्मा (51) ने पहले मैच में लगाया था। स्मृति मंधाना का उच्चतम स्कोर 47 जबकि कप्तान हरमनप्रीत कौर का 39 रन है। यह प्रदर्शन टीम के बल्लेबाजी प्रदर्शन को अच्छी तरह से प्रदर्शित नहीं करता है विशेषकर तब जबकि अक्टूबर में महिला टी20 विश्व कप की मेजबानी बांग्लादेश को करनी है। स्मृति और हरमनप्रीत गुरुवार को मौके का पूरा फायदा उठाकर बड़ा स्कोर बनाना चाहेंगे। हरमनप्रीत ने चौथे मैच में 26 गेंद पर 39 रन बनाए थे और वह उसी लय को बरकरार रखने की कोशिश करेंगी। खराब मौसम के कारण यह मैच 14 ओवर का कर दिया गया था तथा भारत ने इस मैच में डकवर्थ लुईस पद्धति से 56 रन से जीत दर्ज की थी। शेफाली के प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रही है हालांकि उन्होंने श्रृंखला में अभी तक भारत की तरफ से सर्वाधिक 84 रन बनाए हैं।




CMYK